विश्वकर्मा फर्नीचर
मो. 98261-32636,90987-54366,98274-96911



# तरुण छत्तीसगढ़

सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com
कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026
वर्ष 35 अंक 275 | कोरबा, शुक्रवार, दिनांक 05 जुलाई 2024 डाक 06 जुलाई 2024 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए

**विविधा**
उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी का अयोध्या राम जन्मभूमि मंदिर से लौटने के बाद पटना में समर्थकों द्वारा स्वागत किया गया

**देश-विदेश**
चंपई सोरेन के लिए भावुक हुईं हेमंत की भाभी देवर को खूब सुनाया कहा- ये लोग कभी भी...

**फीचर पेज**
कब खानी चाहिए अंजीर जानिए इससे मिलने वाले फायदे


# कुएं में गिरी लकड़ी निकालने उतरा था शख्स, वापस नहीं आया इसके बाद बारी-बारी से 4 लोग और गए, वो भी नहीं लौटे

- कुएं में जहरीली गैस के रिसाव की आशंका
- पोस्टमार्टम से मौत का कारण होगा साफ
- मौके पर पहुंचे पुलिस अधिकारी, जांच जारी

**जांजगीर-चांपा, 05 जुलाई [एजेंसी]।**

कुएं में जहरीली गैस रिसाव की आशंका, एक के बाद एक पांच की मौत लकड़ी गिर जाने से उसे निकालने एक व्यक्ति कुएं में उतरा और वह वापस नहीं आया तो उसे निकालने के लिए बारी-बारी से चार लोग और उतरे और सभी की मौत हो गई। घटना बिर्रा थाना के ग्राम किकिरदा की है। बताया जा रहा है कि लंबे समय से कुंए का उपयोग नहीं हो रहा था और उसे ढंक दिया गया था। जहरीली गैस रिसाव के कारण यह घटना हुई है। मौके पर ग्रामीणों की भीड़ लगी है। पुलिस भी पहुंची है। पूरे मामले को संज्ञान में लेते हुए आसपास लोगों



से और भी जानकारी जुटा जा रही है कैसे इतनी बड़ी घटना घट गई और ग्राम किकिरदा की इस घटना से पूरे गांव सकते में है। आज सुबह एक लकड़ी कुएं में गिर गया उसे निकालने रामचरण जायसवाल कुएं में उतरा और वह जहरीली गैस से उसका दम घुटने लगा फिर वह डूब गया। उसे बचाने पड़ोसी रमेश पटेल नीचे उतरा और उसका दम घुटने लगा तो उसके बेटे राजेंद्र और जितेंद्र पटेल कुएं में उतरे उनका भी दम घुट गया और वे डूब गए फिर एक अन्य पड़ोसी टिकेश चंद्रा कुएं में उतरा और उसकी भी मौत हो गई। जहरीली गैस रिसाव के कारण यह घटना हुई है। मौके पर ग्रामीणों की भीड़ लगी है। पुलिस भी पहुंची है। शवों को निकालने के लिए एसडीआरएफ की टीम बुलाई गई है। इस घटना में तीन परिवार के पांच लोगों की मौत हुई है। इस घटना से गांव में मातम पसरा है।

### सीएम विष्णुदेव साय ने जताया दुःख



*सीएम विष्णुदेव साय ने × पर लिखा, जांजगीर के ग्राम किकिरदा में कुएं में हुए हादसे से 5 ग्रामीणों की मौत की खबर अत्यंत ही दुःखद है। ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शांति और शोक संतप्त परिजनों को इस असीम दुःख को सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना करता हूं।*

# राहुल गांधी ने अलीगढ़ और हाथरस में जाना घायलों का हाल

## बोले- प्रशासन की गलती से मची भगदड



**हाथरस, 05 जुलाई [एजेंसी]।**

हाथरस कांड में यूपी पुलिस की जांच जारी है। इस बीच, कांग्रेस नेता राहुल गांधी शुक्रवार सुबह पहले अलीगढ़ और फिर हाथरस पहुंचे। दोनों जगह हाथरस हादसे के घायलों से मिले। कुछ पीड़ि परिवारों से भी मिले। हाथरस से रवाना होने से पहले राहुल गांधी ने कहा कि प्रशासन की नाकामी से भगदड़ मची और लोगों को जान गंवाना पड़ी। इस बीच, यूपी पुलिस का एक्शन जारी है। पुलिस ने छह सेवादारों को गिरफ्तार किया। इसमें दो महिलाएं शामिल हैं। 20 से अधिक लोगों को हिरासत में लिया गया है। मुख्य आयोजक देव प्रकाश मधुकर फरार है। पुलिस ने उस पर 1 लाख रुपए का इनाम घोषित किया है। वह मनरेगा तकनीकी सहायक है।इसके सात ही, भीड़ रोकने, धकेलने और साक्ष्य छुपाने का प्रयास करने वाले सेवादारों को चिह्नित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर गठित एसआईटी ने अब तक 70 लोगों के बयान दर्ज किए हैं।

गौरतलब है कि फुलरई गांव में गत मंगलवार को करीब डेढ़ सौ बीघा जमीन में सत्संग का आयोजन किया गया था। सत्संग के बाद बाबा का काफिला जाने को हुआ तो उसके दर्शन करने व चरण रज लेने को भीड़ उमड़ पड़ी। इस दौरान मची भगदड़ में 121 लोगों की मौत हो गई।

## पहले महाकाल के दर्शन किए फिर शिप्रा में लगा दी छलांग

**उज्जैन।** बार-बार साक्षात्कार देने के बावजूद चयन न होने पर परेशान एक युवती ने भगवान महाकाल के दर्शन करने के बाद शिप्रा नदी में डूबकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। युवती को मौके पर उपस्थित गार्ड ने बचा लिया। युवती दिल्ली से साक्षात्कार के उज्जैन आई थी। पुलिस के अनुसार युवती दिल्ली निवासी है। वह किसी नौकरी के लिए साक्षात्कार देने उज्जैन आई थी। इसके पहले भी वह कई बार नौकरी के लिए साक्षात्कार दे चुकी है, लेकिन कहीं भी उसका चयन नहीं हुआ। उज्जैन में भी इंटरव्यू के बाद नौकरी के लिए युवती का चयन नहीं होने पर उसने आत्महत्या का प्रयास किया।

# ओलंपिक खेलने जा रहे एथलीटों से पीएम मोदी ने की बात

## नीरज चोपड़ा-पीवी सिंधू जैसे स्टार खिलाड़ियों से जाना तैयारियों का अनुभव



- पीएम मोदी ने पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर चुके भारतीय एथलीटों से की बात
- नीरज चोपड़ा से चूरमा की मांग की
- पीवी सिंधू और मनु भाकर से उनकी तैयारियों का अनुभव लिया

**नईदिल्ली, 05 जुलाई [एजेंसी]।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जुलाई महीने के अंतिम सप्ताह में शुरू हो पेरिस ओलंपिक 2024 में शामिल होने वाले भारतीय खिलाड़ी से बात की की। साथ ही पीएम मोदी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन की उम्मीद जताते हुए भारतीय दल को शुभकामनाएं दीं। पीएम ने देशवासियों से खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाने का भी आग्रह किया। पीएम मोदी के एक्स अकाउंट से एक वीडियो भी शेयर किया गया। पीएम मोदी ने इस दौरान सभी खिलाड़ियों से उनके अनुभव जाने। इस दौरान कई खिलाड़ी ऑनलाइन भी जुड़े, इनमें नीरज चोपड़ा, पीवी सिंधू, प्रियंका गोस्वामी, मनु भाकर जैसे स्टार खिलाड़ी शामिल रहे। पीएम मोदी ने खिलाड़ियों से उनकी तैयारियों का अनुभव जाना। पीएम मोदी वीडियो कॉल के दौरान नीरज चोपड़ा से एक खास चीज की मांग की। पीएम मोदी ने नीरज चोपड़ा से कहा, तेरा चूरमा अभी तक आया नहीं।

इस पर नीरज चोपड़ा जवाब दिया कि चूरमा लेकर आएंगे। पिछ्ली बार चीनी वाला चूरमा था हरियाणा वाला... देसी घी और गुड़ का। इस पर मोदी ने कहा, मुझे तेरी मां के हाथ का चूरमा खाना है। पीएम मोदी ने खिलाड़ियों से कहा, अगले महीने इस समय तक पेरिस ओलंपिक शुरू हो चुके होंगे। मुझे विश्वास है कि आप सब भी ओलंपिक खेलों में भारतीय खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाने का इंतजार कर रहे होंगे। मैं भारतीय दल को ओलंपिक खेलों की बहुत-बहुत शुभकामनाएं देता हूं। टोक्यो ओलंपिक में खिलाड़ियों के प्रदर्शन ने हर भारतीय का दिल जीत लिया था।

## व्यापारी के गोदाम में एसडीएम ने मारी रेड सरकारी चना और गुड़ का मिला भंडार



**बीजापुर।** जिला प्रशासन ने अवैध पीडीएस चना और गुड़ के मामले में बड़ी कार्रवाई की है। शिकायत मिलने पर कलेक्टर अनुराग पाण्डेय के नेतृत्व में जिला प्रशासन की टीम ने व्यापारी के ठिकाने पर दबिश देकर मौके पर जांच की।इस दौरान डेढ़ सौ से अधिक बोरी पीडीएस चना और गुड़ जब्त किया गया। बीजापुर एसडीएम जागेश्वर कौशल ने इस कार्रवाई की जानकारी दी। एसडीएम जागेश्वर कौशल ने बताया कि सूचना के आधार पर हमारी टीम गई हुई थी। इस दौरान मौके से व्यापारी हरिश्चन्द्र जायसवाल के यहां अवैध पीडीएस की चना लगभग 111 बोरी और 50 से ज्यादा बोरी गुड़ को जब्त किया गया है। इस कार्रवाई में खाद्य विभाग और पुलिस की टीम थी। यह कार्रवाई खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत की गई है।

## बच्चों को बांट दिए एक्सपायर बिस्किट, जांच के निर्देश

**सूरजपुर, 05 जुलाई [एजेंसी]।**



स्कूली शिक्षा को मजबूत करने के इरादे से पूर्ववर्ती भूपेश सरकार के कार्यकाल में शुरू की गई आत्मानंद स्कूलों में लगातार लापरवाही देखने को मिल रही है। लापरवाही की एक और खबर सूरजपुर जिले से सामने आई है, जहां बच्चों को एक्सपायरी बिस्किट दिया गया है। मामला सामने आने के बाद पूरे महकमे में हड़कंप मचा हुआ है। वहीं, शिक्षा विभाग ने जांच के आदेश दिए हैं। मिली जानकारी के अनुसार मामला डांडकरवा आत्मानंद स्कूल का है, जहां बच्चों को खाने के लिए एक्सपायरी डेट का बिस्किट दिया गया है। मामले में संज्ञान लेते हुए शिक्षा विभाग ने जांच के आदेश दिए हैं। आत्मानंद स्कूल में लापरवाही का ये पहला मामला नहीं है, ऐसे कई मामले सामने आ चुके हैं।

दूसरी ओर आत्मानंद हिन्दी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय जांजगीर में 9 वीं और 11वीं अनुत्तीर्ण विद्यार्थियों ने प्राचार्य पर जबरिया टीसी देकर भगाने का आरोप लगाया है और इसकी शिकायत उनके द्वारा कलेक्टर और डीईओ से की गई है। वहीं टीसी दिए जाने पर कई बच्चे दूसरे स्कूलों का चक्कर लगा रहे हैं। स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय मुनुंद रोड जांजगीर में यहां के प्राचार्य की मनमानी से 9 वीं और 11 वीं में अनुत्तीर्ण विद्यार्थी परेशान हैं। वे इसी स्कूल में दोबारा पढ़ना चाहते हैं मगर प्राचार्य द्वारा उन्हें जबरिया टीसी दे दी गई है।

# कांग्रेस नेता सुधाकरन की बढ़ीं मुश्किलें

## घर से काले जादू से जुड़ी वस्तुएं मिलने का वीडियो वायरल



**तिरूवनंतपुरम, 05 जुलाई [एजेंसी]।**

केरल प्रदेश कांग्रेस कमेटी (केपीसीसी)के अध्यक्ष और कन्नूर से सांसद के. सुधाकरन के आवास पर काले जादू से जुड़ीं वस्तुएं मिलने का एक कथित वीडियो गुरुवार को सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वीडियो में कुछ लोग कन्नूर स्थित सुधाकरन के आवास पर कथित रूप से काले जादू से संबंधित दफन वस्तुओं को निकालते हुए दिखाई दे रहे हैं। हालांकि, इस वीडियो पर केपीसीसी अध्यक्ष की सफाई भी आई है। उन्होंने कहा कि यह पुराना वीडियो है और वह इस तरह की धमकियों से नहीं डरते हैं। केपीसीसी के अध्यक्ष सुधाकरन से जब यह पूछा गया कि दफन वस्तुओं को निकालते वक्त क्या वह मौके पर मौजूद थे तो उन्होंने कहा, 'आप उन्नीथन से पूरी जानकारी ले सकते हैं। ऐसी धमकियों से मुझपर कोई फर्क नहीं पड़ेगा।

## टीम इंडिया के विजय जुलूस के दौरान कई फैंस की तबीयत बिगड़ी, किसी को लगी चोट तो कोई बेहोश होकर गिरा



**मुंबई।** टी20 विश्व कप 2024 जीतने के बाद टीम इंडिया वापस देश लौट आई है। हर कोई उनका स्वागत करने को बेताब था। ऐसे में सभी भारतीय खिलाड़ियों और कोचिंग स्टाफ के स्वागत के लिए मुंबई के मरीन ड्राइव पर विक्ट्री परेड का आयोजन हुआ। इस दौरान लाखों की संख्या में क्रिकेट फैंस का हुजूम उमड़ा। खिलाड़ियों ने खुली बस में इस सफर का जमकर आनंद लिया। हालांकि, यह विक्ट्री परेड कुछ फैंस के लिए मुसीबत भी बन गई। भीड़ के कारण कुछ क्रिकेट फैंस घायल हो गए तो कुछ को सांस लेने में दिक्कत आई।

## हाईकोर्ट नेसीबीआई को दिया नोटिस अगली सुनवाई के लिए तय हुई ये तारीख



**नई दिल्ली।** आबकारी घोटाला से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में शुक्रवार को हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। अदालत ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद जमानत याचिका पर सीबीआई को नोटिस जारी किया। मामले पर अगली सुनवाई 17 जुलाई को होगी। बताया गया कि इसी तारीख पर सीबीआई द्वारा गिरफ्तारी और इसके बाद जारी रिमांड आदेश को चुनौती देने वाली केजरीवाल की याचिका पर सुनवाई होगी। केजरीवाल की तरफ से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि यह ऐसा मामला नहीं है, जहां यहां ट्रिपल टेस्ट का दूर-दूर तक आरोप लगाया गया हो। इस मामले में चार लोगों को जमानत मिल चुकी है।

# ब्रिटेन में बनेगी लेबर पार्टी की सरकार, स्टार्मर होंगे पीएम

**लंदन, 05 जुलाई [एजेंसी]।**



ब्रिटेन के आम चुनाव में लेबर पार्टी ने शानदार जीत हासिल की है. ब्रिटेन को 14 साल के कजर्वेटिव शासन के बाद पहली लेबर सरकार मिलने जा रही है। लेबर पार्टी के चीफ कीर स्टार्मर यूके के अगले पीएम होंगे। प्रधानमंत्री का पद संभालने के बाद कीर स्टारमर का पहला महीना विदेश दौरों के नाम रहेगा। इस दौरान वह अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन और अन्य यूरोपीय नेताओं के साथ कई बैठकें करेंगे।

वहीं भारतीय मूल की सुएला ब्रेवरमैन ने अपनी जीत के बाद कहा कि देशभर के परिणामों को बताते हुए मैं इतना ही कह सकती हूं कि मैं माफी मांगती हूं, मुझे खेद है। ब्रिटेन के महान लोगों ने 14 वर्षों तक हमारा साथ दिया, लेकिन हमने अपने वादे पूरे नहीं किए। हमने ऐसे व्यवहार किया, जैसे आपके वोटों पर हमारा अधिकार है। मुझे खेद है कि मेरी पार्टी ने आपकी बात नहीं सुनी।

ब्रिटेन आम चुनाव के नतीजों में अभी तक लेबर पार्टी ने 406 सीटों पर जीत दर्ज की है। वहीं कंजर्वेटिव पार्टी 112 सीटों पर जीती है। लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी को 67 सीटें मिली हैं। लेबर पार्टी से निष्कासित होने के बावजूद जेरेमी कोर्बिन ने बतौर निर्दलीय उम्मीदवार इस्लिंगटन नॉर्थ सीट से जीत हासिल की है।

कॉर्बिन ने इस्लिंगटन निर्वाचन क्षेत्र में 24,120 वोटों के साथ जीत हासिल की। उन्होंने लेबर पार्टी के भारतीय मूल के उम्मीदवार प्रफुल नरगुंड से 7,247 वोट अधिक वोटों से हराया। 75 वर्षीय पूर्व लेबर नेता 10 बार सीट जीती जनप्रतिनिधि रह चुके हैं लेकिन इस चुनाव में, वह एक स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में खड़े हुए, क्योंकि 2020 में लेबर पार्टी से निकाल दिया गया था। ब्रिटिश भारतीय और कंजर्वेटिव पार्टी की उम्मीदवार शिवानी राजा भी जीत हासिल करने में सफल रही हैं, उन्होंने लेबर पार्टी के उम्मीदवार और लंदन के पूर्व डिप्टी मेयर राजेश अग्रवाल को लीसेस्टर ईस्ट निर्वाचन क्षेत्र में हराया।

**स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक**
चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार
डॉ.आर.के.अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
Mob.9424170010
-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30 (शाम को बंद )
डॉ.शशि अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894
सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा

# छत्तीसगढ़ में टूट रही नक्सलियों की कमर, अबूझमाड़ में हथियार फैक्ट्री ध्वस्त, 5 इनामी नक्सली भी ढेर

**जगलदपुर, 05 जुलाई [एजेंसी]।**



अबूझमाड़ के कोड़तामेटा क्षेत्र के घमंडी व हिकुलनार के जंगल में सुरक्षा बल ने 72 घंटे अभियान चलाकर वहां नक्सलियों के हथियार बनाने के अस्थायी डेरे को ध्वस्त कर दिया है। बताया जा रहा है कि इस डेरे में नक्सलियों के शीर्ष स्तर के केंद्रीय समिति के नेता सोनू उर्फ भूपति, कोसा व माड़ डिविजन की प्रभारी दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी सदस्य माड़ डिवीजन की सचिव रनिता उर्फ जयमति सहित 70 से 80 नक्सली उपस्थित थे, पर सुरक्षा बल के आने की भनक लगने के बाद वे वहां से भाग खड़े हुए। पीछे रह गए टीम के साथ सुरक्षा बल की मुठभेड़ हुई है। पुलिस के अनुसार नक्सल डेरे से मिले लेत मशीन, बीजीएल( बैरल ग्रेनेड लांचर) के खाली खोखे, होंडा कंपनी का जनरेटर, स्प्रिंग, खाली पाइप सेल व अन्य मशीनों से इस बात की पुष्टि हुई है कि इस डेरे का उपयोग नक्सली देशी हथियार बनाने के लिए करते थे। मुठभेड़ में सुरक्षा बल ने पांच नक्सलियों को मार गिराया था, जिनकी पहचान केंद्रीय समिति सदस्य के सुरक्षा सदस्य के रुप में हुई है। मारे गए सभी नक्सली पीपुल्स लिब्रेशन गुरिल्ला आर्मी कंपनी नंबर एक के सदस्य थे। तीन घायल नक्सली को भी सुरक्षा बल ने घटनास्थल से पकड़ा है। घटनास्थल के अलग-अलग स्थानों से एक 303 रायफल, दो 315 बोर रायफल, दो मजल लोडिंग रायफल, एक बीजीएल लांचर, छह बीजीएल सेल व भारी मात्रा में विस्फोटक पदार्थ सहित अन्य नक्सली दैनिक उपयोगी सामान मिले हैं। घटनास्थल में खून के धब्बे दिखाई दिये हैं, जिससे प्रतीत होता है कि मुठभेड़ में बड़ी संख्या में अन्य नक्सली घायल अथवा मारे गए हैं। वर्ष 2024 में अब तक बस्तर संभाग के अंतर्गत हुए विभिन्न मुठभेड़ में कुल 136 नक्सलियों के शव मिले हैं।

इसमें सर्वाधिक जिला बीजापुर- 51, कांकेर-34 व नारायणपुर- 31 नक्सलियों को मुठभेड़ में मार गिराया गया है। जगदलपुर नगर निगम में गरमाई राजनीति, नेता प्रतिपक्ष कक्ष आवंटन को लेकर नाराज, धरने पर बैठेजगदलपुर नगर निगम में गरमाई राजनीति, नेता प्रतिपक्ष कक्ष आवंटन को लेकर नाराज, धरने पर बैठे पुलिस के अनुसार मारे गए सभी नक्सली पीएलजीए कंपनी नंबर एक व केंद्रीय समिति सदस्य के सुरक्षा टीम में थे। सभी नक्सली आठ-आठ लाख रुपये सहित कुल 40 लाख रुपये के ईनामी थे। मारे गए नक्सलियों की पहचान राकेश उम्र 35 वर्ष, कोंडा तोगड़ा उम्र करीबन 30-35 वर्ष, एडमा वड्डे उम्र 40 वर्ष, कमलू वड्डे उम्र 40 वर्ष, फरसा तुमड़ा उम्र 30 वर्ष के रुप में हुई है।

# महतारी वंदन योजना से महिलाएं बन रहीं आत्मनिर्भर एवं आर्थिक रूप से सशक्त



कोरबा । महिलाओं को वित्तीय रूप से सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से जनहितैषी छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा महतारी वंदन योजना की शुरुआत की गई है। इस योजना के माध्यम से प्रदेश की महिलाओं को 1000 रुपए की आर्थिक मदद हर महीने सीधे डीबीटी के माध्यम से उनके बैंक खाते में प्राप्त होती है। जिससे महिलाएं स्वावलंबन की राह पर आगे बढ़ सकें एवं अपनी सेहत एवं आर्थिक स्थिति में सुधार कर पाएं।

पूरे राज्य की तरह जिले में भी इस योजना का सकारात्मक परिणाम देखने को मिल रहा है। कोरबा विकासखण्ड के कोरकोमा की रहने वाली श्रीमती गीता नायक ने योजना की प्रषंसा करते हुए कहा कि महिला सशक्तिकरण की दिशा में यह एक सार्थक प्रयास है। योजना से मिलने वाली राशि जरूरतमंद महिलाओं के लिए मुश्किल वक्त का सहारा बनी है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा संचालित महतारी वंदन योजना से प्रतिमाह खाते मे 1000 रुपए मिलने से महिलाओं को अपनी छोटी-बड़ी जरूरतों को पूरा करने में आसानी होती है। हितग्राही श्रीमती नायक ने कहा कि उनके पति श्री नीलांबर नायक खेती का कार्य करते है। विगत 5 माह से उन्हें योजना के तहत राशि प्राप्त हो रही है। जिसका उपयोग वे अपने एवं अपने परिवार की जरूरतों को पूरा करने, बच्चों के अध्यापन कार्य तथा उनके लिए पौष्टिक भोजन के व्यवस्था करने में करती है। साथ ही राशनकार्ड से उन्हें निर्धारित दर पर खाद्यान्न भी प्राप्त होता है।

उन्होंने कहा कि हर माह खाते में राशि जमा होने से महिलाओं के आत्मविश्वास में बढ़ोत्तरी हो रही है। साथ ही उन्हें एक प्रकार की वित्तीय सुरक्षा महसूस होती है। जिससे वे निर्भिक होकर प्रसन्नचित हृदय से अपने नैतिक व पारिवारिक जिम्मेदारियों का निर्वहन कर पाती है। उन्होंने महतारी वंदन योजना को महिलाओं के लिए उपयोगी एवं लाभप्रद बताते हुए मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाले छत्तीसगढ़ सरकार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उन्हें धन्यवाद ज्ञापित किया है।

## शिवनाथ एक्सप्रेस ट्रैन का बीच रास्ते टूटा कपलिंग

कोरबा । कोरबा-इतवारी शिवनाथ एक्सप्रेस का परिचालन लगभग 45 मिनट तक थमा रहा।इंजन और कोच के बीच जोडने़ वाली कड़ी कपलिंग के टूट जाने से व्यवधान उत्पन्न हुआ और लगभग 45 मिनट तक यात्रीगण परेशान हुये।जानकारी के अनुसार गुरूवार को शाम 6:20 बजे अपने निर्धारित समय पर शिवनाथ एक्सप्रेस कोरबा स्टेशन से रवाना हुई और शाम 7 बजे सरगबुंदिया स्टेशन पहुंची। सरगबुंदिया से रवाना होते ही कुछ दूर आगे जाने पर कपलिंग टूट गया। इसकी जानकारी होते ही ट्रेन को रोक कर सुधार कार्य किया गया। 45 मिनट सुधार कार्य के बाद लगभग 7:45 बजे एक्सप्रेस को गंतव्य के लिए सरगबुंदिया स्टेशन से रवाना किया जा सका।

# आदिम जाति मंत्री नेताम ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत किया पौधरोपण



कोरबा । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन भी बात कार्यक्रम में देशवासियों से एक पेड़ मां के नाम लगाने के आह्वान के तहत छत्तीसगढ़ शासन के आदिम जाति व अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास, कृषि विकास एवं किसान कल्याण विभाग मंत्री श्री रामविचार नेताम ने विगत दिवस कोरबा जिले के विकासखण्ड पाली के फारेस्ट रेस्ट हाऊस में अपने लघु प्रवास के दौरान एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने सभी जनप्रतिनिधि, अधिकारी व कर्मचारियों को पर्यावरण संरक्षण से जोडने के लिए एक पेड़ मां के नाम लगाने की अपील की। साथ ही सभी स्कूलों छात्रावास, आश्रमों, अस्पतालों एवं आंगनबाड़ियों में भी अभियान चलाकर वृहद स्तर पर पौधरोपण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

इस दौरान मंत्री श्री नेताम ने जिले में आदिम जाति विकास विभाग अंतर्गत विभागीय योजनाजों के प्रभावी क्रियान्वयन की जानकारी लेते हुए पात्र व्यक्तियों को योजनाओं का प्राथमिकता से लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए। साथ ही अधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों से पाली विकासखण्ड के यथासंभव विकास के संबंध में भी चर्चा हुई। इस अवसर पर सहायक आयुक्त आदिम जाति विकास विभाग श्री श्रीकांत कसेर, जनपद सीईओ पाली श्री भूपेन्द्र सोनवानी सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारियों ने भी एक पेड़ मां के नाम पर पौधरोपण कर जिलेवासियों से पर्यावरण संरक्षण में अपनी जिम्मेदारी निभाने का आग्रह किया।

# राष्ट्रीय व राजकीय राजमार्गों में मवेशियों के जमावड़े को रोकने हेतु ग्रामीणों को दी जा रही समझाइश

कोरबा । कलेक्टर अजीत वसंत के निर्देशन में जिले के राष्ट्रीय एवं राजकीय राजमार्ग में मवेशियों के बेतरतीब जमावड़े को रोकने हेतु ग्रामीणों की बैठक लेकर प्रभावी उपाय अपनाने का आग्रह किया जा रहा है। इस संबंध में आज उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं डॉ. एस. पी. सिंह द्वारा पाली विकासखण्ड के ग्राम पंचायत कपोट, चौतमा, घुईचुंआ व डुमरकछार में ग्राम सभा आयोजित कर स्थानीय जनप्रतिनिधियों, सरपंच सहित ग्रामीणों की बैठक लेकर मवेशियों के राजमार्गों में जमावड़े को रोकने की दिशा में सकारात्मक प्रयास करने का अनुरोध किया गया।



## अंडर-23 खिलाड़ियों का चयन कल दर्री में

कोरबा । छत्तीसगढ़ राज्य क्रिकेट संघ के निर्देशानुसार प्रदेश के विभिन्न जिलों में अंडर 23 के खिलाड़ियों का चयन किया जाना है। जिस परिपेक्ष्य में कोरबा डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा अंडर 23 पुरुष वर्ग खिलाड़ियों का चयन लाल मैदान एचटीपीपी दर्री में 06 जुलाई दिन शनिवार को सुबह 8ः00 बजे से आयोजित किया जाएगा। सभी खिलाड़ियों को अपना नवीन पंजीयन कराना अनिवार्य है। जिसके लिए पात्र खिलाड़ियों की जन्म 01/09/2001 से 31/08/2005 के मध्य होना आवश्यक अनिवार्य है।

# कोयला मंत्री रेड्डी से मिले ननकीराम,कई मामलों में जांच की मांग

कोरबा। छत्तीसगढ़ व अविभाजित मध्यप्रदेश के सबसे वरिष्ठ आदिवासी भाजपा नेता व पूर्व मंत्री ननकी राम कंवर ने रेलवे विभाग के द्वारा किए गए सरगबुंदिया रेलवे साइडिंग में कोयला चोरी की गलत जांच पर प्रश्न चिन्ह लगा दिया है। श्री कंवर ने रेलवे विभाग के द्वारा की गई जांच को गलत ठहराया है।कोयला विभाग के केंद्रीय मंत्री जी. किशन रेड्डी से मुलाकात कर सरगबुंदिया रेलवे साइडिंग में किए गए कोयला चोरी की जांच गलत ढंग से किया गया है।

रेलवे के द्वारा जारी पत्र में बताया गया है कि ट्रेन में कोयला एडजस्टमेंट करने के लिए सरगबुंदिया रेलवे साईडिंग में कोयला स्टाक कर कोयला समायोजन किया जाता था। जांच को गलत ठहराते हुए ननकी राम कंवर ने कहा कि लाखो मैट्रिक टन कोयला सरगबुंदिया रेलवे सइडिंग में कोयला खाली कर ट्रेलर गाड़ी के माध्यम से कोयला माफियाओं के द्वारा कोयला चोरी किया जाता था। मेरे द्वारा भी सरगबुंदिया रेलवे साइडिंग से करीब 30 गाड़ियों को कोयला चोरी कर ले जाते हुए पकड़ा गया था जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन को सूचना दी गयी थी। लेकिन कोई कार्यवाही नहीं की गई थी। तब मेरे द्वारा धरना भी दिया गया था, इस कोयला चोरी में कोल माफियाओं के साथ एसईसीएल, रेलवे विभाग के अधिकारी, तत्कालीन जिला प्रशासन कोरबा के अधिकारी के साथ-साथ कोयला चोरी में कोरबा के लोग भी संलिप्त थे।

ननकीराम कंवर ने जांच पर सवाल उठाते हुए कहा है कि जब सरगबुंदिया रेल्वे स्टेशन मे वे ब्रिज नहीं है और किसी प्रकार का वैध अनुमति प्रशासन से मिली नहीं है तो फिर वहां कोयला स्टॉक कैसे किया जाता था और कोयला का वजन कैसे किया जा सकता है। कितना कोयला घटा है व कितना कोयला बढ़ा है इसकी जानकारी कैसे पता चलता है। इसलिए कोयला एडजस्टमेंट और समायोजन करने का सवाल ही नहीं होता। पूरी कोयला चोरी किया गया है। यदि यह प्रक्रिया सही था तो जांच अधिकारी के द्वारा मेरे पत्र पर या का जाना कि मेरे पत्र को संज्ञान में आने पर कोयला रेल्वे सइडिंग का काम बंद कर दिया गया। मैं पूछता हूं क्यों बंद कर दिया गया ? क्योंकि पूरी प्रक्रिया ही गलत थी इसलिए इस संबंध में की गई गलत जांच को समाप्त करते हुए केंद्रीय जांच एजेंसी व सीबीआई से जांच करने का मांग की गयी हैं। कोरबा जिले के भू-विस्थापितो को नौकरी व मुवाबजा देने की मांग को लेकर कोयला एवं खनन मंत्री जी. किशन रेड्डी को चर्चा कर भू-विस्थापितो की समस्या से अवगत कराया गया।

अनुमान लगाया जा रहा है कि केंद्र में भारतीय जनता पार्टी की मोदी की सरकार है और ननकी राम कंवर ने पूर्व में लगातार छत्तीसगढ़ प्रदेश के भ्रष्टाचार कोयला घोटाला, शराब घोटाला, महादेव घोटाला, डीएमएफ घोटाला, पीएससी घोटाला जैसे कई प्रकार के घोटाले को सामने लाकर केंद्र की मोदी सरकार को अवगत कराते हुए छत्तीसगढ़ प्रदेश में कार्यवाही कराया है। जिससे कई अधिकारी जेल की हवा खा रहे हैं। वही भ्रष्टाचार के विरोध छत्तीसगढ़ प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बन पाई है। इसे देखते हुए अनुमान लगाया जा रहा है कि कोयला चोरी का मामला फिर से कोरबा जिले में भाजपा के वरिष्ठ नेता ननकी राम कंवर के शिकायत पर मोदी सरकार पुनः जांच कराएगी और दोषियों पर कार्यवाही होने की संभावना

## यात्रियों के दबाव को देखते हुए छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस में बढ़ाए गए कोच

कोरबा। रेलवे प्रशासन द्वारा एक्सप्रेस ट्रेनों की अलग-अलग श्रेणियों में यात्रा करने वाले यात्रियों की होने वाली भीड़ को ध्यान में रखकर उनकी बेहतर यात्रा सुविधा हेतु अतिरिक्त कोचों का आवर्धन एवं ट्रेनों के कोच संरचना में संशोधन किया जाता है। इसी कड़ी में अनारक्षित (सामान्य) एवं स्लीपर श्रेणी में यात्रा करने वाले यात्रियों को सुगम यात्रा सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के महत्वपूर्ण ट्रेनों के कोच संरचना में संशोधन करते हुए जनरल एवं स्लीपर कोच जोड़े जा रहे हैं। कोच संरचना में संशोधन के तहत अतिरिक्त स्लीपर कोच जुड़ने से ज्यादा से ज्यादा यात्रियों को कन्फ़र्म बर्थ के साथ यात्रा करने की सुविधा मिलेगी, साथ ही जनरल कोच जुड़ने से सामान्य कोच में यात्रियों की भीड़ का दबाव कम होगा और यात्रीगण सुगम एवं आरामदायक यात्रा कर सुखद अनुभव प्राप्त कर सकेंगे। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के जिन प्रमुख ट्रेनों के कोच संरचना में संशोधन कर अनारक्षित एवं स्लीपर कोच जोड़े जा रहे हैं, उनमें एक कोरबा से भी परिचालित है। ट्रेन संख्या 18237 कोरबा-अमृतसर छतीसगढ़ एक्सप्रेस में 30 अक्टूबर से और 18238 अमृतसर-कोरबा छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस में 1 नवम्बर से दो अतिरिक्त जनरल कोच एवं एक स्लीपर कोच जुडने से इस गाड़ी में 4 जनरल कोच व 6 स्लीपर कोच की सुविधा उपलब्ध होगी।

# कटघोरा कॉलेज में रासेयो बी प्रमाण पत्र किये गए वितरित

कोरबा । कोरबा जिले के कटघोरा में संचालित शासकीय मुकुटधर पांडेय महाविद्यालय कटघोरा सम्बद्ध अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना बी प्रमाण पत्र का वितरण किया गया।

इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शिवदयाल पटेल ने कहा कि बी प्रमाण पत्र धारक स्वयंसेवक 240 घंटे सेवा करने के बाद इसके पात्र हुए हैं, जो प्रति वर्ष 120 घंटे सेवा की दर से है। साथ ही कम से कम एक सात दिवसीय विशेष शिविर में शिविरार्थी के रूप में उपस्थित रहे हैं। जिन स्वयंसेवकों ने हायर सेकंडरी स्कूल में दो वर्ष तक पंजीकृत रहते हुए ए प्रमाण पत्र धारण किया है, वे महाविद्यालय में 1 वर्ष पंजीकृत रहकर शिविरार्थी के रूप में भाग लेकर बी प्रमाण पत्र प्राप्त किया है। प्रो प्रतिमा कंवर कार्यक्रम अधिकारी महिला इकाई ने समस्त स्वयंसेवको को बधाई देते हुए कहा कि नियमित स्वयंसेवक के रूप में जो सेवा कार्य का अनुभव प्राप्य किया है, उसे जीवन मे आत्मसात कर उस पर चलना ही राष्ट्रीय सेवा योजना की सार्थकता को सिद्ध करेगा। राजकुमारी मरकाम स्पोर्टस ऑफिसर ने राष्ट्रीय सेवा योजना की दिनचर्या पर आगे भी अमल करते रहने की अपील की, ताकि तन और मन से फिट रहकर राष्ट्र की सेवा में अपना योगदान दे सकें।

सत्र 2023-24 में महाविद्यालय से राखी, प्रभा कँवर, नेहा पटेल, प्रियंका, प्रिती तिग्गा, मोनिका कश्यप, श्वेता, श्वेता मरपच्ची, ममता मरकाम, लक्ष्मी, सुधा महंत, पूनम राज, ज्योति सारथी, संध्या निम्जा, सुजाता एवं पुरुष इकाई से कैलाश कुमार, महिपाल सिंह, समीर रात्रे, प्रदीप, अनीश, आशीष पटेल, पारुल निषाद, चेतरांश, अमन बघेल, रंजीत एक्का ने बी प्रमाण पत्र परीक्षा उत्तीर्ण किया।डॉ. नीता वाजपेयी राज्य एन.एस.एस. अधिकारी, अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर के कार्यक्रम समन्वयक डॉ. मनोज सिन्हा, जिला संगठक प्रो. वाय. के. तिवारी के मार्गदर्शन एवं डॉ. मदन मोहन जोशी प्राचार्य के संरक्षण में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रो नूतन पाल कुर्रे, प्रो. यशवंत जायसवाल, शैलेंद्र सिंह ओट्टी, प्रेमनारायण वर्मा, भुनेश्वर कुमार, डॉ. कल्पना शांडिल्य, मनहरण श्याम, क्रान्तिकुमार दीवान, कीर्ति मरकाम, विकास जायसवाल, देवेंद्र, कंचन, महिपाल सहित राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक अनित यादव, प्रीति तिग्गा, संध्या निम्जा, समीर रात्रे, मोनिका कश्यप, रिंकी रजक, प्रीति, लक्की शुक्ला, ज्योति सारथी आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# पहली बार कोरबा में भरा जाएगा सीबीएसई सीटेट का पर्चा-2 पालियों में होगी परीक्षा

कोरबा। कोरबा जिले में पहली बार सीबीएसई सीटेट-2024 की परीक्षा आयोजित होने जा रही है। यह प्रतिष्ठित परीक्षा आगामी रविवार 7 जुलाई को दो पालियों में आयोजित होगी। जिले में 8 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जहां कोरबा अंचल एवं आसपास के क्षेत्र से पहली पाली में 3090 एवं दूसरी पाली में 1491 पात्र परीक्षार्थी शामिल होंगे।

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, नई दिल्ली (सीबीएसई) द्वारा सीबीएसई सीटेट 2024 का आयोजन कोरबा जिले के 8 विद्यालयों में पहली बार रविवार 7 जुलाई को किया जाएगा। इस परीक्षा का आयोजन दो पाली में किया जाएगा पहली पाली का समय सुबह 9ः30 बजे से दोपहर 12 बजे और दूसरी पाली का समय दोपहर 2 बजे से शाम 4ः30 बजे होगा। इस परीक्षा में कोरबा अंचल एवं आसपास के क्षेत्र के पहली पाली में 3090 एवं दूसरी पाली में 1491 पात्र परीक्षार्थी शामिल होंगे। इस परीक्षा के जिला कोओर्डिनेटर कैलाश पंवार, प्राचार्य, दिल्ली पब्लिक स्कूल बालको ने बताया कि इस परीक्षा की तैयारी पूरी कर ली गई है। प्रथम पाली में पेपर-दो एवं द्वितीय पाली में पेपर-एक की परीक्षा होगी।पंवार ने बताया कि कोरबा जिले में यह परीक्षा सेंट जेवियर स्कूल, कोरबा, न्यू ईरा प्रोग्रेसिव स्कूल, कोरबा, डीएवी पब्लिक स्कूल एसईसीएल, कोरबा, निर्मला सीबीएसई स्कूल, कोरबा, कैरियर पब्लिक स्कूल, कोरबा, सेंट फ्रांसिस इंग्लिश मीडियम स्कूल, कोरबा, डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल, खरमोरा, कोरबा एवं दिल्ली पब्लिक स्कूल बालको सहित 8 विद्यालयों को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, नई दिल्ली (सीबीएसई) के निर्देशानुसार पहली पाली में परीक्षार्थियों को सुबह 7ः30 बजे से 9ः30 बजे तक प्रवेश दिया जाएगा। सुबह 9ः30 बजे के बाद किसी भी परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। इसी प्रकार दूसरी पाली में दोपहर 12 बजे से दोपहर 2 बजे तक ही प्रवेश दिया जाएगा। दोपहर 2 बजे के बाद किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा केंद्र में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। परीक्षार्थियों के पास अनिवार्य रूप से सीबीएसई सीटेट का डाउनलोडेड एडमिट कार्ड, ब्लू या ब्लेक पैन, कोई भी एक वैद्य पहचान पत्र जैसे पैन कार्ड, आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, वोटर कार्ड, पासपोर्ट आदि में से कोई लाना होगा। पानी एक पारदर्शी बोतल, एक हैंड सैनिटाइजर (50 एमएल की शीशी) लाने की अनुमति है। पीडब्लूडी परीक्षार्थी समय पर परीक्षा केंद्र पहुँचें।परीक्षा केंद्र के अंदर प्रतिबंधित वस्तुओं की सूची पुस्तकें, नोट्स, कागज के टुकड़े, ज्यामिति, पेंसिल बॉक्स, प्लास्टिक पाउच, पेंसिल स्केल, लॉग टेबल, राइटिंग पैड, इरेजर, कार्डबोर्ड, इलेक्ट्रॉनिक उपकारण, घड़ी, कलाई घड़ी, वॉलेट, सोने/ कृत्रिम आभूषण, चश्मा, हैंडबैग, मोबाइल फोन, ईयरफोन, माइक्रोफोन, कैमरा, हेडफोन, पेन ड्राइव, पेजर, ब्लूटूथ डिवाइस, कैलकुलेटर, डेबिट/ क्रेडिट कार्ड, इलेक्ट्रानिक पेन स्केनर, खाद्य और पेय पदार्थ (मादक या गैर-मादक) और अन्य वस्तुएँ जिनका अनुचित तरीके से उपयोग किया जा सकता है।

सीटेट- 2024 जिला कोरबा के सिटी कॉर्डिनेटर एवं प्राचार्य कैलाश पंवार ने कहा कि प्रवेश पत्र पर दिए गए दिशा-निर्देशों को ध्यान से पढ़कर उसी के अनुरूप ही परीक्षार्थी तय समय से आएं। उन्होंने कहा कि परीक्षा कड़ी निगरानी में होगी। कोरबा जिले में इस परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए जिलाधीश, पुलिस अधीक्षक तथा संबंधित थाना प्रभारियों से भी सक्रिय सहयोग प्रदान करने का निवेदन किया गया है।

## खोड्डुल गांव की गलियां कीचड़ से सनी ,लोग मुसीबत में

कोरबा । विकासखंड के अंतर्गत आने वाली खोड्डुल पंचायत में बारिश के मौसम में गजब के हालात है। गांव की आंतरिक सड़क एक तरह से गायब हो चुकी है और यहां पर कीचड़ का साम्राज्य स्थापित हो गया। जिस इलाके में भी नजर जाती है वहां कीचड़ ही कीचड़ दिखाई देता है। ऐसी स्थिति में लोगों के सामने केवल परेशानियां है। ग्रामीणों ने बताया कि पिछले वर्ष की तुलना में इस बार समस्या बहुत ज्यादा है। ग्रामीण चाहते हैं कि समस्या का समाधान करने की दिशा में जरूरी कार्रवाई होना चाहिए।

# एयू से स्नातक प्रथम वर्ष की पहली मेरिट सूची हुई जारी

कोरबा। अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर की गाइडलाइन अनुसार स्नातक प्रथम वर्ष में प्रवेश के लिए रजिस्ट्रेशन कराने वाले छात्र-छात्राओं की पहली मेरिट सूची जारी कर दी गई है। जारी पहली सूची के अनुसार कमला नेहरू महाविद्यालय कोरबा में बीए प्रथम वर्ष के लिए उच्चतम अंक 93.5 प्रतिशत है। इसी तरह बीकॉम प्रथम वर्ष में उच्चतम अंक 93.4प्रतिशत , बीएससी प्रथम वर्ष गणित में 94.2प्रतिशत , बीएससी प्रथम वर्ष जीवविज्ञान में 88.8प्रतिशत , बीसीए प्रथम वर्ष में 92.4प्रतिशत एवं बीबीए प्रथम वर्ष के उच्चतम अंक 88.2प्रतिशत रहे।

इस संबंध में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रशांत बोपापुरकर ने बताया कि अटल विश्वविद्यालय के निर्देशानुसार जारी प्रथम मेरिट सूची में चयनित छात्र-छात्राएं कॉलेज पहुंचकर दाखिला प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि स्नातक प्रथम वर्ष में प्रवेश की प्रक्रिया पूर्ण करने के लिए निर्धारित दस्तावेज साथ लेकर आएं। इनमें विद्यार्थी के पासपोर्ट आकार का फोटोग्राफ, कक्षा 10 वीं-12वीं की अंकसूची, आधार पहचान पत्र एवं विश्वविद्यालय के प्रवेश पोर्टल में किए गए पंजीयन की छायाप्रति और स्थानांतरण प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र (टीसी-सीसी) व माइग्रेशन सर्टिफिकेट की मूल प्रति लाना अनिवार्य होगा। अगर किसी शैक्षणिक सत्र में अंतर रहा हो तो गैप प्रमाण पत्र भी प्रस्तुत करना होगा। किसी भी प्रकार की जानकारी व सहायता के लिए कॉलेज में स्थापित हेल्प डेस्क एवं रजिस्ट्रेशन काउंटर से संपर्क किया जा सकता है।

## कुसमुंडा मार्ग बदहाल

कोरबा। बड़ा आसान सा सवाल है कि 100 मीटर लंबी सड़क बनाने के लिए कितना समय लग सकता है। जवाब हो सकता है एक सप्ताह या एक पखवाड़ा। लेकिन कोरबा में ऐसी एक सड़क अपने आप में रहस्य बनी हुई है जो 10 साल से अधिक समय होने के बाद भी अधूरी है।

# लगातार बारिश से परेशानी,कोयला खनन में कुछ गिरावट

कोरबा । जिले में लगातार कोशिश के बाद भी साऊथ ईस्टर्न कोलफील्ड लिमिटेड (स्क्षष्टरु) के उच्च अधिकारी खुले मुहाने की कोयला खदानों में बारिश से उत्पादन पर असर पड़ा है। मेगा प्रोजेक्ट गेवरा, कुसमुंडा और दीपका पर पड़ा है। लगातार हो रही बारिश ने एसईसीएल के उच्च अधीकारियों को भी चिंता में डाल दिया है। कंपनी के उच्च अधिकारी इस कोशिश में लगे हुए हैं कि कोयले का उत्पादन अनवरत होता रहे।

एक सप्ताह पहले तक कंपनी में करीब 6 लाख टन से अधिक कोयले का उत्पादन प्रतिदिन हो रहा था वह अब बारिश के चलते चार लाख टन हो गया हैं। खदानो में पानी निकालने की व्यवस्था की गई हैं, बावजूद इसके लगातार बारिश होने की वजह से खदान के कुछ क्षेत्रों में पानी भर गया हैं, लगातार बड़े-बड़े मोटर पंप से पानी निकालने का काम चल रहा हैं। इस बीच भारी भरकम वाहनों के चक्के उसमे फंस जा रहे हैं। हर वर्ष मानसून शुरू होने के साथ ही कोयला खदानों में उत्पादन प्रभावित होने लगता हैं। इसे मद्देनजर रखते हुए कोल इंडिया और एसईसीएल के उच्च अधीकारियों की निगरानी में खदान से पानी निकालने की व्यवस्था बनाई गई थी, किंतु लगातार हो रही बारिश ने तमाम व्यवस्था को प्रभावित कर दिया, हालांकि खदान में पानी भरना स्वभाविक हैं लेकिन जल भराव से कैसे निपटा जाए यह मुख्य बात होती हैं।

पिछले दिनों कोरबा जिले में हुई लगातार बारिश ने यहां के कोयला उत्पादन को भी प्रभावित कर दिया हैं जहां 24 घंटे में 6 लाख टन उत्पादन होता था एक जानकारी के अनुसार वह घटकर 4 लाख टन हो गया हैं। यह उत्पादन भी बड़ी कोशिश के बाद हो रहा हैं इसके लिए अधिकारियों और कर्मचारियों को सुरक्षा व्यवस्था के साथ जुझना पड़ रहा हैं। जानकारी के अनुसार देश की बसे बडी गेवरा कोयला खदान में कोयला उत्पादन कम होने से इसका सीधा असर कोयला आपूर्ति पर पड़ता हैं। वर्तमान में उक्त तीनों मेगा प्रोजेक्ट पर बारिश का असर देखा जा सकता हैं।

वर्ष 2021 में दीपका कोयला खदान में लीलागर नदी का पानी भर गया था, पानी भरने से खदान झील बन गई थीं। खदान का 80 प्रतिशत हिस्सा जलमग्न होने के कारण करीब तीन माह कोयला उत्पादन का कार्य बंद रहा। इस तरह ही घटना दुबारा न हो इस बात पर कोल इंडिया और एसईसीएल के अधिकारियों का विशेष ध्यान हैं। इसके लिए 24 घंटे कर्मचारियों की तैनाती की गई हैं जो पल-पल की रिपोर्ट उच्च अधीकारियों को दे रहे हैं।

एसईसीएल के निदेशक तकनीक एस.एन. कापरी एवं जयकुमार फ्रेंकलिन ने कुसमुंडा व दीपका मेगा प्रोजेक्ट का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने खदान के नीचे उतर स्थिति का जायजा लिया। मानसून में पानी भराव न हो, इसके लिए खदान में किए गए आवश्यक उपाय को देखा। बताया जा रहा है कि कुसमुंडा खदान में पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने की वजह से अधिकारियों ने नाराजगी जताई। उन्होंने पानी निकासी के लिए समुचित व्यवस्था करने कहा ताकि उत्पादन पर किसी तरह का असर न पड़े। इसके साथ ही एसईसीएल सेफ्टी बोर्ड के सदस्य भी कुसमुंडा खदान पहुंचे और खदान में अपनाए जा रहे सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया।

## बिजली कटौती की समस्या दूर करने ज्ञापन सौंपा

कोरबा। लगभग 4000 मेगावाट बिजली का उत्पादन करने वाले छत्तीसगढ़ के पावर हब कोरबा में पावर कट की समस्या लोगों के लिए सबसे बड़ा सिरदर्द बनी हुई है। आए दिन अलग-अलग कारण बताकर बिजली गुल होना परेशानी का सबब बनता जा रहा है। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र में लोग इसके चलते काफी हैरान है। कोरबा यूनियन नामक एक संगठन के प्रतिनिधियों ने बिजली से संबंधित मुद्दे को लेकर जनदर्शन में कलेक्टर को ज्ञापन सौपा। कलेक्टर से मांग की गई है कि भले ही लोगों को बिजली बिल के मामले में राहत न दी जाए लेकिन बिजली के बार-बार जाने आने के सिलसिले को समाप्त कराया जाए।

# नवीन पदस्थापना में किया कार्यभार ग्रहण


कोरबा । कलेक्टर अजीत वसंत द्वारा जिले में प्रशासनिक व्यवस्था के दृष्टिकोण से 07 राजस्व निरीक्षकों के मण्डल प्रभार में परिवर्तन किया गया है। कार्यालय कलेक्टर भू-अभिलेख शाखा के आदेश के परिपालन में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व द्वारा संबंधित राजस्व निरीक्षकों को उनके नवीन पदस्थापना राजस्व निरीक्षक मण्डल में कार्य करने हेतु भारमुक्त कर दिया गया है। साथ ही सभी राजस्व निरीक्षकों द्वारा नवीन राजस्व निरीक्षक मण्डल में कार्यभार ग्रहण कर लिया गया है। जिसके अंतर्गत योगेन्द्र बैस को राजस्व निरीक्षक मण्डल कोरबा, श्री आशीष सोनी को राजस्व निरीक्षक मण्डल पाड़ीमार एवं दादरखुर्द का अतिरिक्त प्रभार, खेलन प्रसाद सूर्यवंशी को राजस्व निरीक्षक मण्डल पसरखेत, परषोत्तम राम धाकड़े को राजस्व निरीक्षक मण्डल कोथारी, नीलकांत यादव को राजस्व निरीक्षक मण्डल दीपका व गेवरा का अतिरिक्त प्रभार, नंद किशोर सिंह राजस्व निरीक्षक मण्डल पाली के साथ ही अतिरिक्त प्रभार लाफा, श्री चक्रधर सिंह सिदार राजस्व निरीक्षक मण्डल पसान के साथ ही अतिरिक्त प्रभार जटगा की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

## नाम बदलकर रह रहे चोर को पुलिस ने पकड़ा

कोरबा। चोरी और कई मामलों में आरोपी नामजद शहजाद खान को कुसमुंडा पुलिस थाना प्रभारी रूपक शर्मा ने बिलासपुर में दबोच लिया। एडिशनल एसपी यूवीएस चौहान ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध चोरी के मामलों में 6 स्थाई वारंट कोर्ट से जारी थे। आरोपी बिलासपुर में नाम बदलकर रह रहा था।। गुप्तचर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस की टीम ने छापा की कार्रवाई की और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

# वृंदावन भक्ति कुटीर द्वारा जांजगीर में निकाली जाएगी भव्य रथयात्रा

**जांजगीर चांपा।** भगवान जगन्नाथ जी का भव्य रथयात्रा 7 जुलाई को जांजगीर नैला में निकाली जाएगी। जांजगीर में वृंदावन भक्ति कुटीर के द्वारा यह रथयात्रा केरा रोड स्थित मां संतोषी मंदिर से निकल जाएगी। वैसे तो पूरे देश में जगन्नाथ स्वामी जी का यह रथयात्रा का महोत्सव धूमधाम से मनाया जाता है,परंतु कुछ वर्षों से जांजगीर नैला शहर में रथ यात्रा के समय भगवान जगन्नाथ जी की रथयात्रा निकालने की धूम रहती है जिसमें शहर के युवा वर्ग के अलावा बच्चे,बूढ़े एवं महिलाएं सभी उत्साह पूर्वक शामिल होते हैं। यह भव्य रथयात्रा केरा रोड स्थित मां संतोषी मंदिर से निकलकर जांजगीर के अग्रसेन भवन तक जाएगी जो शाम 3 बजे से प्रारंभ होकर शाम 7 बजे इसका समापन होगा । इस अवसर पर भव्य कीर्तन मंडलियों द्वारा कीर्तन गान करते हुए, करमा नृत्य सहित अन्य वाद्य यंत्रों के द्वारा रथयात्रा निकाली जाएगी। वहीं छप्पन भोग, महाआरती के द्वारा लोग भगवान के स्तुति करते जाएंगे । 56 भोग भगवान श्री जगन्नाथ जी को लगाया जाएगा इसके अलावा लोगों के लिए महाप्रसाद की व्यवस्था की गई है। इस अवसर पर जगह-जगह महाआरती किए जाने की तैयारी की जा रही है।



ज्ञात हो कि स्वामी जगन्नाथ जी के इस महापर्व में लोगों में एक अलग उत्साह दिखाई देता है जो धार्मिक परिवेश में इस कार्यक्रम में शिरकत करते जिसके कारण कार्यक्रम में विशेष भव्यता होती है।7 जुलाई को कीर्तन, विशेष रथ, छप्पन भोग के साथ महाप्रसाद वितरण का कार्यक्रम होगा। रथयात्रा जो कचहरी चौक, मेन रोड, नेताजी चौक, होते हुए स्टेशन रोड मे अग्रसेन भवन तक जाएगी। अग्रसेन भवन में शाम 7 बजे रथयात्रा का स्वागत किया जाएगा। इसके बाद छप्पन भोग महाआरती की जाएगी और उपस्थित श्रद्धालुओं को महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा।

**दिया जा रहा है काढ़े का प्रसाद**

मान्यता है कि 15 दिन तक भगवान जगन्नाथ इन दिनों अपने भाई बलराम और बहन सुभद्रा के साथ अपने मौसी के घर स्वास्थ्य लाभ लेते हैं। भगवान की सेवा इन दिनो उन्हें काढ़ा का भोग लगाया जाता है। साथ ही इस काढ़े का प्रसाद वितरण भी किया जा रहा है। जो आषाढ़ शुक्ल द्वितीया को दर्शन देने अपने मंदिर से बाहर आते है।

**शिवरीनारायण, नवागढ़ ,नरियरा चांपा में भी निकल जाती है भव्य रथ यात्रा**

जिले के प्रमुख स्थान नवागढ, शिवरीनारायण, नरियरा, चांपा सहित कई स्थानों पर रथयात्रा पर भगवान जगन्नाथ जी की रथयात्रा निकाली जाती है। जहां का माहौल मड़ाई मेला जैसा होता है जिसे देखने के लिए दूर-दूर से लोग ग्रामीण क्षेत्र से पधारते है।

**मालपुआ का होता है विशेष महत्व**

इस दिन मिठाई के रूप में जगह-जगह मालपुआ बनाया जाता है एवं लोक अन्य मिठाई की बजाय बजे मालपुआ को घर बतौर प्रसाद के रूप में घर ले जाते है और मालपुआ को आपस में प्रसाद के रूप में मिल बांट कर खाते है।

## पांच दिवसीय अंग्रेजी प्रशिक्षण का बीईओ ने किया निरीक्षण

**चांपा।** प्राथमिक शाला शिक्षको के लिए पांच दिवसीय स्पोकन सह अंग्रेजी प्रशिक्षण का आयोजन बीआरसी भवन में किया जा रहा है। गुरुवार 4 जुलाई को बम्हनीडीह बीईओ एम डी दीवान ने निरीक्षण किया। स्कूलों में स्पोकन इंग्लिश हेतु बेहतर माहौल बनाने के लिए प्राथमिक स्कूलों के शिक्षको को अंग्रेजी का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। मास्टर ट्रेनर अश्विनी राठौर और करुणा साहू के द्वारा विभिन्न गतिविधियों जैसे कविता, कहानी, खेल एवं रोल प्ले आदि के माध्यम से शिक्षको को अंग्रेजी बोलना सीखाया जा रहा है

ताकि शिक्षक अपने विद्यार्थियों को रोचक ढंग से अंग्रेजी सीखा सकें । शिक्षक भी बहुत उत्साह के साथ अंग्रेजी सीख रहे है। प्रशिक्षण के दौरान बम्हनीडीह बीईओ एम डी दीवान ने अंग्रेजी के महत्व को बताते हुए कहा कि आज के समय में अंग्रेजी बहुत जरूरी है। आजकल सभी बच्चे उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे है उच्च शिक्षा के लिए अंग्रेजी बहुत जरूरी है।

## पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण जरुरी:मसीह



**चांपा।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय विद्यालय चांपा में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों व शिक्षकों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के महत्व को समझाना और विद्यालय परिसर को हरियाली से आच्छादित करना था।

कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के प्राचार्य निखिल मसीह द्वारा की गई। उन्होंने पौधे के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि वृक्ष हमारे जीवन का आधार हैं। वे हमें ऑक्सीजन प्रदान करते हैं, पर्यावरण को स्वच्छ रखते हैं और जलवायु संतुलन बनाए रखते हैं। पौधरोपण न केवल पर्यावरण के लिए आवश्यक है, बल्कि यह हमारी भावी पीढ़ियों के लिए एक स्थायी और स्वस्थ भविष्य सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। शिक्षक रविंद्र द्विवेदी ने कहा कि पौधरोपण एक ऐसा कार्य है जो हमें तत्काल और दीर्घकालिक लाभ देता है। विद्यालयों में इस प्रकार के कार्यक्रम छात्रों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाते हैं और उन्हें प्रकृति के प्रति संवेदनशील बनाते हैं। कार्यक्रम के दौरान, विभिन्न प्रकार के पौधे जैसे बिही, आंवला, सीताफल, नीम, पीपल, गुलमोहर, और आम के पौधे लगाए गए। प्रत्येक कक्षा को एक विशेष क्षेत्र सौंपा गया, जहां छात्रों ने उनकी देखभाल की जिम्मेदारी ली। शिक्षक अजय अग्रवाल ने कहा कि आज का दिन हमारे लिए बहुत खास है। हमने जो पौधे लगाए हैं, वे हमारी देखभाल और प्यार से बड़े होंगे। हम अपने पर्यावरण को संरक्षित करने का संकल्प लेते हैं। पौधरोपण के अंत में, शिक्षिका श्रीमती रूपाली राठौर ने सभी लोगों का धन्यवाद किया और इस प्रकार के कार्यक्रमों को नियमित रूप से आयोजित करने की प्रतिबद्धता जताई। उन्होंने कहा कि पौधरोपण की इस पहल को आगे बढ़ाने के लिए विद्यालय प्रशासन पूरी तरह से संकल्पित है और भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे। पौधरोपण कार्यक्रम अवसर पर विद्यालय के शिक्षक रविन्द्र द्विवेदी, श्रीमती वर्षा तिवारी, प्रतिभा जांगड़े, अजय अग्रवाल, श्रीमती रूपाली राठौर, छात्रों में तुषार, कुनाल, तिलक कुनाल आदर्श हर्ष ओंकार, चन्दरेश, प्रभात, संस्कार विशेष रूप से उपस्थित थे।

## पैरापुटू की सब्जी ने 12 लोगों को पहुंचाया अस्पताल

**जांजगीर चांपा।** जांजगीर चांपा में पुटू की सब्जी खाकर एक ही परिवार के 12 लोग फूड प्वाइजनिंग का शिकार हो गए हैं. सभी मरीजों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में लाया गया है. इनमें तीन बच्चों की जहांगीर-चांपा । पैरा पुटु खाने से एक ही परिवार के 12 लोग गंभीर रूप से बीमार हो गए हैं जिन्हे अस्पताल में भर्ती कराया गया है वार के अन्य सदस्यों का इलाज किया जा रहा है.आपको बता दें जिस वक्त एक ही परिवार के 12 लोग पहुंचे,उस वक्त जिला अस्पताल में अजीब नजारा भी देखने को मिला.क्योंकि अस्पताल में बेड की संख्या कम थी और सारे वार्ड फुल थे.लिहाजा कई सदस्यों का इलाज स्ट्रेचर पर लिटाकर किया गया। कनई गांव में हुई. जहां 12 लोगों को पुटू खाने के बाद अचानक उल्टी दस्त और पेट दर्द की शिकायत हुई. एक-एक करके परिवार के बच्चों और बुजुर्गों की तबीयत बिगड़ी.इसके बाद मदद के लिए 108 को बुलाया गया ।108 की मदद से सभी मरीजों को जिला अस्पताल में पहुंचाया गया. जहां डॉक्टरों ने सभी मरीजों के फूड प्वाइजनिंग होने का उपचार शुरू किया है । मरीज के परिजन छतराम के मुताबिक गुरुवार दोपहर 12 बजे घर के ही सदस्य खेत में उगे पुटू लेकर आए थे।.जिसकी सब्जी बनाई गई थी.इसी सब्जी को खाने के बाद लोगों की तबीयत बिगड़नी शुरु हुई. एक-एक करके दोपहर तीन बजे तक घर के सभी सदस्यों की तबीयत बिगड़ गई. इसके बाद जिला अस्पताल में सभी को भर्ती कराया गया.जहां डॉक्टर सभी का इलाज कर रहे है। कनई गांव से आए फूड प्वाइजनिंग के शिकार लोगों का उपचार शुरू कर दिया गया है. 3 बच्चों की हालत नाजुक है. जिन्हें विशेष निगरानी में रखा गया है. 100 बिस्तर के अस्पताल में साल भर से स्टॉफ और उपकरण के साथ आक्सीजन बेड की कमी है. जिसकी कई बार उच्च अधिकारियों को सूचना दी गई है.इसलिए स्ट्रेचर पर रखकर इलाज करना पड़ा है.



इकबाल कुरैशी,डॉक्टर

स्ट्रेचर में हो रहा था इलाज - जिला अस्पताल में फूड प्वाइजनिंग के शिकार लोगों के इलाज के लिए बेड नहीं था,फिर भी डॉक्टर और मेडिकल स्टाफ ने लोगों की जान बचाने के लिए स्ट्रेचर पर रखकर सभी का इलाज किया। फिलहाज बच्चों को छोड़कर सभी की हालत खतरे से बाहर है.लेकिन जिले के इतने बड़े हॉस्पिटल में बेड की कमी होना स्वास्थ्य सुविधाओं की पोल खोल रहा है.बारिश के मौसम में फूड प्वाइजनिंग और डायरिया की शिकायत बढ़ जाती है. ऐसे में जिला प्रशासन और स्वास्थ्य महकमे को चाहिए कि कम से कम जिला अस्पताल में मरीजों के इलाज के लिए पर्याप्त व्यवस्थाएं हो।

# संस्कृत के विकास एवं प्रचार प्रसार के लिए पूज्य गुरुदेव जी ने इस विद्यालय की स्थापना की थी -राजेश्री महन्त

**शिवरीनारायण।** छत्तीसगढ़ राज्य की राजधानी रायपुर में स्थित ऐतिहासिक, पुरातात्विक एवं धार्मिक दृष्टि से प्रमुख स्थान दूधाधारी मठ द्वारा संचालित प्राच्य संस्कृत विद्यालय में आषाढ़ कृष्ण पक्ष एकादशी (योगिनी एकादशी) के पावन अवसर पर दिनांक - 02/07/2024, मंगलवार को शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया, इसमें दूधाधारी मठ, रायपुर एवं श्री शिवरीनारायण मठ पीठाधीश्वर डॉ राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास विशेष रूप से उपस्थित हुए।

उन्होंने प्रवेश उत्सव के संदर्भ में अपने संदेश में कहा है कि- छत्तीसगढ़ राज्य में संस्कृत के प्रचार प्रसार एवं विकास को ध्यान में रखकर पूज्य गुरुदेव महन्त वैष्णव दासमहाराज ने प्राच्य संस्कृत विद्यालय की स्थापना की थी, इस विद्यालय ने अपने स्थापना के वर्ष से लेकर आज पर्यंत देव वाणी संस्कृत के प्रचार-प्रसार में अपना अमूल्य योगदान दिया है आने वाले समय में भी हम निरंतर इसके उन्नति के हर संभव प्रयास करते रहेंगे। इस अवसर पर विशेष रूप से विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रो. डॉ तोयनिधि वैष्णव ,विद्यालय के प्राध्यापक तिवारी , मिश्रा, मठ न्यास के न्यासी सुखराम दास , मुक्तियार रामछबि दास , छत्तीसगढ़ संस्कृत विद्यामण्डलम् के पूर्व अध्यक्ष डॉ सुरेश शर्मा , रायपुर नगर निगम के पूर्व सभापति प्रफुल्ल विश्वकर्मा जी सहित अनेक गणमान्य जन उपस्थित थे, अतिथियों ने छात्रों को तिलक एवं अक्षत लगा कर सम्मानित किया। सभी छात्रों ने स्वस्तिवाचन करते हुए प्रवेशोत्सव का पर्व संपादित किया तत्पश्चात् छात्रों को मिष्ठान वितरण किया गया।



विदित हो कि देववाणी संस्कृत भाषा के प्रचार - प्रसार एवं उसे जन - जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से इस विद्यालय की स्थापना श्रद्धेय राजेश्री महन्त वैष्णव दास जी महराज के द्वारा 24 अप्रैल 1936 को (शुभारंभ) किया गया था, तब से लेकर आज पर्यन्त अनेक छात्र विद्याध्ययन करके भारतवर्ष के विभिन्न स्थानों में सेवा प्रदान कर रहे हैं।

## आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पद पर नियुक्ति के लिए 23 तक आवेदन आमंत्रित

**सक्ती।** एकीकृत बाल विकास परियोजना जैजैपुर, जिला सक्ती अंतर्गत आगनबाड़ी केन्द्र फुलवारी चौक जैजैपुर, सलनी धनुहारपारा, गुडरूकला एवं सिरली सराईपाली में आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पदों पर नियुक्ति के लिए आवेदन आमंत्रित किया गया है। जिसके तहत् 08 जुलाई 2024 तक मुनादी एवं आवेदन पत्र का प्रारूप परियोजना कार्यालय जैजैपुर के सूचना पटल पर अवलोकन किया जा सकता है। आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पद पर नियुक्त के लिए इच्छुक एवं पात्र आवेदिका 09 जुलाई 2024 से 23 जुलाई 2024 तक कार्यालयीन दिवस एवं समय 11 से 5 बजे तक कार्यालय एकीकृत बाल विकास परियोजना जैजैपुर, जिला सक्ती में सीधे अथवा पंजीकृत डाक के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। शासकीय अवकाश के दिन आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किए जायेंगे। इस संबंध में विज्ञापन सहित अन्य अधिक जानकारी कार्यालय एकीकृत बाल विकास परियोजना जैजैपुर से प्राप्त की जा सकती हैं।

## आकस्मिक मृत्यु हो जाने के कारण 4 लाख रुपए की सहायता राशि स्वीकृत

**सक्ती।** राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड-6 क्रमांक 4 परिशिष्ट एक प्राकृतिक आपदा से होने वाली क्षति के लिए शासन द्वारा दी जाने वाली आर्थिक सहायता अनुदान के लिए निर्धारित मापदंडों तथा दरों के तहत चार लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि की स्वीकृति दी गई है। डिप्टी कलेक्टर विश्वास कुमार से प्राप्त जानकारी अनुसार सक्ती जिले के तहसील सक्ती अंतर्गत वार्ड नंबर 03 राजापारा सक्ती निवासी मृतक स्वर्गीय श्रीमती तिहारिन बाई को सर्प काटने के कारण मृत्यु होने पर उनके निकटतम वारिस मृतक के भतीजा श्री संजय कुमार पिता श्री घसिया राम ढीमर को राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत चार लाख रूपये भुगतान किए जाने की स्वीकृति निर्धारित शर्तों की अधीन प्रदान की गई है।

## नौकरी लगाने के नाम पर ऑनलाइन पौने 2 लाख की ठगी

**बाराद्वार।** त्लौकरी लगाने के नाम पर ऑनलाइन 2 लाख 86 हजार रुपए धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। पुलिस ने धारा 420 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जांच में जुटी हुई है। पुलिस के अनुसार योगेश राठौर पिता पवन राठौर - निवासी ग्राम दुरपा थाना बाराद्वार ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 30 जून को दैनिक अखबार में भारत सरेकार द्वारा मान्यता प्राप्त वर्क फ्राम होम के नाम पर पार्ट टाईम, फुल टाइम जॉब का एड दिया गया था। जिसे पढ़कर दिए गए निर्देशों का पालन करते हार मोबाईल नंम्बर के व्हाट्सअप्प में दस्तावेज को भेज दिया। इसके बाद रजिस्ट्रेशन शुल्क 1550 रुपए फोन पे के माध्यम से रूपेश कुमार के खाता संख्या में भेजा। रूपेश द्वारा जाब आईण प्रूफ बनाकर योगेश के व्हाट्सअप में भेजा। इसके बाद अलग-अलग खाते से फोन पे के माध्यम से कल 1 लाख 86 हजार 481 रुपए रूपश कुमार के खाता भेजा गया। इसके बाद नौकरी नहीं मिली। बाद में पैसा की मांग करने पर घुमाया गया। इसके बाद रूपेश कुमार द्वारा पैसा देने से इंकार कर दिया गया। इस पर थाने में सूचना दर्ज कराई गई जिस पर पुलिस द्वारा आरोपी के खिलाफ धारा 420 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## लचर कानून व्यवस्था को लेकर एनएसयूआई का विरोध प्रदर्शन

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ प्रदेश की साय सरकार की लचर कानून व्यवस्था के चलते राजधानी रायपुर में हुई छात्र की हत्या के विरोध मे भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन द्वारा जांजगीर के नेताजी चौक मे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और गृह मंत्री विजय शर्मा का पुतला दहन किया गया। घटना की जानकारी देते हुए अंकित सिसोदिया ने बताया की बस्तर लोहडिगुंडा निवासी 21 वर्षीय छात्र मंगल मुरिया की राजधानी रायपुर मे आपराधिक तत्वो द्वारा सरेआम पीट पीट कर हत्त्या कर दी गयी, जिसके विरोध में एनएसयूआई द्वारा प्रदेश में सभी जिला मुख्यालयो मे विरोध प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष रमेश पैगवार ने प्रदेश की साय सरकार पर निशाना साधते हुए कहा की जबसे राज्य में भाजपा सरकार आयी है तबसे प्रदेश मे लगातार माब लिंचिंग, अपहरण, हत्त्या के मामलों लगातार बढ़ोत्तरी हुई है। कार्यक्रम में प्रमुख से जिला कांग्रेस के प्रवक्ता रफीक सीद्धिकी, संगठन महामंत्री शिशिर दिवेदी, जिला उपाध्यक्ष विवेक सिसोदिया, नगर पालिका अध्यक्ष भगवान्दास गढ़ेवाल, सभापति रामबिलास राठौर, शहर अध्यक्ष संतोष शर्मा, जिला युंका अध्यक्ष प्रिंस शर्मा, उपाध्यक्ष कमल सिंह मरावी, मितेश यादव, विधान सभा अध्यक्ष आकाश तिवारी, पूर्व राष्ट्रीय संयोजक राज सिंह, अमित यादव, जिला संयोजक अमन तिवारी, नगर अध्यक्ष जितेंद्र दिनकर, विजय यादव, हर्ष शुक्ला, राहुल खरे, जयंत शर्मा, अभिषेक राठौर, सुजल राठौर सहित बढ़ी संख्या में वरिष्ठ कांग्रेसजनो के साथ एनएसयूआई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## फंदे पर लटकता मिला पति का शव

**जांजगीर-चांपा।** जिले के नवापारा में व्यक्ति ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक का नाम कमल निर्मलकर (30) है। आत्महत्या की वजह अभी स्पष्ट नहीं हुई है। लेकिन पति-पत्नी के बीच आपसी विवाद की बात सामने आ रही है।

पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। घटना अकलतरा थाना क्षेत्र की है। जानकारी के अनुसार मृतक कमल निर्मलकर पत्नी के साथ माता पिता से दूर अलग मकान में रहता था। बुधवार की सुबह से घर का दरवाजा नहीं खुला था।

**कपड़े की रस्सी से लगाई फांसी**

देर शाम को जब पड़ोसी ने आवाज लगाई मगर कुछ जवाब नहीं मिला। मृतक के माता पिता को बुलाया गया। दरवाजा तोड़ कर खोलने पर देखा कि कमल ने बाइक को नीचे में रख कर, घर की मियार में कपड़े की रस्सी बनाकर आत्महत्या कर ली है।

घटना की जानकारी अकलतरा पुलिस को मिलने पर मौके पर पहुंची और शव को फंदे से नीचे उतारा गया। बुधवार को रात होने के कारण पोस्टमार्टम नहीं हुआ। गुरुवार को शव का पीएम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है।

मृतक के परिजनों का कहना है की पति-पत्नी के बीच आपसी विवाद हुआ था। विवाद के बाद पत्नी दोनों बच्चे को लेकर मायके चली गई थी। फिलहाल, आत्महत्या की वजह साफ नहीं है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## बाइक सवार परियोजना अधिकारी मवेशी से टकराए, आईसीयू में भर्ती

**जांजगीर।** नवागढ़ में ड्यूटी कर रह रहे लौट रहे परियोजना अधिकारी की बाइक मवेशियों से टकरा गई। इससे उनकी बाइक नीचे गिर गई और सिर पर चोट लगने से वे गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए बिलासपुर में रैफर किया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार सीडीओपी पंकज शुक्ला नवागढ़ में ड्यूटी करके घर लौट रहे थे कि उनके बुलेट के सामने अचानक मवेशी आ गई। उन्होंने उसे बचाने का प्रयास किया पर असफल रहे। मवेशी से टकराने से उनकी बाइक अनियंत्रित हो गई और वे नीचे गिर गए। इससे उनके सिर पर चोट आई है।

# कार मालिक को 7 लाख रुपए का बीमा क्लेम

**जांजगीर।** बीमा अवधि में मारुति बेलेनो दुर्घटनाग्रस्त होने व फिर जलकर नष्ट होने पर बीमा कंपनी द्वारा बीमा क्लेम देने से इनकार कर दिया। अब उपभोक्ता आयोग ने 7 लाख 31 हजार 255 रुपए, मुकदमे के खर्च 5 हजार व मानसिक क्षतिपूर्ति 20 देने का आदेश पारित किया है। शिकायतकर्ता अनिता नारंग पति अवध नारंग निवासी ग्राम नगारीडीह ने टाटा एआईजी जनरल इंश्योरेंस कंपनी से अपनी मारुति बलेनो सीजी 11 बीई-2080 का बीमा 25 अक्टूबर 2022 से 24 अक्टूबर 2023 तक के लिए एडऑन बीमा, आन डेमेज पॉलिसी के अधीन कराया था। बीमा अवधि में वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इसकी सूचना उपभोक्ता ने बीमा कंपनी व थाने में भी दी और वाहन को मारूति सर्विस सेंटर में बनाने के लिए दिया, इस बीच मारूति सर्विस सेंटर के यार्ड में आगजनी होने से शिकायतकर्ता का वाहन पूर्ण रूप से जलकर नष्ट हो गया। उपभोक्ता ने जिला उपभोक्ता आयोग जांजगीर के समक्ष शिकायत दर्ज कराया। आयोग ने उपभोक्ता को आदेश दिया कि वह सभी दस्तावेजबीमा कंपनी को उपलब्ध कराए तथा दावे का निराकरण नहीं किया और वाहन टोटल लॉस की श्रेणी में है माना। तब शिकायतकर्ता ने जिला उपभोक्ता आयोग जांजगीर के समक्ष फिर से शिकायत की। जिला उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष प्रशांत कुंडू, सदस्य विशाल तिवारी, सदस्य महिमा सिंह ने दोनों पक्षों के द्वारा पेश शपथ पत्र, दस्तावेजों व तर्कों का सावधानी पूर्वक अवलोकन कर यह पाया कि वाहन टोटल लॉस की श्रेणी में नहीं था। बीमा कंपनी ने क्लेम देने से इनकार कर सेवा में कमी की है। इसलिए बीमा कंपनी शिकायतकर्ता को क्लेम राशि 7 लाख 31 हजार 255 रुपए, मासिक संताप का 20 हजार तथा वाद व्यय का 5 हजार आदेश दिनांक से 45 दिनों के भीतर अदा करने का आदेश पारित किया गया।

**45 दिन बाद देना होगा 6 प्रतिशत ब्याज**

उपभोक्ता आयोग सदस्य विशाल तिवारी ने बताया कि 45 दिनों के भीतर राशि नहीं देने पर आदेश दिनांक से भुगतान दिनांक तक 6 प्रतिशत वार्षिक ब्याज भी देगी। उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 की धारा 35 के अंतर्गत पेश परिवाद शिकायत को स्वीकार कर आदेश पारित किया गया।


**छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग**
**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, मिनीमाता बांगो बांध संभाग क्र.3, माचाडोली, जिला-कोरबा (छ.ग.)**

**ई.प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**

eProcurement Portal : https://eproc.cgstate.gov.in

**(प्रथम आमंत्रण)**

सिस्टम निविदा क्र. 155637 निविदा सूचना क्र.03/व.ले.लि./ई-प्रोक्युरमेंट/2024-25, दि. 02.07.2024

निम्नलिखित कार्यों के लिए दिनांक 23.07.2024 समय 17:30 तक ऑन लाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

**कार्य का नाम -**
हसदेव बांगो परियोजना अंतर्गत हसदेव बांगो बांध के बकाया बकेट एप्रॉक्सी ट्रीटमेंट कार्य।

**अनुमानित लागत - रू. 391.70 लाख**

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 09.07.2024 समय 17:31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते हैं।

**नोट :** निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित/पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

कार्यपालन अभियंता
मिनीमाता बांगो बांध संभाग क्र.3
माचाडोली जिला कोरबा (छ.ग.)

जी-242500798/6



**कार्यालय वनमंडलाधिकारी, कोरबा वनमण्डल, कोरबा (छ.ग.)**

टेलीफोन क.: 07759-221273, नि. : 07759-222504, फैक्स 07759-223531, Email: dfo_korba@yahoo.co.in

क्रमांक/राजस्व/4160 | कोरबा, दिनांक 03/07/2024

// नीलाम //

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कोरबा वनमंडल के अंतर्गत जलाऊ डिपो कोसाबाड़ी कोरबा में रखी गई निम्न विवरण अनुसार जलाऊ लकड़ी का नीलाम दिनांक 19.07.2024 को प्रातः 10:30 बजे अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा किया जावेगा।

**वनोपज की अनुमानित मात्रा**

| डिपो का नाम | प्रजाति | पुराना वनोपज | नया वनोपज | योग |
|---|---|---|---|---|
| जलाऊ डिपो कोसाबाड़ी | सतकठा जलाऊ | 443 चट्टा | 250 चट्टा | 693 चट्टा |
| | सागौन जलाऊ | - | 47 चट्टा | 47 चट्टा |
| | नीलगिरी जलाऊ | 21 चट्टा | - | 21 चट्टा |
| | योग - | 464 चट्टा | 297 चट्टा | 761 चट्टा |

टीप - 01. नीलाम में रखी जाने वाली वनोजप का कार्यालयीन दिवस में जलाऊ डिपो कोसाबाड़ी कोरबा से अवलोकन की जा सकती है। 02. नीलाम की शर्ते एवं वनोपज का विस्तृत विवरण मटेरियल सूची कार्यालय दिवस में वनमंडल कार्यालय एवं परिक्षेत्र अधिकारी, कुदमुरा (उत्पादन) से प्राप्त किया जा सकता है। 03. नीलाम बोली मान्य का 25 प्रतिशत ई.एम.डी. मल्टीसिटी चेक/बैंक ड्राफ्ट, भारतीय स्टेट बैंक का ही स्वीकार किया जावेगा अन्य बैंकों नहीं। 04. वनोपज की उक्त सूचित मात्रा में बढ़त/घटत संभावित हैं। 05. कार्य आदेश प्राप्त करते समय पेन कार्ड/टीन नंबर की छायाप्रति अनिवार्य रूप से जमा किया जाना आवश्यक है।

वनमण्डलाअधिकारी
कोरबा वनमण्डल, कोरबा

जी-242500817/5


# संचालकों को दुकान में सीसीटीवी लाइट व सायरन लगाने का आदेश

**जांजगीर।** चोरी, लूट, उठाईगिरी की बढ़ती घटना को मद्देनजर रखते हुए सराफा व्यापारियों की बैठक एसपी आ?फिस सभाकक्ष में हुई। एसपी विवेक शुक्ला ने वर्तमान समय में चोरी, लूट, उठाईगीरी की घटना को गंभीरता से लेते हुए उचित सुरक्षा व्यवस्था के लिए 4 जुलाई को सराफा व्यापारियों का मीटिंग लिया जाकर आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में निर्देश देकर सराफा व्या?पारियों को बताया कि अपने-अपने ज्वेलर्स दुकानों में सीसीटीवी कैमरा लगाने, पर्याप्त लाइट की व्यवस्था, लाकर को मजबूत रखने व अच्छी तरह से रखे, मजबूत शटर (दरवाजा), सायरन की व्यवस्था रखने के लिए आवश्यक निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि यदि किसी व्यक्ति संदिग्ध लगती है, तो तत्काल पुलिस को सूचना दें। उन्होंने बाजार में दुकान लगाने के लिए अकेला न जाने व आते जाते समय कही पर न रुकें। आवश्यक सावधानी बरतने के संबंध में दिशा निर्देश दिए। बैठक के दौरान सराफा व्यापारियों के द्वारा रात्रि गश्त लगाने, समय समय पर पेट्रोलिंग करने के संबंध में बात रखी गई। जिस संबंध में पुलिस अधीक्षक जांजगीर ने बताया कि सभी थाना चौकियों में उचित बल के हिसाब से आवश्यकतानुसार रात्रि गश्त ड्युटी लगाई जा रही है। पेट्रोलिंग भी की जा रही है और संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर रखी जा रही है। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेंद्र कुमार जायसवाल, एसडीओपी चांपा यदुमनि सिदर, रक्षित निरीक्षक प्रदीप कुमार जोशी व निरीक्षक प्रवीण कुमार द्विवेदी थाना प्रभारी जांजगीर उपस्थित रहे।



## मारवाड़ी युवा मंच व महिला स्पंदन चाम्पा ने कैंसर जांच शिविर लगाया

**चांपा** मारवाड़ी युवा मंच एवं महिला स्पंदन चाम्पा द्वारा आज कैंसर जांच शिविर का आयोजन प्रकाश इंडस्ट्रीज चांपा के सहयोग से किया गया। शिविर में लगभग 120 लोगों ने जांच करवाई व आयोजन की प्रशंसा भी की। साथ ही प्रकाश इंडस्ट्रीज प्रबंधन समिति ने भी कैंसर वैन की प्रशंसा करते हुए कहा कि हर वर्ष इसे बुलाया जाए।

**अनमोल वचन......**

**जिस व्यक्ति ने कभी गलती नहीं की
उसने कभी कुछ नया सीखने की कोशिश नहीं की**

# सुरक्षित स्थान हर व्यक्ति का मौलिक अधिकार

साफ फुटपाथ और चलने के लिए सुरक्षित स्थान हर व्यक्ति का मौलिक अधिकार है। इसे मुहैय्या कराना राज्य प्राधिकरण का दायित्व है। बंबई उच्च न्यायालय की खंडपीठ ने यह कहा। फुटपाथ और सड़कों को प्रधानमंत्री और अति विशिष्ट व्यक्तियों के लिए एक दिन में खाली कराया जा सकता है, तो सभी लोगों के लिए रोज ऐसा क्यों नहीं किया जा सकता। अदालत ने यह भी कहा कि नागरिक कर देते हैं, उन्हें साफ फुटपाथ और चलने की सुरक्षित जगह की जरूरत है। राज्य सरकार के सख्त कार्रवाई करने की आवश्यकता और बरसों से अधिकारियों द्वारा इस मुद्दे पर काम करने की बातें बनाने पर भी अदालत ने नाराजगी जताई। इस दिशा में कठोर कदम उठाने के साथ ही संबंधित अधिकारियों में इच्छाशक्ति की कमी की बात भी की। यह हालत केवल महानगरों की ही नहीं है। अव्वल तो फुटपाथ बमुश्किल नजर आते हैं। उन पर जबरदस्त कब्जा है। रेहड़ी-खोमचे वाले तो फुटपाथों को घेर ही लेते हैं। बड़े दूकानदार भी अपने माल के प्रदर्शन और फिजूल/रद्दी सामान रखने के लिए उसका अतिरिक्त स्थान की तरह धड़ल्ले से उपयोग करते हैं। कई स्थानों पर फुटपाथों को पार्किंग स्थल बना कर प्राधीकरण खुद वसूली के ठेके देता नजर आता है। अनधिकृत फेरी वालों और रेहड़ी वालों के लिए किसी भी सरकार और प्राधिकरण द्वारा कोई विशेष स्थान तय नहीं किया जाता।यह सच है कि अपने यहां घूम-घूम कर तथा अस्थायी तौर पर बैठकर सामान बेचने वाले बहुसंख्य लोग हैं। यह उनकी रोजी-रोटी है। इन्हें उजाड़ा जाना कतई उचित नहीं कहा जा सकता। मगर आर्थिक तौर पर कमजोर लोगों को मदद किया जाना भी जरूरी है। भारतीय संविधान के अनुसार, 1950 के अनुच्छद 19(1)(छ) में कमजोर वर्ग को फुटपाथ पर काम करने से रोका नहीं जा सकता। जैसा कि अदालत ने कहा, प्रधानमंत्री और अन्य विशिष्टों के लिए मिनटों में खाली कराए जाने वाले फुटपाथों को आम नागरिक के लिए मुहैया कराने का कोई प्रयास नहीं होता। छोटे बच्चों, बुजुगरे तथा पैदल चलने वाले अन्य लोगों की सुविधा की अनदेखी पूरे देश में होती है जिसके लिए बेशक, राज्य सरकारें दोषी कही जा सकती हैं। यही कारण है कि सड़क दुर्घटनाओं में मारे जाने वालों में पैदल यात्रियों की संख्या में कोई कमी नहीं आ रही है।

## राशिफल

मेष राशि-आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज जिन कार्यों में रुकवाटे आ रही थी आज वह समाप्त हो जाएगी। आज स्वभाव में नेगेटिविटी लाने की बजाय अपने काम पर ध्यान देने की जरूरत है। आज पारिवारिक सुख-शाति बनी रहेगी। आज आप खुद को तरोताजा महसूस करेंगे।

वृष राशि-आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। अगर कोई कोर्ट संबंधी मामला रुका हुआ है तो आज आपको समाधान मिल सकता है। आज ऑफिस में बॉस को इम्प्रेस करने के लिए आपको थोड़ी मेहनत करनी पड़ सकती है। सहकर्मियों का सहयोग भी आज आपको मिलता रहेगा।

मिथुन राशि-आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज आपके कठिन परिश्रम का अच्छा फल आपको मिलेगा इससे आपका कॉन्फिडेंस बढ़ेगा। आज अपने काम को गंभीरता से करें। लोग आज आपके व्यक्तित्व से खुश हो सकते हैं। आज किसी काम को लेकर आप थोड़ी उलझन में रहेंगे।

कर्क राशि-आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आप अपने लिए लक्ष्य तय करते समय वर्तमान स्थिति पर जरूर ध्यान दें। ऑफिस में सीनियर्स अधूरे कार्यों को जल्दी पूरा करने के लिए कहेंगे। बेहतर होगा कि अपना काम समय से पूरा कर लें। आज आपका दाम्पत्य जीवन खुशहाल रहने वाला है।

सिंह राशि-आज का दिन आपके लिए महत्वपूर्ण रहेगा। आज आपके सारे पुराने काम आसानी से पूरे हो जाएंगे। आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। साइंस से जुड़े बच्चों को अच्छी जॉब का ऑफर मिल सकता है। बिजनेस के सिलसिले में ऑफिस के कलीग्स के साथ बाहर जा सकते हैं। व्यापार के मामलों में आज आपको पॉजिटिव सोच रखने की आवश्यकता है।

कन्या राशि-आज आपका दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आप परिवार वालों के साथ समय बिताएंगे। घर में खुशी का महौल बना रहेगा। इस राशि के एग्रोकेमिकल व्यापारी वर्ग को आज अचानक कोई बड़ा फायदा हो सकता है। डॉक्टर्स के लिए आज का दिन बहुत अच्छा है। पूराना रूका हुआ पैसा आज वापस मिलेगा। जिससे आर्थिक पक्ष पहले से मजबूत रहेगा।

तुला राशि-आज आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहेगा। इस राशि के टेक्सटाइल व्यापारी वर्ग को आज अचानक कोई बड़ा ऑर्डर मिलेगा। कुछ विरोधी आपके बारे मे अफवाहें फ़ैलाने के लिए तैयार बैठे हैं... ऐसा कोई मौका ही न दें। स्वास्थ्य फिट रखने के लिए डेली रूटीन में मैडिटेशन व योगा अपनाएं।

वृश्चिक राशि-आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। इस राशि की महिलाएं जो घर पर ही कोई बिजनेस करने की सोच रही है उनके लिए आज का दिन अच्छा है। सिंगर्स का कोई गाना लोगों को काफी पसंद आएगा। किसी भी काम को करने में जल्दबाजी न करें, अन्यथा वह काम दोबारा करना पड़ सकता है। अपने बिजी शेड्यूल से थोड़ा समय ईश्वर की आराधना के लिए निकालें मन शांत रहेगा।

धनु राशि-आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। आज आप कई तरह की गतिविधियों में दिन बिताएंगे इसके साथ ही कठिन से कठिन काम को पूरे निश्चय के साथ पूरे कर लेंगे। विदेश जाने के लिए प्रयास कर रहे लोगों के लिए आज कोई खुशखबरी इंतज़ार कर रही है।

मकर राशि-आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज किसी विशेष निर्णय लेने से पहले उससे सम्बंधित सभी पहलुओं पर उचित सोंच-विचार करेंगे। आज बिजनेस में सभी गतिविधियों पर ध्यान रखें। आज कोई नया एग्रीमेंट हो सकता है। घर का माहौल खुशनुमा बना रहेगा। आज आपका मन आध्यात्म में अधिक लग सकता है। आज किसी धार्मिक स्थल पर दर्शन के लिए जा सकते हैं।

कुंभ राशि-आज आपका दिन खुशनुमा पल लेकर आया है। लम्बे समय से सोचा हुआ काम आज पूरा हो जाएगा जिससे आर्थिक स्थिति में काफी सुधार आएगा। माता के साथ धार्मिक कार्यो में मन लगाने से शांती मिलेगी। शाम का समय परिवार वालों के साथ अच्छा बीतेगा। दाम्पत्य जीवन में आपसी ताल मेल बना रहेगा।

मीन राशि-आज आपका दिन आपके लिए नई खुशियां लाया है। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए दिन अच्छा है समाज हित में किये गये कामों की तारीफ हो सकती है। आज आपको उच्चाधिकारी के सामने बात रखने पर पॉजिटिव रिस्पॉन्स मिलेगा।

# बाइडेन बोलते-बोलते लडख़ड़ाए

//हरिशंकर व्यास//

**यदि ठग व्यक्ति, झूठ बोलने में गुरू हो तो करेला नीम पर चढ़ा। तभी इन दिनों डोनाल्ड ट्रम्प जैसा ठग और झूठा राजनीति का प्रतिमान है। कोई आश्चर्य नहीं जो हाल में उन्होंने राष्ट्रपति बाइडेन को चुनावी बहस में हड़बड़ा दिया। राष्ट्रपति बाइडेन बोलते-बोलते लडख़ड़ाए। इसकी मूल वजह 81 साल की उम्र में विस्मृति की थी। लेकिन बहस के दौरान बाइडेन के चेहरे से यह कई बार लगा कि उनका ऐसे झूठे ठग से पाला पड़ा है कि वे बोलें तो क्या बोलें! ठग वाचाल होते हैं। वे ऊंची आवाज में, अभिनय के साथ झूठ बोलते हैं (भारत में भी गौर करें)। इसलिए उसके आगे उम्रदराज सज्जन का लडख़ड़ाना स्वाभाविक है। इसलिए डोनाल्ड ट्रम्प से बाइडेन को बहस करनी ही नहीं थी। और यदि करनी थी तो कम से कम यह शर्त तो रखनी थी कि बहस उनकी इस माफी से शुरू होगी कि हां, वे 2020 के चुनाव में हारे थे। और उस चुनाव में बाइडेन ही विजयी थे। वे 2020 के अमेरिकी जनादेश को सच्चा मानते हैं!**

कितना त्रासद है यह सत्य जो नतीजों के बाद वाशिंगटन से भागा भगोड़ा डोनाल्ड ट्रम्प वापिस सत्ता की दौड़ में है। जिसने जनादेश को नहीं माना। संसद पर हमला करवाया और अमेरिकी लोकतंत्र को विश्व में कलंकित किया वही पूरी दबंगी से वापिस कह रहा है कि मैं ग्रेट हूं और बाइडेन फेल हैं। तभी बाइडेन कैसे बोलें कि मैं ग्रेट हूं या सामने वाला जो बोल रहा है वह फरेबी, ठग, झूठा और नीच है!

इस नाते लोकतंत्र की श्रेष्ठता के बावजूद उसका यह संकट स्थायी है कि फरेबी, झूठे, नीच नेताओं को रोकने का सेफ्टी वाल्व क्या हो। भारत या तीसरी दुनिया के देशों के लोकतंत्रों में झूठे, फरेबी, गंवार नेताओं का सत्ता में आना तीसरी दुनिया की अनपढ़, अंधविश्वासी आबादी के कारण समझ में आता है लेकिन अमेरिका, फ्रांस जैसे विकसित, सभ्य देशों में डोनाल्ड ट्रम्प या ले पेन जैसे अनुदारवादी ठगों का पॉवर में आना तो इन देशों के विकसित या सभ्य होने पर ही सवाल है! लोकतंत्र की आत्मा का नाम है उदारवाद। और बावजूद इसके यदि अनुदारवादी नेता ठगी, झूठ से प्रधानमंत्री या राष्ट्रपति बन रहे हैं तो वैसा होना क्या लोकतंत्र की आत्मा का कमजोर होना और असुरों से उसका दानवीकरण नहीं है।

तभी अमेरिका के लोकतंत्र के लिए विष है डोनाल्ड ट्रम्प! कट्टरपंथ, अनुदारवाद, घोर दक्षिणपंथ या घोर वामपंथ याकि तमाम अतिवादी विचार तलवार का वह जुबानी रूप हैं, जिससे सर्वप्रथम लोकतंत्र ही घायल होता है। डोनाल्ड ट्रम्प 2016 में राष्ट्रपति बनने से पहले भी अनुदारवादी थे। ठग थे। झूठे थे। और राष्ट्रपति् रहते हुए भी मनमानी के साथ उन्होंने दबा कर झूठ बोला। उन्होने मार्केटिंग-ब्रांडिंग-अभिनय-झूठ के वे सभी हथकंड़े अपनाए हुए थे, जिनमें ठग पारंगत होते हैं। अब सत्ता से बाहर होने के बाद वापिस चुनाव लड़ रहे हैं तो पुरानी गलतियों को मानने, उन पर माफी मांगने की बजाय ठगी के अपने चरित्र से वोट मांग रहे हैं। बाइडेन को फेल बता रहे हैं और अपने को ग्रेट। सोचें, उनका यह हुंकारा कि उनके राष्ट्रपति रहते हुए अमेरिका की दुनिया में इज्जत, गरिमा बनी जबकि बाइडने से सर्वनाश हुआ! इस बात को वे गोरे लोग, कट्टरपंथी, अनुदारवादी, रिपब्लिकन पार्टी के नेता मानते हुए हैं जो पढ़े-लिखे होने के बावजूद यह समझते हैं कि बाहरी लोगों के आने से अमेरिका खत्म हो रहा है। काली आबादी, लातीनी आबादी, एशियाई आबादी, मुस्लिम आबादी गोरों की रोजी-रोटी खा रही है। अमेरिका क्यों दुनिया का चौधरी रहे। वह क्यों दुनिया में लोकतंत्र के लिए लड़े। क्यों तानाशाहों से यूरोप या दुनिया को बचाने के लिए अरबों-खरबों रुपए खर्च करे और सेना भेजे। कूटनीति करे। मतलब वह अपनी अमीरी खुद भोगे, दूसरों पर क्यों जाया करे या बांटे! उसे क्यों अपनी विश्व व्यवस्था बनाए रखनी चाहिए जब वह खुद अकेले अपनी ताकत से अपने हितों की सुरक्षा में समर्थ है! मतलब अमेरिका की महानता अपने घर की गोरी नस्ल, गोरे सरोकारों से है और उसी के हितों की हितसाधना और विकास में है!सवाल है इस तरह सोचना ही अमेरिका के इतिहास और निर्माण को क्या खारिज करना नहीं है। अमेरिका बना ही बाहरी लोगों से। डोनाल्ड ट्रम्प खुद और उनके सभी भक्तों के वंशज दुनिया भर से आए प्रवासियों की संतान हैं। इसी कारण अमेरिका की तासीर सतरंगी है। विविधताओं से बने विकास का वह आधुनिक चमत्कार है। लोकतंत्र का वैश्विक प्रतिमान है। ज्ञान-विज्ञान-सत्य और कानून-कायदों का देश है। सबको समान अवसर देने की तमाम व्यवस्थाएं लिए हुए है। उसी व्यवस्था से दुनिया भर के लोगों के लिए अमेरिका आकर्षक है। सभी को अमेरिका ने मौका दिया तो बदले में उसकी प्राप्ति जहां सर्वाधिक नोबेल पुरस्कार है वही हर ओलंपिक में लगातार चली आ रही टॉप पोजिशन है। अमेरिकी सभ्यता और संस्कृति यदि आज पूरी पृथ्वी पर अपनी छाप छोड़ते हुए है तो ऐसा होना अमेरिकी समाज की विविधताओं और उदारवादी परंपराओं से खिली कला-संस्कृति की बदौलत है न कि डोनाल्ड ट्रम्प और उनके अनुदारवादी समर्थकों की जीवन शैली तथा सोच से!

और इस सत्य को अमेरिका में भी जानने-बूझने वाले कम नहीं हैं। इसलिए 2020 के चुनाव में डोनाल्ड ट्रम्प की तमाम धांधलियों के बावजूद लोगों ने बहुमत से डोनाल्ड ट्रम्प को हरा कर डेमोक्रेटिक पाटी के जो बाइडेन को राष्ट्रपति बनाया। बावजूद इसके न डोनाल्ड ट्रम्प ने संन्यास लिया और न उनके अनुदारवादी समर्थकों को समझ आया कि ट्रम्प के शासन के दौरान अमेरिका का कितना और कैसा अहित हुआ है।

तभी बोतल में बंद जिन्न वापिस चुनाव मैदान में है। उन्हें हराने का दारोमदार वापिस 81 साल के बाइडेन पर है। और उम्र से बाइडेन की दिक्कत है। उनका शरीर, उनकी आवाज, उनकी याददाश्त, उनका भलापन, उनका सत्य 78 वर्षीय डोनाल्ड ट्रम्प के आगे कमजोर दिख रहा है। डेमोक्रेटिक पार्टी और खुद बाइडेन ने यह नहीं सोचा था कि चुनाव लड़ते-लड़ते अचानक उनकी आवाज और याददाश्त लडख़ड़ाई दिखेगी! मगर जब ऐसा हुआ तो 27 जून की लाइव टीवी डिबेट से ट्रम्प के आगे बाइडेन की लोकप्रियता का ग्राफ उतरता हुआ है। बाइडेन मान रहे थे कि वे ही डोनाल्ड ट्रम्प को हराने में समर्थ हैं। उन्होंने पहले हराया है, देश को बचाया है तो उन्हें ही वापिस लडऩा चाहिए। उनकी पार्टी के दूसरे नेता (ओबामा, क्लिंटन आदि) भी बाइडेन को समर्थ मानते थे। इसी कारण वे पार्टी की तरफ से अभी निर्विरोध उम्मीदवार हैं।

मगर अब सब शंकित हैं। न केवल डेमोक्रेटिक पार्टी के सांसद, नेता और समर्थक शंकित हैं, बल्कि अमेरिका के वे सभी नागरिक चिंता में हैं, जो मानते हैं कि डोनाल्ड ट्रम्प यदि वापिस राष्ट्रपति बने तो तय है बरबादी! इसलिए उदारवादियों में सोचा जाने लगा है कि बाइडेन स्वंय अपनी जगह दूसरा उम्मीदवार तय करें। अगस्त में डेमोक्रेटिक पार्टी का अधिवेशन है। उसमें बाइडेन की उम्मीदवारी पर अंतिम ठप्पा लगना था लेकिन अब ट्रम्प से अमेरिका को बचाने की चाह वाले सभी चाह रहे हैं कि बाइडेन अपनी जगह किसी और डेमोक्रेटिक उम्मीदवार की घोषणा करें। भले वह उप राष्ट्रपति कमला हैरिस हों या कैबिनेट का कोई मंत्री, राज्यपाल या सांसद हो। हिसाब से उप राष्ट्रपति के नाते कमला हैरिस का नाम पार्टी में स्वीकार्य होना चाहिए। लेकिन वे बतौर उप राष्ट्रपति अपेक्षाकृत कम सक्रिय रही हैं इसलिए पार्टी में उनको ले कर वैसी आम राय नहीं है, जैसी होनी चाहिए। बावजूद इसके डोनाल्ड ट्रम्प के नाम के आगे पहचान-ब्रांड और हैसियत की कसौटी में कमला हैरिस निश्चित ही दमदार उम्मीदवार होंगी! लेकिन अनुदारवादी गोरे लोगों की भीड़ के हल्ले के आगे वे टिक सकेंगी, यह सवाल गंभीर है! सो, मुद्दा डोनाल्ड ट्रम्प जैसे ठग और झूठे के आगे गंभीर, सच्चे तथा सज्जन उम्मीदवार की लड़ाई का है। अमेरिका में और पूरी दुनिया में निचोड़ है कि 27 जून की टीवी बहस में डोनाल्ड ट्रम्प सिर्फ झूठ बोलते हुए तथा फिजूल बातें, गाली-गलौज करते हुए थे जबकि बाइडेन के जवाब तथ्य-कथ्य-सत्य की कसौटी में सच्चे थे। लेकिन उनकी आवाज क्योंकि झूठ जितनी बुलंद नहीं थी। उनकी आवाज धीमी थी। वे ट्रम्प की भाषा और झूठ सुन हैरानी और दुविधा के मनोभाव में थे। जैसे को तैसा जवाब देने में असमर्थ थे। इसलिए वे कैसे लड़ सकेंगे। इसलिए अमेरिका के अगले पांच महीने संकट भरे हैं और नवंबर का राष्ट्रपति चुनाव तमाम तरह की चुनौतियां लिए हुए होगा!

# आखिरकार टी-20 विश्व कप चैंपियन बना भारत

//मनोज चतुर्वेदी//

**भारत आखिरकार, टी-20 विश्व कप में चैंपियन बन गया। उन्होंने बारबाडोस के केनसिंग्टन ओवल में खेले गए फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को सात रनों से हरा कर यह सफलता हासिल की है। भारत ने टी-20 विश्व कप को दूसरी बार जीता है। इससे पहले 2007 में इसकी शुरुआत होने पर महेंद्र सिंह धोनी की अगुआई में चैंपियन बना था। धोनी की कप्तानी में ही भारत ने 2011 में वनडे विश्व कप और 2013 में चैंपियंस ट्रॉफी जीती। पर इसके बाद से सफलता रूठी रही। पिछले साल नवम्बर में भारतीय टीम वनडे विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया के हाथों हारी तो लगा कि टीम में चैंपियन बनने का दम नहीं है। पर सात माह में ही टीम चैंपियन का सपना पूरा करने में सफल रही।**



भारत जब वनडे विश्व कप में हारा तो रोहित शर्मा की कप्तानी पर सवाल उठने लगे थे। माना जा रहा था कि किसी युवा को टीम की कमान सौंपी जा सकती है। लेकिन रोहित जब पहली बार चयन समिति से मिले तो उन्होंने कहा कि हमारी टीम के खिलाड़ियों को खारिज करना सही नहीं होगा क्योंकि हमने लीग चरण में चैंपियन ऑस्ट्रेलिया सहित हर टीम को हराया है। चयन समिति को इससे लगा कि रोहित टी-20 विश्व कप में कप्तानी करने को तैयार हैं। तब उन्हें ही विश्व कप में कप्तान बनाने का ऐलान हुआ। इसके बाद रोहित ने कोच राहुल द्रविड़ और सपोर्ट स्टाफ के साथ मिल कर टीम के खेलने के अंदाज को नया आयाम दिया।

इसे बाद टीम ने मुश्किल में फंसने के बाद भी आक्रामक रुख नहीं छोड़ा और यह बदलाव ही टीम को चैंपियन बनाने में सफल रहा। इस सफलता ने कोच राहुल द्रविड़ हों या कप्तान रोहित शर्मा सभी की छवि को नया रूप दे दिया है। राहुल बेजोड़ खिलाड़ी होने के बावजूद कभी विश्व कप जीतने वाली टीम का हिस्सा नहीं बन सके थे। अपनी कप्तानी में बारबाडोस में ही वनडे विश्व कप में खराब प्रदर्शन से दो-चार हो चुके थे। लेकिन अब इसी मैदान से विश्व कप जिताने वाले कोच के तौर पर अपनी इस पारी को विराम दे रहे हैं। जहां तक बात रोहित की है तो वह अपनी कप्तानी में टीम को विश्व टेस्ट चैंपियनशिप और वनडे विश्व कप के फाइनल में ले जा चुके थे पर चैंपियन कप्तान का टेग उनके ऊपर नहीं लग सका था। वह भारत को वनडे और टी-20 रैंकिंग में नंबर एक पर पहुंचाने में सफल रहे पर फिर भी विश्व कप जीतने वाले कप्तानों कपिल देव की जमात में शामिल नहीं हो सके थे पर अब टी-20 विश्व कप जीत कर वह इस जमात में शामिल हो गए हैं। रोहित और द्रविड़ की कप्तान-कोच की जोड़ी की तरह ही विराट और रवि शास्त्री की जोड़ी ने भी टीम को ढेरों सफलताएं दिलाई पर टीम को विश्व कप नहीं जिता सकी। पर विराट इससे पहले वनडे विश्व कप और चैंपियंस ट्रॉफी जीतने वाली टीमों में शामिल रहे थे और उनकी कप्तानी में भारत अंडर-19 विश्व कप भी जीत चुका था। अब टी-20 विश्व कप भी उनकी झोली में आ गया है। वह चारों ट्रॉफियां जीतने वाले दुनिया के इकलौते खिलाड़ी बन गए हैं।

भारत ने जिस तरह से फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को फतह किया, उसे सालों-साल याद रखा जाएगा। भारत ने जब पहले बल्लेबाजी करके सात विकेट पर 176 रन बनाए तो यह लगा कि वह जरूरत से 10-15 रन पीछे रह गया। हालांकि यह विश्व कप फाइनल का अब तक का सर्वश्रेष्ठ स्कोर था। दक्षिण अफ्रीका के क्लासेन और क्विंटन डिकॉक खेल रहे थे तो लगा कि भारत के रन कम रह गए। लेकिन हार्दिक पांडय़ा ने 17वें ओवर में गेंदबाजी के लिए आने पर पहले क्लासेन और फिर डेविड मिलर को आउट करके दक्षिण अफ्रीका की तरफ झुके मैच को भारत के पक्ष में कर दिया। यह सही है कि उन्हें डेविड मिलर का विकेट उनके गेंदबाजी कमाल से ज्यादा सूर्यकुमार यादव द्वारा कैच पकड़ने में दिखाई सूझबूझ की ज्यादा भूमिका थी। पर अपने प्रदर्शन से उन्होंने दिखाया कि वह टीम के लिए कितने महत्वपूर्ण हैं। आईपीएल में खराब प्रदर्शन करने पर उन्हें टीम में शामिल करने पर भी सवाल खड़े किए जा रहे थे। विश्व कप में उन्होंने बल्ले और गेंद दोनों से बेहतरीन प्रदर्शन करके दिखाया कि वह कितने अहम खिलाड़ी हैं। कोच राहुल और कप्तान रोहित के अपने फैसलों पर अडिग रहने ने भी सफलता में अहम भूमिका निभाई। इस जोड़ी ने विराट से पारी शुरू कराने का फैसला किया और उनसे पहली गेंद से ही आक्रामक रुख अपनाने को कहा। इसमें विराट को थोड़ी दिक्कत हुई और वह कई बार दो-एक अच्छे शॉट लगाकर आउट होते रहे। फाइनल तक एक भी अर्धशतक नहीं बना पाने पर उनसे पारी शुरू कराने की आलोचना होने लगी। कहा जाने लगा कि यशस्वी जायसवाल से पारी शुरू कराकर विराट को तीसरे नंबर पर खिलाया जाए। पर द्रविड़ और रोहित अपने फैसले पर डटे रहे, क्योंकि उन्हें विराट की क्षमता का अंदाजा था। आखिर में फाइनल में कोहली ने अपना विराट रूप अपना कर भारत को चैंपियन बनाने में अहम भूमिका निभा दी।

## तस्वीरों की दुनिया



मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी और उपमुख्यमंत्री भट्टी विक्रमार्क मल्लू ने नई दिल्ली में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया।



झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपनी पत्नी और जेएमएम विधायक कल्पना सोरेन के साथ झारखंड के रांची में शपथ ग्रहण समारोह के बाद स्वतंत्रता सेनानी सिद्धू-कान्हू को श्रद्धांजलि देते हुए।



मुंबई में विजय परेड के लिए टीम इंडिया के आगमन की प्रतीक्षा में प्रशंसक मरीन ड्राइव पर एकत्रित हुए।



केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल नई दिल्ली में आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू के साथ बैठक करते हुए।



उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी का अयोध्या राम जन्मभूमि मंदिर से लौटने के बाद पटना में समर्थकों द्वारा स्वागत किया गया।



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने नई दिल्ली के जीटीबी नगर में दिहाड़ी मजदूरों से बातचीत की।



तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी और उपमुख्यमंत्री भट्टी विक्रमार्क मल्लू नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की।

# सैलाब देख हर कोई था हैरान, पानी भरे खेतों में ही जमाया था डेरा, कानपुर हाईवे से नजर आ रही थी भीड़

**अलीगढ़, 05 जुलाई [एजेंसी]।**

सत्संग में जनसैलाब उमड़ पड़ा था। हर तरफ भीड़ ही भीड़ थी। अलीगढ़ मंडल में अब तक हुए इस तरह के आयोजनों में यह सर्वाधिक भीड़ थी, जिसने सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए थे। कार्यक्रम स्थल से लेकर आसपास के खेतों में बरसात का पानी भी भरा था, लेकिन नारायण साकार विश्व हरि (भोले बाबा) के अनुयायियों इससे जरा भी विचलित नहीं हुए। गीले खेतों में ही डेरा जमा लिया था। अलीगढ़-कानपुर हाईवे पर कई जगह भंडारे की भी व्यवस्था की गई थी। जगह-जगह सेवादार पानी भी पिला रहे थे। इंटरनेट मीडिया पर भीड़ के कई वीडियो वायरल हो रहे हैं।

वाहनों से जा रहे राहगीरों को भी बाबा के सेवादारों ने वीडियो बनाने से रोका। घटना वाले दिन सुबह से ही भीड़ का आलम था। सत्संग समापन के बाद इस भीड़ ने ही 121 लोगों की जान ले ली।अलीगढ़ में रामघाट रोड पर तालानगरी के पास स्थित 100 बीघा मैदान में 2022 में सत्संग हुआ था। तब आयोजकों ने एक से दो लाख भीड़ आने की संभावना जताते हुए प्रशासन से अनुमति ली थी। उस आयोजन में दो लाख से अधिक भीड़ आई थी। अच्छी बात ये रही कि किसी तरह की कोई परेशानी नहीं हुई। बाबा के अनुयायी ही



सारी व्यवस्था संभाले हुए थे। हाथरस के सिकंदराराऊ के फुलरई और मुगलगढ़ी गांव के पास 155 बीघा खेत में सत्संग के लिए व्यवस्था की थी। अलीगढ़ की तुलना में यह मैदान तो बड़ा था ही हाईवे होने के चलते अधिक भीड़ एकत्रित होने का मौका और मिल गया। जिस दिन हादसा हुआ उससे पहले बरसात भी हुई थी। सत्संग वाले दिनों आसपास के खेतों में पानी भरा हुआ था। आयोजन स्थल भी गीला था, लेकिन अनुयायियों पर इसका कोई असर नहीं हुआ।

अलीगढ़ में हुए आयोजन में भी ऐसा देखने को मिला था। मैदान में पानी भरने पर भी अनुयायी और सेवादार अपनी जगह से हिले नहीं थे। घुटनों पानी में ही सत्संग में लीन रहे। सिकंदराराऊ में हुए हादसे से पहले के इंटरनेट मीडिया पर कई वीडियो प्रसारित हो रहे हैं। जो भीड़ की भयावहता को दर्शा रहे हैं। एक्स पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसे अलीगढ़ की ओर आ रही बस में सवार किसी यात्री ने बनाया है। वीडियो बनाने के दौरान यात्री भीड़ देखकर हैरान है। कह रहा है, पता नहीं ये पब्लिक कहां से आई है। गीले खेतों में शिविर लगाए हैं। इसी दौरान हाईवे पर खड़े सेवादार वीडियो बनाने का विरोध करते हैं।

यात्री हंसते हुए दूसरे यात्री से कहता है, देखो भाई वीडियो भी नहीं बनाने दे रहे। कुछ दूर चलने के बाद फिर कहता, बहुत तगड़ी भीड़ है यार। बैनर पर लिखे नाम को पढ़कर कहता है, बाबा साकार विश्व हरि के लिए भीड़ जुटी है।हादसे के बाद हजारों की भीड़ हाईवे को पार कर ज्वार और मूंग के खेत में पहुंच गई। इसका भी वीडियो प्रसारित हो रहा है। आसपास के मकानों से स्थानीय लोगों ने वीडियो बनाए। इनमें भी जन सैलाब दिखाई दे रहा है। हाईवे पर यातायात एक ही दिशा निकल रहा है। बड़ी संख्या में सेवादार लाठी लेकर यातायात को नियंत्रित करते दिखाई दे रहे हैं। हादसे के बाद सेवादारों ने घायल पड़े लोगों के इलाज की चिंता भी नहीं की। मौके पर मौजूद रहे लोकेश ने बताया कि सेवादार कह रहे थे कि बाबा की कृपा से सब ठीक हो जाएगा। सेवादारों ने वीडियो बना रहे लोगों का विरोध भी किया। मरने वालों की संख्या बढ़ती गई तो सेवादारों के होश उड़े। अपनी पहचान छिपाने के लिए सेवादारों ने वर्दी उतारकर सामान्य कपड़े पहने और थैला में वर्दी रखकर भाग गए। इसके बाद तो एक भी सेवादार नहीं दिखा।

## बादलों ने बुझाई धरती की प्यास! अब महज कुल मानसूनी बारिश में इतनी रह गई कमी

**नई दिल्ली।** पिछले कुछ दिनों के दौरान उत्तर पश्चिम और पूर्वोत्तर भारत में भारी बारिश के कारण देश में कुल मानसूनी बारिश में कमी 11 प्रतिशत (30 जून तक) से घटकर बृहस्पतिवार को केवल तीन प्रतिशत रह गई है। मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने बताया कि उत्तर पश्चिम भारत में वर्षा की कमी 33 प्रतिशत से घटकर वीरवार को 14 प्रतिशत, मध्य भारत में 14 प्रतिशत से घटकर आठ प्रतिशत तथा पूर्व और पूर्वोत्तर भारत में 13 प्रतिशत से घटकर दो प्रतिशत रह गई है।दक्षिण भारत में अब तक मानसून के दौरान अतिरिक्त बारिश (13 प्रतिशत) दर्ज की गई है। मौसम विभाग ने बताया कि देश के 24 प्रतिशत उपमंडल क्षेत्रों में अत्यधिक वर्षा हुई। 45 प्रतिशत में सामान्य वर्षा हुई तथा 31 प्रतिशत में कम वर्षा हुई। एक जून को चार महीने का मानसूनी सीजन शुरू होने के बाद से देश में अब तक 190.6 मिलीमीटर (मिमी) बारिश हो चुकी है, जबकि सामान्य बारिश 196.9 मिमी होती है। जून में 11 प्रतिशत कम बारिश हुई थी। देश में जून में केवल 147.2 मिमी वर्षा हुई थी जबकि सामान्यतः 165.3 मिमी वर्षा होती है।उधर, असम में बाढ़ से मरने वालों की संख्या बढ़कर 56 हो गई है। बाढ़ से 29 जिलों के साढ़े 16 लाख लोग प्रभावित हुए हैं। प्रदेश में अधिकांश प्रमुख नदियों में जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर चल रहा है।

असम के प्रसिद्ध काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान में अब तक 17 जानवरों की डूबने से मौत हो चुकी है, जबकि 72 अन्य को बाढ़ के पानी से बचाया गया है। मरने वाले जानवरों में 16 हाग हिरण शामिल हैं। इस बीच असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि राज्य में बाढ़ की स्थिति नियंत्रण में है, लेकिन सब कुछ अगले कुछ दिनों के दौरान मौसम की स्थिति पर निर्भर करता है। प्रभावित लोगों को राहत प्रदान की जा रही है और क्षतिग्रस्त बुनियादी ढांचे की मरम्मत के साथ-साथ बाढ़ पीड़ितों के पुनर्वास के लिए योजनाएं तैयार की जा रही हैं। उधर, अरुणाचल में भी बाढ़ से नुकसान हुआ है।

## हिजबुल्ला ने इजरायल पर की रॉकेटों की बौछार, जवाबी कार्रवाई में इजरायल के सोनिक बूम से गूंजा लेबनान



**बेरूत, 05 जुलाई [एजेंसी]।**

लेबनान के हिजबुल्ला समूह ने वरिष्ठ कमांडर मोहम्मद नामेह नासिर की मौत के जवाब में गुरुवार को इजरायल के कई सैन्य ठिकानों पर रॉकेट और ड्रोन से हमला बोला। हिजबुल्लाह का दावा है कि उसने एक घंटे के भीतर 200 रॉकेट दागे। ईरान समर्थित आतंकी समूह का हमला लेबनान-इजरायल सीमा पर महीनों तक चले संघर्ष में सबसे बड़े हमलों में से एक है। हताहतों की तत्काल कोई रिपोर्ट नहीं है। हिजबुल्ला ने कहा है कि अगर हमास और इजरायल के बीच संघर्ष विराम होता है तो वह अपने हमले रोक देगा। हिजबुल्ला हमले के बाद इजरायल ने भी दक्षिणी लेबनान के विभिन्न शहरों पर हमला बोला। इजरायली सेना ने कहा कि उसने दक्षिणी सीमावर्ती कस्बों रामयेह और होउला में उसके ठिकानों पर हमला बोला है।

लेबनान की सरकारी राष्ट्रीय समाचार एजेंसी ने बताया कि इस बीच इजरायली जेट विमानों की सोनिक बूम कई क्षेत्रों में सुनाई दी। इजरायली सरकार के एक अधिकारी ने गुरुवार को कहा कि हमास के साथ बंधक रिहाई समझौते पर बातचीत के लिए एक प्रतिनिधिमंडल भेजा गया है। गुरुवार को यह निर्णय हमास द्वारा चरणबद्ध संघर्ष विराम के लिए अमेरिका समर्थित प्रस्ताव पर एक नई प्रतिक्रिया प्रस्तुत करने के एक दिन बाद आया है।इस बीच, गाजा में संभावित युद्धविराम समझौते पर हमास की नई स्थिति पर चर्चा के लिए इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू अपनी सुरक्षा कैबिनेट बैठक बुलाने वाले हैं। बैठक से पहले वह युद्धविराम वार्ता टीम के साथ परामर्श भी करेंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन द्वारा मई के अंत में सार्वजनिक किए गए एक प्रस्ताव पर इजरायल को बुधवार को हमास की ओर से प्रतिक्रिया मिली है, जिसमें गाजा में रखे गए लगभग 120 बंधकों की रिहाई और फलस्तीनी क्षेत्र में युद्धविराम शामिल होगा।

## ब्रिटेन में किसकी बनेगी सरकार? वोट के बाद नतीजों का इंतजार, सुनक या स्टर्मर कौन बनेगा प्रधानमंत्री

**लंदन, 05 जुलाई [एजेंसी]।**

ब्रिटेन में गुरुवार को करोड़ो मतदाताओं ने नई सरकार चुनने के लिए मतदान किया। लेबर पार्टी के नेता कीर स्टर्मर ने मतदान की शुरुआत में ही वोट डाला। मतदान के लिए देश भर में 40,000 पोलिंग बूथ बनाए गए हैं।

प्रधानमंत्री ऋषि सुनक और उनकी पत्नी अक्षता मूर्थि ने यॉर्कशायर में रिचमांड एंड नार्थलर्टन निर्वाचन क्षेत्र में मतदान किया।मतदान के बाद स्टर्मर ने कहा, आज ब्रिटेन नया अध्याय शुरू कर सकता है। उन्होंने कहा कि हम कंजर्वेटिव को सरकार चलाने के लिए और पांच वर्ष का समय नहीं दे सकते हैं लेकिन बदलाव के लिए आपको लेबर पार्टी को वोट देना होगा। लेबर पार्टी के नेता कीर स्टर्मर ने छह सप्ताह के चुनाव प्रचार अभियान के दौरान लोगों से उनकी मध्य-वामपंथी पार्टी को मौका देने और बदलाव के लिए मतदान करने का आग्रह किया था। विश्लेषकों और राजनेताओं सहित



अधिकांश लोगों को उम्मीद है कि वे ऐसा करेंगे। लोगों में सुनक के प्रति कुछ नराजगी है, वे उनपर सभी वादों को पूरा न करने का आरोप लगाते हैं। हालांकि, सुनक ऐसा नहीं मानते। चुनाव में कंजर्वेटिव व लेबर पार्टी के अलावा लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी, ग्रीन पार्टी व यूके रिफॉर्म पार्टी जैसे दल भी किस्मत आजमा रहे हैं। ब्रिटेन में अब तक हुए ओपिनियन पोल के अनुसार चुनाव में लेबर पार्टी बहुमत हासिल कर सकती है। कंजरवेटिव पार्टी को उसके इतिहास में सबसे कम सीटें मिल सकती हैं।

वहीं कंजरवेटिव पार्टी को उसके इतिहास में सबसे कम सीटें मिल सकती हैं। विश्लेषकों का मानना है कि मतदाता चुनाव में ज्यादा दिलचस्पी नहीं दिखा रहे हैं इसकी वजह से मतदान का प्रतिशत कम रह सकता है। कुछ हद तक मतदाता दोनों प्रमुख राजनीतिक दलों कंजरवेटिव और लेबर से निराश नजर आ रहे हैं। विश्लेषकों का यह भी कहना है कि चुनाव में लेबर पार्टी को बढ़त लोकप्रिय नीतियों की वजह से नहीं बल्कि कंजरवेटिव पार्टी की आंतरिक कमजोरियों के कारण मिल रही है।

## चंपई सोरेन के लिए भावुक हुई हेमंत की भाभी देवर को खूब सुनाया, कहा- ये लोग कभी भी...



**दुमका, 05 जुलाई [एजेंसी]।**

झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन की बड़ी पुत्र वधु एवं भाजपा नेत्री सीता सोरेन ने हेमंत सोरेन के तीसरी बार मुख्यमंत्री बनने पर गुरुवार को प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि झामुमो में एक अलग संविधान है। कहा कि ये लोग जिनको जब चाहें उन्हें मुख्यमंत्री की सीट पर बैठा सकते हैं और इस सीट से उतार भी सकते हैं। सीता सोरेन ने अपने देवर और सीएम हेमंत सोरेन को फिर से सीएम बनने की बधाई देने की बजाय कहा कि चंपई सोरेन झामुमो के पुराने नेता हैं और कोल्हान में टाइगर के नाम से जाने जाते हैं। उन्होंने कहा कि कोल्हान के टाइगर को शांत कर दिया गया है। कहा कि हेमंत सोरेन को यह देखना चाहिए था कि आने वाले विधानसभा चुनाव में महज तीन-चार महीने बाकी है और अगर चंपई सोरेन ही लगातार मुख्यमंत्री रहते तो इन लोगों को क्या दिक्कत थी। पोड़ैयाहाट विधायक और कांग्रेस विधायक दल के उपनेता प्रदीप यादव ने हेमंत सोरेन के एक बार फिर सीएम बनने पर बधाई देते हुए कहा कि झारखंड के लोगों के लिए यह गर्व का पल है। झारखंड के लोग बहुत खुश हैं और हमें उम्मीद है कि हेमंत सोरेन राज्य को ऊंचाइयों तक ले जाएंगे। उन्होंने समर्थकों के साथ मिठाइयां बांटकर पटाखों के साथ जश्न मनाया। यादव ने कहा कि लोगों को बिजली बिल माफ होने की खुशी है तो महिलाओं को पेंशन मिलने की खुशी है।

## नए कानून लोगों के जीवन को आसान बनाएंगे, केंद्रीय मंत्री मेघवाल बोले- न्याय प्रक्रिया में आएगी तेजी

**गाजियाबाद, 05 जुलाई [एजेंसी]।**

केंद्रीय विधि व न्याय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि नए आपराधिक कानून नागरिकों के जीवन को आसान बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। ये कानून न्याय प्रदान करने में तेजी लाएंगे और मुकदमेबाजी के दौरान सभी हितधारकों के महत्वपूर्ण समय की बचत करेंगे। भारत के दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का जिक्र करते हुए कहा कि न्यायिक प्रक्रिया में सुधार होने से आने वाले कुछ वर्षों में



भारत तीसरे नंबर की अर्थव्यवस्था का लक्ष्य हासिल कर लेगा। वह सीबीआई अकादमी में अलंकरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान सीबीआई की भूमिका की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि समाज में न केवल सीबीआई के महत्व को मान्यता मिल रही है, बल्कि इसकी जांच भी सर्वश्रेष्ठ है।

मेघवाल ने इस बात पर जोर दिया कि सीबीआई को सर्वश्रेष्ठ जांच एजेंसी माना जाना सही मायने में उचित है, जो विभिन्न हितधारकों द्वारा जटिल एवं संवेदनशील मामलों में सीबीआई जांच की मांग से परिलक्षित होता है। इस अवसर पर 39 सीबीआई अधिकारियों/कर्मियों को विशिष्ट सेवा हेतु राष्ट्रपति पुलिस पदक प्रदान किए। इस मौके पर सीबीआई के निदेशक प्रवीण सूद भी मौजूद रहे।

## राजकोट गेमिंग जोन अग्निकांड मामले में दो इंस्पेक्टर निलंबित, एसआईटी ने इन्हें माना जिम्मेदार



**अहमदाबाद, 05 जुलाई [एजेंसी]।**

गुजरात के राजकोट गेमिंग जोन अग्निकांड मामले में सरकार ने दो पुलिस निरीक्षकों को निलंबित कर दिया। पुलिस ने महानगर पालिका के शहर योजना अधिकारी मनसुख सागठिया को छह दिन के रिमांड पर लिया है। अपराध शाखा को उसके कार्यालय से करोड़ों की नकदी व 18 करोड़ रुपये का सोना मिला है।

राजकोट गेमिंग जोन मामले की जांच में परत दर परत खुलती जा रही है। एसआईटी ने इस हादसे के लिए महानगर पालिका, पुलिस तथा इलेक्ट्रीसिटी बोर्ड के अधिकारियों को जिम्मेदार बताया है। एसआईटी इस मामले में राजकोट के तत्कालीन पुलिस आयुक्त राजू भार्गव तथा महानगर पालिका के तत्कालीन आयुक्त आनंद पटेल के बयान दर्ज किए हैं। इस अग्निकांड में बच्चों समेत कई लोगों की मौत हो गई थी।

## आगनवाड़ी केंद्र के खाने के पैकेट में मिला मरा हुआ सांप, मचा हड़कंप, बच्चे के पिता ने उठाया ये कदम

**सांगली, 05 जुलाई [एजेंसी]।**

महाराष्ट्र के सांगली जिला स्थित एक आंगनवाड़ी केंद्र के भोजन के पैकेट में छोटा मरा हुआ सांप पाए जाने से हड़कंप मच गया। मामला संज्ञान में आने के बाद इसकी जांच शुरू कर दी गई है। राज्य आंगनवाड़ी कर्मचारी संघ की उपाध्यक्ष आनंदी भोसले ने कहा कि घटना की सूचना सोमवार को एक बच्चे के माता-पिता ने दी। इसे बहुत ही गंभीर मामला बताते हुए कांग्रेस नेता और पलुस-कडेगांव विधायक विश्वजीत कदम ने मौजूदा मानसून सत्र में राज्य विधानसभा में इस मुद्दे को उठाया। उन्होंने घटना की विस्तृत जांच के साथ ही इसके लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की




मांग की। वहीं, अधिकारियों ने कहा है कि बच्चे के माता-पिता ने मृत सांप की तस्वीर लेने के बाद उसका निस्तारण कर दिया और उसकी फोटो को स्थानीय आंगनवाड़ी सेविका (कार्यकर्ता) को भेज दिया।

उन्होंने बताया कि पैकेट से भोजन का नमूना एकत्र कर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है। छह महीने से तीन साल की उम्र के बच्चों को आंगनबाड़ी के माध्यम से मध्याह्न भोजन के पैकेट दिए जा रहे हैं। ये पैकेट आंगनवाड़ी केंद्र में पहुंचने के बाद परिवारों को वितरित किए जाते हैं। सोमवार को भोजन के पैकेट वितरित किए गए थे।

# बलिदानी अग्निवीर अजय के पिता का यू-टर्न, राहुल और सेना के बयान के बाद अब बताया कितना मिला टोटल मुआवजा

**लुधियाना 05 जुलाई [एजेंसी]।**

बलिदानी अग्निवीर अजय कुमार के परिवार को मुआवजे को लेकर उनके पिता चरणजीत सिंह ने गुरुवार को यू-टर्न ले लिया। दो दिन पहले तक केवल 48 लाख रुपए मिलने की बात कह रहे चरणजीत अब सेना की ओर से 98 लाख रुपए मिलने की बात कह रहे हैं। उन्होंने कहा कि बैंक खाता चेक नहीं करने के कारण उन्हें गलतफहमी हो गई थी। विदित हो कि 17 सिख लाइट इंफैंट्री के जवान 23 वर्षीय अजय सिंह जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले के पोखरा में नियंत्रण रेखा के पास तैनात थे। 18 जनवरी, 2024 को फारवर्ड पोस्ट के पास बारूदी सुरंग विस्फोट में बलिदान हो गए थे।लुधियाना जिले के गांव रामगढ़ सरदारां निवासी चरणजीत सिंह ने कहा कि जनवरी में बेटे अजय के बलिदान होने के बाद ही 48 लाख रुपए आ गए थे। उन्हें इस राशि के बारे में जानकारी नहीं थी। 50 लाख रुपए सेना की तरफ से बाद में भेजे गए। इसके साथ ही एक लाख रुपए एक दिन पहले भी खाते में आए हैं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा लोकसभा में मामला उठाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि बेशक राहुल राजनीति कर रहे हैं, लेकिन वह परिवार की मदद भी करना



चाहते हैं। कहा कि उनके बेटे के बलिदान पर राजनीति नहीं होनी चाहिए। उन्हें पैसे की जरूरत नहीं है।उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की तारीफ करते हुए कहा कि वे अच्छा काम कर रहे हैं। उनके बेटे को सरकार की तरफ से बलिदानी का दर्जा मिले। एक बलिदानी के परिवार को मिलने वाली सारी सुविधाएं उन्हें मिलें, वह यही चाहते हैं। मामला गरमाने के बाद सेना ने भी बुधवार को एक्स पर पोस्ट कर स्थिति स्पष्ट की थी। सेना ने कहा था कि बलिदानी अजय के परिवार को कुल 1.65 करोड़ रुपए दिए जाएंगे। इनमें 98.39 लाख रुपए दिए जा चुके हैं और शेष राशि भी शीघ्र ही बलिदानी के परिवार को दी जाएगी।लोकसभा चुनाव के दौरान आखिरी चरण में पंजाब में चुनाव प्रचार के अंतिम दिन कांग्रेस नेता राहुल गांधी अचानक रामगढ़ सरदारां में बलिदानी अजय के घर पहुंचे थे।

तब उन्होंने अजय के स्वजन को हरसंभव मदद का आश्वासन दिया था। राहुल गांधी ने अग्निवीर योजना की निंदा करते हुए सरकार बनने पर इसे बंद करने की बात भी कही थी। राहुल गांधी ने बुधवार को कथित तौर पर अजय कुमार के पिता का एक वीडियो एक्स पर साझा किया, जिसमें उन्होंने कहा कि उन्हें कोई पैसा नहीं मिला है। राहुल ने अपनी पोस्ट में आरोप लगाया कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बलिदानी अग्निवीरों के स्वजन को मुआवजे के मुद्दे पर संसद में झूठ बोला है और इसके लिए उन्हें माफी मांगनी चाहिए।इसके बाद सेना ने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि भारतीय सेना अग्निवीर अजय कुमार के सर्वोच्च बलिदान को सलाम करती है। अजय कुमार के स्वजन को 98.39 लाख रुपए का भुगतान किया जा चुका है।

## येदियुरप्पा को 15 जुलाई को कोर्ट में पेश होने के लिए समन, नाबालिग लड़की के यौन उत्पीड़न का लगा है आरोप



**बेंगलुरू, 05 जुलाई ।**

बेंगलुरु की एक अदालत ने पाक्सो मामले में कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा को 15 जुलाई को पेश होने के लिए समन जारी किया है। सीआइडी ने 27 जून को फास्ट ट्रैक कोर्ट में भाजपा नेता के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया था। येदियुरप्पा के खिलाफ एक नाबालिग लड़की के यौन उत्पीड़न के आरोपों की जांच कर रही सीआईडी ने आरोप पत्र में कहा है कि वह और तीन अन्य ने पीड़िता और उसकी मां को चुप रहने के लिए पैसे दिए थे।

अन्य तीन सह आरोपितों के नाम अरुण वाई एम, रुद्रेश एम और जी मारिस्वामी है। इस साल 14 मार्च को 17 वर्षीय लड़की की मां की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज किया गया था।आरोप है कि येदियुरप्पा ने दो फरवरी को अपने आवास पर एक बैठक के दौरान उनकी बेटी का यौन उत्पीड़न किया।

सीआइडी ने 17 जून को येदियुरप्पा से तीन घंटे से अधिक समय तक पूछताछ की थी। येदियुरप्पा के खिलाफ आरोप लगाने वाली 54 वर्षीय पीड़िता की मां की फेफड़ों के कैंसर के कारण मई में एक निजी अस्पताल में मृत्यु हो चुकी है। येदियुरप्पा ने अपने ऊपर लगे आरोप से इन्कार किया है। उन्होंने कहा है कि वह कानूनी तौर इसका सामना करेंगे।

# कब खानी चाहिए अंजीर जानिए इससे मिलने वाले फायदे



अंजीर एक फल है, जिसके टुकड़ों को सुखाकर सूखा मेवा भी बनाया जाता है।यह न सिर्फ स्वादिष्ट है, बल्कि सेहत के लिए बेहद गुणकारी भी हो सकता है क्योंकि प्रोटीन, फाइबर, कैल्शियम, पोटेशियम, आयरन, एंटी-ऑक?सीडेंट्स और अनसैचुरेटेड फैट का बेहतरीन स्रोत है।हालांकि, इसके सेवन का समय आपकी जीवनशैली और स्वास्थ्य लक्ष्यों पर निर्भर करता है।आइए अंजीर खाने के तरीके और इसके फायदे जानते हैं।

**सुबह या शाम, किस समय अंजीर खाना है लाभदायक?**

अगर आप सुबह के समय अंजीर खाते हैं तो यह भरपूर ऊर्जा प्रदान करने में मदद कर सकता है। इसके अतिरिक्त यह पाचन क्रिया को स्वस्थ रखने और भूख को नियंत्रित करने में भी मदद कर सकता है।अगर आप शाम को अंजीर का सेवन करते हैं तो यह मांसपेशियों को आराम देने और बेहतर नींद को बढ़ावा देने में मदद कर सकता है। इसके अलावा यह देर रात स्नैकिंग की लालसा को रोकने में भी सहायक है।

हृदय को स्वस्थ रखने में है सहायक

सुबह और शाम के समय खाने से मिलने वाले फायदों से अलग अंजीर हृदय स्वास्थ्य को बढ़ावा देने में भी मदद कर सकता है।इसका कारण है कि अंजीर में मौजूद अनसैचुरेटेड फैटी एसिड कोरोनरी रोग (हृदय संबंधित समस्या) को रोकने में सक्रिय भूमिका निभा सकते हैं।इसके अलावा अनसैचुरेटेड फैटी एसिड शरीर में कोलेस्ट्रॉल के जमाव को रोक सकते हैं। इन्हें रोकने में सक्षम होने के कारण अंजीर का सेवन हृदय को स्वस्थ रखने में लाभकारी माना जाता है।

**ब्लड शुगर को नियंत्रित करने में है प्रभावी**

अंजीर ब्लड शुगर को नियंत्रित करने में भी कारगर है, जिस कारण यह मधुमेह से सुरक्षित रखने में सहायक हो सकता है।इसमें क्लोरोजेनिक एसिड नामक एक यौगिक होता है, जो ग्लूकोज मेटाबॉलिज्म में सुधार करने में प्रभावी होता है।इसके अलावा इसमें फाइबर भी होता है, जो ब्लड शुगर के नियंत्रण में मददगार हो सकता है।हालांकि, जिन लोगों को पहले से मधुमेह है, वे डॉक्टरी सलाह के बाद ही अंजीर का सेवन करें।

गर्भवती महिलाओं के लिए भी है लाभकारी

गर्भवती महिलाओं के लिए भी अंजीर लाभदायक मानी जाती है क्योंकि गर्भावस्था के दौरान महिला को अधिक मात्रा में ऊर्जा और पोषक तत्वों की आवश्यकता होती है, जो अंजीर में प्रचुर मात्रा में मौजूद होते हैं।यही नहीं इसमें पाया जाने वाला आयरन और नियासिन (विटामिन बी-3) गर्भावस्था के दौरान अत्यधिक जरूरी होता है। बता दें इनकी कमी से गर्भवती को एनीमिया का खतरा हो सकता है।

**अंजीर खाने के तरीके**

अंजीर के फल को आप सुबह या शाम के नाश्ते के तौर पर खा सकते हैं।वहीं सूखे अंजीर को सलाद, दलिये या दही में मिलाकर खा सकते हैं और स्मूदी में भी इसे मिला सकते हैं।आप चाहें तो अंजीर का इस्तेमाल केक या फिर मिठाइयां आदि बनाने के लिए भी कर सकते हैं।इसके अतिरिक्त आप पानी में सूखे अंजीर को भिगोकर रातभर के लिए छोड़ दें, फिर अगली सुबह अंजीर को पानी के साथ खाएं।

## पीरियड्स में होने वाली समस्याओं का ईलाज करेंगे ये आयुर्वेदिक उपाय

आजकल की बदलती लाइफस्टाइल और अनहेल्दी फूड्स की वजह से लोगों को कई तरह की सेहत संबंधी समस्याओं का करना पड़ रहा है। वहीं महिलाएं भी इस समस्या से परेशान हैं। पीरियड्स भी इन्हीं समस्याओं में से एक है। अनहेल्दी लाइफस्टाइल और गलत खानपान के कारण पीरियड्स के दौरान महिलाओं को ब्लड फ्लो ज्यादा या कम होना, पीरियड क्रैम्प्स जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। हालांकि इन समस्याओं से राहत पाने के लिए महिलाएं दवाओं का भी सेवन करती हैं।

बता दें कि पीरियड्स की समस्या से राहत पाने के लिए आप कुछ आयुर्वेदिक उपायों की मदद ले सकती हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ आयुर्वेदिक घरेलू नुस्खों के बारे में बताने जा रहे हैं। जिनको अपनाकर आप पीरियड के दौरान होने वाली समस्याओं से निजात पा सकती हैं।

**पीरियड्स पेट में दर्द और ऐंठन होना**

पीरियड्स के दौरान पेट में ऐंठन व दर्द होना एक आम समस्या है। हालांकि कई बार यह दर्द इतना अधिक बढ़ जाता है कि इसको सहन करना मुश्किल हो जाता है। आमतौर पर पीरियड का दर्द 1 से 3 दिन तक रहता है।

**आयुर्वेदिक उपाय**-पीरियड्स के दर्द से राहत पाने के लिए पीरियड शुरू होने के करीब एक सप्ताह पहले से अपनी डेली रूटीन में एक्सरसाइज जरूर शामिल करें। इसके अलावा गर्म अजवाइन पानी का सेवन करें।

**कम ब्लीडिंग होना**-कुछ महिलाओं व लड़कियों को पीरियड्स के दौरान कम ब्लीडिंग होती है। जिसकी वजह से क्रैम्प्स की समस्या बढ़ने लगती है। आमतौर पर हार्मोनल इंबैलेंस के कारण ऐसा होता है। जिसको संतुलित करना बेहद जरूरी होता है।पीरियड के दौरान ब्लड फ्लो बेहतर करने के लिए पीरियड शुरू होने से करीब 3 दिन पहले से तिल और गुड़ के लड्डू का सेवन शुरू कर दें। कुछ महिलाओं को पीरियड्स से पहले या दौरान ब्रेस्ट में दर्द महसूस होता है, जोकि आम बात है। बता दें कि पीरियड चक्र के दौरान लड़की या महिला के शरीर में इस तरह की समस्याएं होती हैं।

## स्टाइलिश आउटफिट पहन अनुष्का सेन ने कैमरे के सामने दिए किलर पोज

छोटे पर्दे से करियर की शुरुआत करने वाली एक्ट्रेस अनुष्का सेन आए दिन अपनी बोल्ड और ग्लैमरस तस्वीरों के कारण इंटरनेट पर सुर्खियां बटौरती रहती हैं। उनका हर एक लुक इंटरनेट पर आते ही बवाल मचाने लगता है। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में उनका लेटेस्ट लुक देखकर लोग उनकी तारीफों के पुल बांधते नहीं थकते हैं।

अनुष्का सेन टीवी की पॉपुलर और खूबसूरत अभिनेत्रियों में से एक हैं। उनका हर एक लुक इंटरनेट पर आते ही तेजी से वायरल होने लगती हैं।

एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनके हर एक लुक को देखकर फिदा हो जाते हैं।

अब हाल ही में एक्ट्रेस अनुष्का सेन ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में उनका स्टनिंग अंदाज देखकर लोग उनके हुस्न के दीवाने हो गए हैं।

अनुष्का सेन की इन फोटोज में आप देख सकते हैं उन्होंने पिंक कलर का बेहद ही सिजलिंग आउटफिट पहना हुआ है।इन तस्वीरों में वो अपना परफेक्ट फिगर फ्लॉन्ट करते हुए कैमरे के सामने एक से बढ़कर एक सिजलिंग अंदाज में पोज देती हुई नजर आ रही हैं।बालों का हाई बन बनाकर, लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस अनुष्का सेन ने अपने आउटलुक को और भी ज्यादा खूबसूरती से निखारा है।हालांकि फैंस को भी उनका ये लुक काफी ज्यादा पसंद आ रहा है। अनुष्का सेन की इन तस्वीरों को पोस्ट हुए कुछ ही समय हुआ है और अब तक लाखों लोगों ने फोटोज पर लाइक कर दिया है।



## सिख समुदाय के महान धर्मयोद्धा थे गुरु हरगोबिंद, एक साथ रखते थे दो तलवारें

आज ही के दिन यानी की 05 जुलाई को छठें गुरु, गुरु हरगोबिंद जी का जन्म हुआ था। गुरुगद्दी पर आसीन होने के बाद गुरु हरगोबिंद जी धर्म व मानवीय मूल्यों के सशक्त पक्षधर बनकर उभरे थे। वह सिख समुदाय के पहले ऐसे गुरु थे, जिन्होंने दो तलवारें धारण की थी। जिनमें से एक तलवार धर्मसत्ता व दूसरी राजशक्ति का प्रतीक थी। पंजाब के अमृतसर में श्रीहरि मंदिर के ठीक सामने उन्होंने अकाल तख्त का निर्माण कराया था। ऐसा कर उन्होंने यह संदेश दिया था कि इस संसार पर परमात्मा का राज है। इसके अलावा उन्होंने बलिष्ठ व वीर युवाओं को शामिल कर प्रथम सिख सेना का गठन किया था।



**जन्म**-अमृतसर के वडाली में 05 जुलाई 1595 को गुरु हरगोबिंद का जन्म हुआ था। वह गुरु अर्जुन देव और माता गंगा के पुत्र थे। 25 मई 1606 को वह अपने पिता गुरु अर्जुन देव की शहादत के कुछ दिन पहले 11 साल की उम्र में छठे गुरु बने थे। गुरु हरगोबिंद ने विज्ञान, खेल और धर्म का अध्ययन किया था। बता दें कि गुरु हरगोबिंद की धार्मिक शिक्षाओं की देखरेख की जिम्मेदारी बाबा बुद्ध को सौंपी गई थी।

**जहांगीर को हुआ भूल का एहसास**

दरअसल, एक बार मुगल शासक जहांगीर ने धोखे से गुरु हरगोबिंद को कैद कर लिया। इस दौरान उसने गुरु हरगोबिंद को ग्वालियर के किले में बंदी बनाकर रखा। जब उसको अपनी भूल का एहसास हुआ, तो उसने गुरु हरगोबिंद को रिहा करने का आदेश दिया। लेकिन गुरु ने जहांगीर के सामने एक शर्त रखी कि वह तभी बंदीगृह से बाहर आएंगे, जब मुगल शासक जहांगीर पहले से बंदी बने अन्य 52 राजाओं को भी छोड़ेगा।

जिसके बाद बंदी हिंदू राजाओं को मुक्त करवाने के बाद ही गुरु हरगोबिंद बाहर आए। जब वह अमृतसर पहुंचे तो उनका धूमधाम से स्वागत किया गया। संयोग से उस दिन दीपावली भी थी। तब से दीपावली के दिन श्री हरिमंदिर साहिब में दीपमाला की जाती है। साथ ही सिख समुदाय इस दिन को बंदीछोड़ दिवस के तौर पर भी मनाते हैं। मुगल शासक जहांगीर गुरु हरगोबिंद से इतना प्रभावित हुआ कि वह जब तक जीवित रहा तब तक उसने गुरु साहिब से मधुर संबंध बनाकर रखे।

**धर्म प्रचार**-धर्म के प्रचार-प्रसार के लिए गुरु हरगोबिंद ने तमाम यात्राएं की और लोगों को परमात्मा से जोड़ने का काम किया। उन्होंने महिराज नामक स्थान बसाया था। जहां पर गुरु साहिब के दरबार में भाई काला नामक एक श्रद्धालु अपने दो भतीजों के साथ पहुंचा। जिनमें से एक बालक ने वस्त्र नहीं पहन रखे थे और वह गुरु साहिब के सामने आकर पेट बजाने लगा। तब गुरु साहिब ने ऐसा करने का कारण पूछा तो भाई काला ने बताया कि वह अनाथ है और भूखा भी है। तब उस बच्चे को गुरु हरगोबिंद ने तमाम वर दिए। बाद में आगे चलकर उसी फूल के वंशज पंजाब की नाभा, पटियाला व जींद रियासतों के शासक बनें।

**मुगलों से पुन: टकराव**-जहांगीर की मृत्यु के बाद शाहजहां अगला मुगल शासक बना। शाहजहां के शासक बनने के बाद सिखों और मुगलों में फिर से टकराव होने लगा। शाहजहां को गुरु हरगोबिंद साहिब का बढ़ता प्रभाव सहन नहीं हो रहा था। जिसके चलते उसने साल 1628 में मुगल सेना को अमृतसर में आक्रमण के लिए भेज दिया। लेकिन इस युद्ध में मुगल सेना को मुंह की खानी पड़ी। वहीं आने वाले सालों में मुगलों और सिखों के बीच तीन युद्ध हुए इन सभी युद्धों में गुरु हरगोबिंद साहिब ने विजय प्राप्त की। एक तरह से यह धर्म युद्ध थे। अपने जीवन काल में गुरु साहिब ने तमाम नगर बसाए, सरोवन बनवाए और लोगों को ईश्वर से जोड़ने का काम किया।

**मृत्यु**-अपने अंतिम समय में गुरु हरगोबिंद ने कश्मीर की पहाड़ियों में शरण ली। वहीं 19 मार्च 1644 में पंजाब के कीरतपुर में गुरु हरगोबिंद ने अपनी देह का त्याग कर दिया।

## भारतीय सिनेमा में वापसी के लिए फवाद खान ने कसी कमर, वाणी कपूर के अपोजिट साइन की फिल्म

फवाद और वाणी की रोमांटिक कॉमेडी फिल्म को पूरी तरह से यूके में शूट किया जाएगा। फिल्म की स्टोरीलाइन की बात करें तो यह दो टूटे लोगों के इर्द-गिर्द घुमेगी, जो किस्मत से एक-दूसरे को मिलते है। फिर एक-दूसरे की मदद करने के चक्कर में प्यार में पड़ जाते है। 8 साल के बाद, पाकिस्तानी अभिनेता फवाद खान भारतीय सिनेमा पर अपनी अदाकारी दिखाने के लिए लौट रहे है। अभिनेता ने एक हिंदी रोमांटिक कॉमेडी फिल्म साइन की है, जिसमें वह अभिनेत्री वाणी कपूर संग रोमांस करते नजर आएंगे। फवाद के प्रोजेक्ट को निर्देशित करने के लिए आरती बागड़ी को चुना गया है। एक व्यापार सूत्र के हवाले से बताया गया है कि फवाद खान की दक्षिण एशियाई लोगों के बीच लोकप्रियता के कारण उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर काफी लोकप्रियता मिली है। वे मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स का भी हिस्सा रहे हैं। इस प्रोजेक्ट के बारे में इससे अधिक जानकारी गुप्त रखी जा रही है और हर कोई इस बारे में चुप है। निर्माता इस प्रोजेक्ट की घोषणा यूके में इसे फिल्माना शुरू करने से पहले करेंगे।



फवाद और वाणी की रोमांटिक कॉमेडी फिल्म को पूरी तरह से यूके में शूट किया जाएगा। फिल्म की स्टोरीलाइन की बात करें तो यह दो टूटे लोगों के इर्द-गिर्द घुमेगी, जो किस्मत से एक-दूसरे को मिलते है। फिर एक-दूसरे की मदद करने के चक्कर में प्यार में पड़ जाते है। बता दें, ईस्टवुड स्टूडियोज का यह पहला अंतरराष्ट्रीय प्रोजेक्ट है और अभी तक इस फिल्म का टाइटल फाइनल नहीं किया गया है। फवाद के भारतीय फैंस उनकी वापसी से खुश है। अभिनेता को आखिरी बार आठ साल पहले हिंदी बॉक्स ऑफिस पर देखा गया था। फवाद ने करण जौहर की फिल्म ऐ दिल है मुश्किल में अभिनय किया था। इसके अलावा कपूर एंड संस और खूबसूरत जैसी भारतीय फिल्मों में वह अभिनय कर चुके है।

## कई उत्पादों का विकल्प हो सकता है फेस प्राइमर, जानिए इसके विभिन्न इस्तेमाल

फेस प्राइमर एक मेकअप प्रोडक्ट है, जिसका इस्तेमाल मेकअप बेस के लिए किया जाता है।यह चेहरे पर किए गए मेकअप को लंबे समय तक ठीक रखने और त्वचा को हाइड्रेट करने में भी काफी मदद कर सकते हैं। हालांकि, मेकअप के अलावा यह कई अन्य उत्पादों का विकल्प बन सकता है।आइए जानते हैं कि फेस प्राइमर का इस्तेमाल किन-किन उत्पादों की जगह किया जा सकता है।



**आईशैडो को करता है गहरा**

आप चाहें तो फेस प्राइमर का इस्तेमाल आईशैडो को गहरा करने के लिए कर सकते हैं।इसके लिए आईशैडो ब्रश पर थोड़ा फेस प्राइमर लगाएं, फिर इससे अपना पसंदीदा आईशैडो लें। ध्यान रखें कि ब्रश पर प्राइमर बहुत अधिक नहीं लगाना है क्योंकि इससे आईशैडो आंखों से नीचे गिरने लगेगा।इसके बाद आईशैडो को बंद आंखों पर लगाएं।यहां जानिए बाजार में मौजूद विभिन्न आईशैडो और उनके इस्तेमाल का तरीका।

**लिपबाम की तरह लगाएं**



रूखेपन के कारण होंठ फटते हैं और अगर वक्त रहते इस समस्या पर ध्यान न दिया जाए तो कई बार होंठ इतने फट जाते हैं कि उनसे खून तक निकलने लगता है।इस समस्या से सुरक्षित रहने के लिए रोजाना होंठों पर लिपबाम लगाएं।अगर आपके पास लिपबाम नहीं है तो आप उसकी जगह फेस प्राइमर को बतौर लिपबाम इस्तेमाल कर सकती हैं।इसके बाद होंठों पर लिपस्टिक लगाने पर काफी अच्छा लुक आता है।

**शेविंग क्रीम के तौर पर करें इस्तेमाल**

अगर आप शेविंग क्रीम खत्म होने पर साबुन का इस्तेमाल करने लगते हैं तो इससे त्वचा पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।साबुन की जगह फेस प्राइमर का इस्तेमाल करना फायदेमंद हो सकता है क्योंकि इससे त्वचा मॉइश्चराइज होती है। इसके अलावा इसकी मदद से ब्लेड से त्वचा के कटने का डर भी नहीं रहता।लाभ के लिए शेविंग करते समय फेस प्राइमर को अपनी दाढ़ी वाले हिस्से पर लगाएं, फिर रेजर से अनचाहे बालों को साफ करें।

**सूखे फाउंडेशन को कर सकता है ठीक**

अगर आपके पास लिक्विड फाउंडेशन है और उसका इस्तेमाल रोजाना करने से वह सूख गया है तो इसे ठीक करने के लिए भी आप फेस प्राइमर का इस्तेमाल कर सकते हैं।इसके लिए फाउंडेशन की बोतल में फेस प्राइमर की 8-10 बूंदें डालें और इसे अच्छे से हिलाएं।इस तरह से फाउंडेशन पहले जैसा हो जाएगा और काम भी ज्यादा अच्छे तरीके से करेगा।यहां जानिए हल्के शेड के फाउंडेशन को ठीक करने के प्रभावी तरीके।

**मेकअप साफ करने के आ सकता है काम**



सोने से पहले अगर मेकअप साफ न किया जाए तो इससे त्वचा का स्वास्थ्य प्रभावित होता है।अगर आपके पास मेकअप रिमूवर नहीं है तो आप मेकअप हटाने के लिए फेस प्राइमर का इस्तेमाल कर सकते हैं।इसके लिए मेकअप वाले चेहरे पर थोड़ा-सा फेस प्राइमर लगाकर थोड़ी मसाज करें। इसके बाद अपने चेहरे को टिश्यू पेपर से पोंछ लें और अंत में अपना चेहरा पानी से धो लें।

## टीवी एक्ट्रेस निम्रत कौर अहलूवालिया ने डिप्रेशन पर की खुलकर बात

टीवी एक्ट्रेस निम्रत कौर अहलूवालिया ने डिप्रेशन से जूझने के बारे में खुलकर बात की। उन्होंने कहा कि टीवी शो छोटी सरदारनी की शूटिंग के दौरान लंबे समय तक काम करने और अकेलेपन ने उन्हें परेशान कर दिया था।

अपनी यात्रा को याद करते हुए उन्होंने कहा, डिप्रेशन से जूझना मेरे जीवन में एक बड़ी चुनौती रही है। छोटी सरदारनी की शूटिंग के दौरान लंबे समय तक काम करने के कारण मुझे बर्नआउट एंग्जायटी और डिप्रेशन का सामना करना पड़ा, साथ ही निजी जीवन में अकेलेपन का सामना करना पड़ा।

रोहित शेट्टी द्वारा होस्ट किए जाने वाले स्टंट आधारित रियलिटी शो खतरों के खिलाड़ी 14 का हिस्सा रही निम्रत ने कहा कि उन्होंने अपने कॉलेज के दिनों में कभी भी डिप्रेशन का सामना नहीं किया।

उन्होंने कहा, मैंने डिप्रेशन के पता चलने के बाद 40 दिन का ब्रेक लेने के बावजूद काम करना जारी रखा और एंटीडिप्रेसेंट लेना शुरू कर दिया। एक साल बाद मैंने होम्योपैथी पर स्विच कर लिया। बिग बॉस सीजन 16 में प्रवेश करने से लगभग एक महीने पहले मैंने दवा लेना बंद कर दिया।

निम्रत ने कहा कि मेरे लिए काम ढूंढना कभी मुश्किल नहीं रहा। मुझे काम पाने के लिए कभी संघर्ष नहीं करना पड़ा। वास्तव में, मैं अपने टेलीविजन करियर के शिखर पर थी। भले ही दुनिया मुझे विजेता के रूप में न देखे, लेकिन मेरी सबसे बड़ी व्यक्तिगत जीत मेरे शरीर में साल भर में आए बदलावों से मानसिक और शारीरिक रूप से उबरना था।



एक्ट्रेस ने अपने करियर की शुरुआत मॉडलिंग से की। 2018 में उन्हें फेमिना मिस मणिपुर का ताज पहनाया गया। इसके बाद वह बी प्राक के मस्तानी नामक एक संगीत वीडियो में नजर आईं, जिसने उन्हें शोबिज की दुनिया में कदम रखने में मदद की।

2019 में उन्होंने लोकप्रिय डेली सोप छोटी सरदारनी में काम करना शुरू किया, जिसने उन्हें फिर से सुर्खियों में लाने में मदद की।

## शब्द सामर्थ्य -108

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. तकलीफ, कष्ट, कठिनाई, परेशानी 3. सरल, सहज 6. ज्ञान प्राप्त करना, शिक्षा लेना 7. विवश, लाचार 8. अत्यधिक ठंडा, सुस्त 9. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 11. सूर्य, सूरज 13. वस्त्र आदि धारण कराना 15. अप्रसन्न, नाखुश 16. खिंचाव, आकर्षण शक्ति (उ.) 18. एक रंग, आसमानी रंग 22. सेवा-सत्कार, आवभगत 23. सर्प, सांप, लकड़ी आदि की मूर्ति बनाना।

**ऊपर से नीचे**

1. हदर, डर 2. शिष्टता, भद्रता, विवेक (उ.) 3. अंततः, अंततोगत्वा 4. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 5. आवागमन, गमनागमन 7. पुरुष 8. घोड़े की तेज चाल, तेज गति की दौड़ 10. लूटपाट, डकैती 12. बर्बादी, तबाही 14. नासिका, श्वसनइंद्रीय 17. आखेटक, अहेरी 19. योग्य, काबिल 20. कामदेव की पत्नी, प्रेम, आनंद 21. रात्रि, निशा।




**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 107 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| चु | स्त | | मु | | सं | स्था | न | |
| ग | | म | र्दा | न | गी | | त | म |
| ली | प | ना | | | त | न | | |
| | ना | ना | | | | | ज | |
| मा | ह | | रा | | सा | ज | न | |
| न | | स | ह | दे | व | | म | द |
| व | | म | | व | न | ज | | ल |
| ता | क | त | व | र | | मी | | द |
| | ल | ल | क | | क | र | त | ल |



## कॉम्प्लेक्स का किराया नहीं देने पर एसईसीएल ने बिजली पानी कटा

**पांडवपारा कॉलरी।** एसईसीएल द्वारा बनाए गए कॉम्प्लेक्स का दुकानदारों द्वारा किराया साल भर से जमा नहीं होने के कारण जीएम बी एन झा व सब एरिया आर पी मिश्रा ने कॉम्प्लेक्स की पानी बिजली सप्लाई कटवा दी है। दुकानदारों से बकाया राशि जमा करने की बात कही है। कोयलांचल में एसईसीएल प्रबंधन द्वारा मेन मार्केट में लगभग 15 दुकानों का कॉम्प्लेक्स बनाया है जिसमें 8 दुकान किराए पर दुकानदारों को दिया गया है। जहां कई दुकानदारों ने साल भर से दुकान का किराया जमा नहीं किया है।दुकानदारों से प्रबंधन ने कई बार बकाया राशि जमा करने की गुजारिश की थी परंतु कई दुकानदार साल भर से किराया ही जमा नहीं किया जिसके कारण बैकुंठपुर क्षेत्र के महाप्रबंधक बी एन झा बुधवार सुबह मौके पर पहुंचकर कॉम्प्लेक्स की बिजली,पानी सप्लाई कटवा दी है। तो वहीं कुछ दुकानदारों ने खाली कमरों को कब्जा करके रखा हुआ था उन कमरों के सामान को तत्काल खाली कराने का निर्देश सब एरिया आर पी मिश्रा को दिया अन्यथा उनके ऊपर कड़ी कार्यवाही करने की बात कही है।कॉम्प्लेक्स का बिजली पानी का कनेक्शन तत्काल कटवाते हुए आसपास पसरे गंदगी को साफ-सफाई कराने का निर्देश सिविल इंजीनियर मिथलेश सिन्हा को दिया है।

## नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर से लाभान्वित हुए सैकड़ों मरिज



**चरचा कालरी।** एसईसीएल बैकुंठपुर क्षेत्र द्वारा अपने कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व निर्वहन के प्रति जनकल्याणकारी योजनाओं एवं कार्यक्रम का आयोजन निरंतर जारी है इसी क्रम में बैकुंठपुर क्षेत्र के महाप्रबंधक के मार्गदर्शन में बैकुंठपुर क्षेत्र के आसपास के आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में विशाल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन प्रारंभ किया गया जिसके तहत 3 जुलाई को ग्राम पूटा कटकोना उप क्षेत्र एवं 4 जुलाई को ग्राम खोड झिलमिली क्षेत्र में किया गया स्वास्थ्य शिविर में डॉक्टर संजय सिंह सी.एम.ओ एवं शिशु रोग विशेषज्ञ क्षेत्रीय चिकित्सालय चर्चा ,डॉक्टर अशोक कुमार विराजी डिप्टी सी.एम.ओ चर्चा ,डॉक्टर एस मींज ,डॉक्टर अनामिका ,डॉक्टर डॉक्टर एस. चौरसिया नाक कान गला विशेषज्ञ ,डॉक्टर रिची एवं डॉक्टर सी .पटेल के द्वारा मरीजों की जांच और चिकित्सा की गई शिविर में विभिन्न प्रकार की बीमारियों की जांच के साथ बी.पी शुगर एवं नाक कान गला संबंधी रोगों की जांच भी की गई और मरीज को निशुल्क दवा और जरूरी चिकित्सीय परामर्श दिया गया इसी कड़ी में 6 जून को चर्चा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम आनंदपुर कटघोरी में भी स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कर मरीज को लाभान्वित किया गया एसईसीएल बैकुंठपुर क्षेत्र के द्वारा आयोजित ग्राम पूटा में 116 मरीज ग्राम खोड में 132 मरीजों की जांच चिकित्सा कर दवाइयां दी गई स्वास्थ्य शिविरों के आयोजन में एसईसीएल बैकुंठपुर क्षेत्र के स्वास्थ्य कर्मचारी का विशेष योगदान रहा ,चर्चा, कटकोना एवं झिलमिली उप क्षेत्र के सह क्षेत्र प्रबंधक एवं उनके अधीन कर्मचारी गण तथा बैकुंठपुर क्षेत्र के महाप्रबंधक एवं उनके अधिकारी गणों का भी सहयोग मिला बैकुंठपुर क्षेत्र के द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर के आयोजन के क्रम में 6 जुलाई को चर्चा क्षेत्र के समीप ग्राम आनंदपुर कटघोरी में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा।

## 61 ग्राम पंचायतों ने शत प्रतिशत पूर्ण किये स्वीकृत पीएम आवास

**सूरजपुर।** कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देश व मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मती कमलेश नंदिनी साहू के मार्गदर्शन में शासन की महत्वपूर्ण योजना प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) में निरंतर प्रगति आ रही है। राज्य से जिले को प्राप्त 37568 आवासों की स्वीकृति के विरुद्ध 34509 (92 प्रतिशत) आवास पूर्ण हो चुके है। शेष आवासों के हितग्राहियों से लगातार संपर्क करते हुए, जल्द आवास पूर्ण करके राशि प्राप्त कर लेने संबंधी समझाइश दी जा रही है। जिले की 61 ग्राम पंचायतें ऐसी हैं, जिन्होंने अपने ग्राम पंचायत के समस्त आवासों को पूर्ण कर लिया है। जिसमें प्रतापपुर से सबसे ज्यादा 43, रामानुजनगर से 9, सूरजपुर से 5, प्रेमनगर से 3 तथा भैयाथान से 1 ग्राम पंचायत शामिल है।

# कोल सेक्टर में लाभ होने पर कामगारों की होनी चाहिए भागीदारी

### एटक ने क्षेत्रीय सम्मेलन का आयोजन किया, हरिद्वार सिंह ने रखी अपनी बात

**चरचा कालरी।** स्थानीय साकेत सदन भवन में एटक युनियन का क्षेत्रीय सम्मेलन कामरेड महेश यादव की अध्यक्षता एटक के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं एस ई सी एल के केन्द्रीय महामंत्री कामरेड हरिद्वार सिंह के मुख्य अतिथ्य में सम्पन्न हुआ इस अवसर पर कम्पनी के केन्द्रीय अध्यक्ष कामरेड अजय विश्व कर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए कामरेड लिंगराज नायक क्षेत्रीय सचिव चिरीमिरी, सहित सैकड़ो की संख्या में एटक यूनियन के कार्यकर्ता उपस्थित रहे रहे सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए कामरेड हरिद्वार सिंह ने भारत सरकार के मज़दूर बिरोधी नीतियों की चरचा करते हुए कहा कि सरकार का निशाना मज़दूरों को तबाह करना उनके अधिकारों को खत्म करना है कोल इंडिया में प्रबंधन मज़दूरों के सुविधाओं में तेज़ी से कटौती कर रही है उन्होंने कहा कि एस ई सी एल ने 9200 करोड़ मुनाफ़ा कमाया है कामरेड हरिद्वार सिंह ने माँग किया है कि मुनाफ़ा में मज़दूरों को हिस्सेदारी मिलनी चाहिए कम्पनी में नागा करने के कारण 1600 मज़दूरों को बर्खास्त कर दिया है कामरेड सिंह ने उन्हें पुन: बहाल करने की बात उठायी है



मज़दूरों का पदोन्नति बिगत बर्ष के मेनपावर बजट का उपयोग कर ही 24-25 बर्ष का उपयोग करना चाहिए कामरेड हरिद्वार सिंह ने कहा यह सब तभी संभव है कि संगठन मज़बूत हो कामरेड अजय विश्वकर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि कल्याण फंड का पैसा मज़दूरों के घरों के रख रखाव ,पीने का पानी एवं उनके बेहतर सुविधा के लिए उपयोग होना चाहिए बैकुंठपुर क्षेत्र के क्षेत्रीय सचिव कामरेड अतुल गुप्ता ने रिपोर्ट प्रस्तुत किया जिस पर लगभग सभी खदानों एवं युनिटों के सचिव रिपोर्ट पर बहस में हिस्सा लिये सम्मेलन में मंच संचालन रियाज अहमद के द्वारा किया गया। क्षेत्रीय सम्मेलन में सर्व सम्मति से कामरेड महेश यादव को अध्यक्ष एवं कामरेड अतुल गुप्ता को सचिव, कामरेड पंकज मिश्रा को कार्ववाहक अध्यक्ष तथा कामरेड जाग्रिति को कोषाध्यक्ष बनाया गया इसके अतिरिक्त सात उपाध्यक्ष सात संयुक्त सचिव एक संगठन सचिव एक कार्यालय सचिव एवं पंद्रह कार्यकारिणी सदस्य बनाये गये कामरेड महेश यादव और कामरेड जागृत कुरे लगातार तीसरी बार अध्यक्ष एवं कोषाध्यक्ष पद पर निर्विरोध निर्वाचित किए गए। सम्मेलन में इंटक यूनियन के वरिष्ठ पदाधिकारी पंकज मिश्रा , मुराद अली,राज कपूर सिंह, ओ .पी .यादव , आशीष मसीह , शौकत अली ,सलमान अंसारी, मंसूर अली भुवनेश्वर राजवाड़े , रवि मिश्रा सहित लगभग लगभग 50 कर्मचारियों ने एटक की सदस्यता ली इसके साथ ही एच एम एस यूनियन के वरिष्ठ जन आधार वाले पदाधिकारी गुलशन कुमार अपने कई साथियों के साथ एटक यूनियन में शामिल हुए सम्मेलन में महिला कर्मचारी श्रीमती इंद्र कुंवर ,अनीता, मानमती ,राम बाई , सुनीता प्रमिला, के साथ ही इंटक एच एम एस एवं सीटू युनियन के 80 से अधिक कार्यकर्ता एटक की सदस्यता कामरेड हरिद्वार सिंह एवं कामरेड अजय विश्वकर्मा के हाथों माला ,लाल गमछा पहनकर,हाथों में लाल झंडा लेकर ग्रहण किये विदित हो कि एक महीने बाद सदस्यता सत्यापन होना है जिसमें नए सदस्यों के जोड़ने से निश्चित ही एटक यूनियन की सदस्य संख्या बढ़ेगी।

## कृषि आदान विक्रय केंद्रों में निरीक्षण दल ने की कार्यवाही

**सूरजपुर।** जिले के कृषि आदान बिक्री केंद्रों से जिले के कृषकों को उच्च गुणवत्ता युक्त आदान सामग्री उपलब्धता को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देश एवं जिले के उप संचालक कृषि सूरजपुर के मार्गदर्शन में जिले में निरीक्षण दल गठन किया गया है। इसी दल द्वारा प्रताप कृषि सेवा केंद्र केवरा में निरीक्षण की गई जिसके यहाँ कीटनाशक अधिनियम 1968 एवं कीटनाशक नियम 1971 के तहत अनियमितता पाए जाने पर जप्ती एवं विक्रय प्रतिबंधित करते हुए नोटिस जारी किया गया एवं विक्रेता रामप्रताप गुप्ता के सुपुर्दगी में दिया गया। कीटनाशक दवाओं पर प्रतिबंध एव नोटिस जारी कर 3 दिवस के अंदर जवाब मांगा गया है । साथ ही बीज अधिनियम 1966 एव आदेश 1983 के तहत बीज लाइसेंस में बिना स्त्रोत प्रमाण पत्र के विक्रय करते पाए जाने पर नोटिस सहित 30 दिनों के लिए विक्रय प्रतिबंध किया गया है । राजू कृषि सेवा केंद्र बुंदिया में भी उर्वरक एवं बीज विक्रय पर अनियमितता एवं बिना स्त्रोत प्रमाण पत्र ,बिना पॉस मशीन के उर्वरक विक्रय करने पर नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है। दीपक कृषि सेवा केंद्र सरहरी में बिना लाइसेंस के कीटनाशक विक्रय पाए जाने पर विक्रय प्रतिबंधित करते हुए नोटिस जारी कर 3 दिवस में जवाब मांगा गया है।

## अगले 43 साल में छत्तीसगढ़ को विकसित राज्य की श्रेणी में लाने की कोशिश, अमृतकाल पर काम

**कोरिया।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 15 अगस्त 2021 को आह्वान किया था कि वर्ष 2047 में भारत की आजादी के 100 वर्ष (अमृत काल) पूर्ण होने तक देश को विकसित राष्ट्र बनाना है। इस दिशा में केंद्र, राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों को टीम इंडिया के रूप में एकजुट होकर काम करना होगा।

प्रधानमंत्री श्री मोदी के इस आह्वान को मूर्त रूप देने के लिए छत्तीसगढ़ के वित्त एवं योजना मंत्री श्री ओ.पी. चौधरी ने विधानसभा में 2024-25 के बजट सत्र के दौरान घोषणा की है कि 2047 तक छत्तीसगढ़ को भी विकसित राज्य बनाना है। इसकी रूपरेखा एक विजन डॉक्यूमेंट के रूप में 01 नवंबर 2024 को राज्य स्थापना दिवस के दिन, ष्अमृत कालः छत्तीसगढ़ विजन /2047'' प्रदेश की जनता को समर्पित किया जाएगा। शासन द्वारा राज्य नीति आयोग को अमृत कालः छत्तीसगढ़ विजन /2047'' विजन डॉक्यूमेंट बनाने का उत्तरदायित्व दिया गया है। शविकसित भारतश् से यह परिकल्पित है कि राष्ट्र का आर्थिक और सामाजिक समावेशी विकास का स्तर पर्यावरणीय तरीकों से विश्व के अन्य विकसित देशों के समकक्ष हो। वित्त एवं योजना मंत्री ने सभी विधानसभा सदस्यों से ष्अमृत कालः छत्तीसगढ़ विजन /2047ष् विजन डॉक्यूमेंट के संबंध में सुझाव राज्य नीति आयोग को प्रेषित करने का आग्रह किया है। सुझाव ऑनलाइन पोर्टल ष्मोर सपना, मोर विकसित छत्तीसगढ़ष् के माध्यम से भेजे जा सकते हैं। प्रदेश के सभी नागरिकों से भी तीन समयावधियों लघु काल (5 वर्ष), मध्य काल (10 वर्ष) और दीर्घकाल (15 वर्ष) के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए सुझाव आमंत्रित किए गए हैं। सुझाव उद्योग और सेवाओं में सुधार, कृषि एवं वानिकी में सुधार, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और कौशल, गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य व पोषण, बुनियादी ढांचे का विस्तार, समाज कल्याण, सुशासन, स्थिरता और पुनर्योजी विकास आदि क्षेत्रों में मांगे गए हैं। बता दें अपशिष्ट से धन बनाने, राज्य को हरित राज्य बनाने, नवीकरण ऊर्जा पर निर्भरता, स्वच्छ ऊर्जा, कार्बन उत्सर्जन में कमी, अनुसंधान और विकास, समुदाय भागीदारी, स्थिरता और पुनर्योजी विकास के लिए छत्तीसगढ़ को एक मॉडल के रूप में स्थापित करना है। हरा-भरा छत्तीसगढ़-समृद्धि छत्तीसगढ़ बनाने, हरित ऊर्जा राज्य बनाने, अवशिष्ट चक्र में चक्रीय अर्थव्यवस्था, उन्नत प्रौद्योगिकी को लागू करने, जल संरक्षण को बढ़ावा देने, वाटरशेड प्रबंधन क्षेत्र में सुधार सहित अन्य विषयों पर कार्य करने पर बल दिया जा रहा है। आम नागरिक 30 जुलाई 2024 तक लिंक के माध्यम से या फत् कोड को स्कैन कर ष्मोर सपना, मोर विकसित छत्तीसगढ़ष् पोर्टल के माध्यम से अपने सुझाव राज्य नीति आयोग को दे सकते हैं।

## रामानुजनगर के पतरापाली में संकुल स्तरीय प्रवेश उत्सव का किया गया आयोजन

**सूरजपुर।** ग्राम पतरापाली में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष सौभाग्य दुबे के आतिथ्य में आयोजित शाला प्रवेशोत्सव समारोह में नवप्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर मिष्ठान खिलाकर तथा माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। इस दौरान बच्चों को पुस्तक व गणवेश का वितरण अतिथियों के हाथों कराया गया। शाला प्रवेशोत्सव समारोह में मुख्य अतिथि सौभाग्य दुबे ने नवप्रवेशी बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रवेशोत्सव के साथ ही स्कूलों में पढ़ाई की गतिविधियां शुरू हो जाएंगी। जिस उत्साह और उमंग के साथ शाला प्रवेशोत्सव समारोह मनाया जा रहा है उसी उत्साह और उमंग के साथ बच्चे लगन से पढ़ाई करेंगे वहीं शिक्षक भी इसी उत्साह के साथ पूरे सत्र भर मेहनत कर बच्चों को पढ़ाने में अपनी महती भूमिका निभाएंगे। दुबे कहा कि माता पिता अपने बच्चों को शिक्षकों के भरोसे आठ घंटे छोड़कर अपने जीवन यापन में लगे रहते हैं, इसलिए शिक्षकों की जिम्मेदारी है कि स्कूल परिसर में पढ़ाई का एक बेहतर वातावरण निर्मित कर संस्कार से पूर्ण गुणवत्तायुक्त शिक्षा देकर उन्हें अच्छा नागरिक बनाने में अपने ड्यूटी समय का शत प्रतिशत दे। कार्यक्रम को सेवा निवृत्त शिक्षक एवं वरिष्ठ नागरिक कमला प्रसाद दुबे ने भी संबोधित किया वहीं संकुल प्राचार्य नवल सिंह द्वारा शाला प्रवेशोत्सव से संबंधित सरकार के संदेश का वाचन किया। इसके पूर्व अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। कार्यक्रम का सफल संचालन योगेश साहू द्वारा किया गया।

## सीएसआर गतिविधियों में तेजी, बैकुंठपुर में शिविर लगाकर की गई स्वास्थ्य जांच

**बैकुंठपुर।** एसईसीएल बैकुण्ठपुर क्षेत्र में कारपोरेट सामाजिक उत्तर दायित्व के तहत अनेक जन कल्याणकारी योजनाएं एवं कार्यक्रम का आयोजन निरंतर होता रहता है। इसी कड़ी में एसईसीएल, बैकुण्ठपुर क्षेत्र के महाप्रबंधक बीएन झा के कुशल मार्गदर्शन में गत 03 एवं 04 जुलाई 2024 को कॉलरी क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम - पूटा (कटकोना उपक्षेत्र) एवं ग्राम- खोड़ (झिलिमिली उपक्षेत्र) में नि:शुल्क ग्रामीण चिकित्सा शिविर आयोजन किया गया। जिसमें कुल 248 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाओं का वितरण किया गया। इस शिविर में सीएमओ बैकुंठपुर क्षेत्र एवं शिशु रोग विशेषज्ञ डा. संजय सिंह की अगुवाई में डा. एके बिराजी डिप्टी सीएमओ, डा. एस मिंज, डिप्टी सीएमओ, डा. एस चंदेरिया नाक-कान-गला विशेषज्ञ, डा. रिची, डा. अनामिका एवं डा. चंद्रेश पटेल ने अपनी सेवाएँ दी। शिविर में विभिन्न प्रकार की बीमारियों को जांच के साथ-साथ बीपी, शुगर, हड्डी, चर्म रोग एवं नाक-कान-गला संबंधी रोग की भी जांच की गई। शिविर में जांच के बाद मरीजों को नि:शुल्क दवाइयां और जरूरी चिकित्सीय परामर्श दिया गया। इसी कड़ी में आगामी 06 जुलाई को



2024 को चरचा उपक्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम आनन्दपुर और कटगोड़ी में भी स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। गत 03 जुलाई 2024 को ग्राम पूटा (कटकोना) में आयोजित शिविर में 116 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जिसमें चर्म रोग एवं हड्डी रोग सहित समस्त मौसमी बीमारियों का उपचार किया गया। इस दौरान मधुमेह के 03 और 02 में उच्च रक्तचाप के लक्षण मिले। इसके अलावा 02 लोगों में बहरापन, 01 में ईयर वैक्स और 01 में मोतियाबिन्द पाया गया, जिन्हें उचित चिकित्सकीय सलाह और दवाएँ दी गई। इसी प्रकार दिनांक 04 जुलाई 2024 को ग्राम खोड (झिलमिली उपक्षेत्र) में चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। जिसमें कुल 132 मरीजों के स्वास्थ्य का एवं बीपी शुगर व नाक-कान-गला संबंधी बिमारियों का विशेष परीक्षण किया गया। परीक्षण में सामान्य बिमारियों के अलावा 05 में डायबिटीज, 03 में उच्च रक्तचाप, 03 लोगों में सुनने की समस्या तथा 02 मोतियाबिंद से पीड़ित मरीज मिले, जिन्हें उचित दवा एवं सलाह दी गई। इन शिविरों के आयोजन में एसईसीएल बैकुंठपुर क्षेत्र अंतर्गत चरचा, कटकोना एवं पांडवपारा झिलमिली के स्वास्थ्य कर्मचारियों का विशेष योगदान रहा। तथा स्वास्थ्य शिविर के संचालन में एसईसीएल बैकुंठपुर क्षेत्र के महाप्रबंधक बीएन झा सहित कटकोना एवं झिलमिली उपक्षेत्र के सह प्रबंधक एवं अन्य अधिकारी कर्मचारियों, ट्रेड यूनियन के पदाधिकारियों का सराहनीय योगदान रहा।

# कलेक्टर ने बीएमओ को लगाया फटकार, ग्रामीण स्वास्थ्य कार्यकर्ता को निलंबित करने का आदेश



**कोरिया।** जिला कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्वास्थ्य समिति की महत्वपूर्ण बैठक में कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित राष्ट्रीय तथा राज्य स्तरीय विभिन्न योजनाओं के बारे में समीक्षा की। बैठक में पीसीपीएनडीटी (प्री-कॉन्सेप्शन और प्री-नेटल डायग्नोस्टिक टेक्निक) नर्सिंग होम एक्ट के दायरे में काम नहीं करने वाले संस्थानों पर कार्यवाही करने के निर्देश देते हुए कलेक्टर श्री लंगेह ने बैकुण्ठपुर स्थित बी.सी. सोनोग्राफी-डॉ.शालिनी षर्मा का नवीनीकरण नहीं करने तथा होल्ड करके रखने का आदेश दिया, वहीं छिंदडांड स्थित करण एक्सरे एण्ड सोनोग्राफी संस्था को बंद करने का आदेश दिया गया है। कलेक्टर श्री लंगेह ने जिले में बिना अनुमति के कोई भी नर्सिंग होम संचालित नहीं करने तथा नर्सिंग एक्ट के तहत ही संचालित करने के स्पष्ट निर्देश दिए। श्री लंगेह ने कहा यह आदिवासी बहुल जिला है, स्वास्थ्य अधोसंरचना को बढ़ावा देने के साथ बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराने की जिम्मेदारी सबकी है साथ ही शासन के मंशानुरूप कार्य किया जाना पहली प्राथमिकता होनी चाहिए।

जिले में स्वास्थ्य अधोसंरचना विकास के बारे में समीक्षा करते हुए कलेक्टर श्री लंगेह ने 200 बेड के नए जिला चिकित्सालय भवन के निर्माण के बारे में जानकारी प्राप्त की। संबंधित अधिकारी ने बताया कि दिसम्बर तक यह कार्य पूर्ण कर ली जाएगी, वहीं बहुप्रतीक्षित निर्माणाधीन 50 बिस्तरीय मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य (एम.सी.एच.) केन्द्र को इस माह तक पूरा करके स्वास्थ्य विभाग को सौंपने के निर्देश संबंधित नोडल एजेंसी को दी गई। बता दें पुराने जिला अस्पताल में लगातार मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए नए जिला अस्पताल का निर्माण किया जा रहा है। श्री लंगेह ने जिले के सामुदायिक, प्राथमिक एवं उप प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों की समीक्षा करते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देश दिए हैं कि निर्माणाधीन स्वास्थ्य केन्द्रों का लगातार निरीक्षण करें तथा गुणवत्तायुक्त सामग्री का उपयोग करने पर जोर दिया, कार्य व गुणवत्ता में कोताही बरतने पर संबंधित अधिकारियों तथा ठेकेदारों के खिलाफ कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं साथ ही लोक निर्माण विभाग, हाउसिंग बोर्ड आदि को नियमित रूप से निरीक्षण करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर श्री लंगेह ने जिले में संचालित स्वास्थ्य संबंधी राष्ट्रीय तथा राज्यस्तरीय योजनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। विकासखण्ड स्वास्थ्य अधिकारियों को फटकार लगाते हुए कहा कि महत्वपूर्ण योजनाओं को आम लोगों तथा जरूरतमंद तबकों तक पहुंचाने में जिस तरह लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही के लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देश दिए। इसी कड़ी में आयुष्मान आरोग्य मंदिर/हेल्थ वेलनेस सेंटर, खरवत में पदस्थ ग्रामीण स्वास्थ्य कार्यकर्ता (आर.एच.ओ.) श्री अनुराग गौतम को कार्य में उदासीनता तथा लापरवाही बरतने पर तत्काल निलंबित करने का आदेश दिया गया। जिले में संस्थागत प्रसव, प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल, बच्चों एवं गर्भवती माताओं को टीकाकरण, पोषण पुनर्वास केन्द्र, एनीमिया, जन्म दर, शिशु मृत्यु दर, मातृ मृत्यु दर, कुपोषण आदि के बारे में श्री लंगेह ने समीक्षा की। संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने के लिए संबंधित नोडल अधिकारियों को निर्देश दिए वहीं 5 वर्ष की आयु तक की आयु के गंभीर कुपोषण से पीड़ित बच्चों को विशेष देखभाल तथा स्वास्थ्य सुविधाएं देने के निर्देश दिए। श्री लंगेह ने सभी नोडल अधिकारियों को सामुदायिक, प्राथमिक एवं उप स्वास्थ्य केन्द्रों को नियमित रूप से खोलने के साथ डॉक्टर व स्टॉफ को रहने की हिदायत भी दिए। श्री लंगेह ने सभी बीएमओ को निर्देश दिए हैं कि नियमित रूप से स्टॉफ का बैठक लेकर वस्तुस्थिति से अवगत हों तथा इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को अवगत कराने के निर्देश भी दिए। जीवन दीप समिति की बैठक के दौरान महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा करते हुए श्री लंगेह ने जिला चिकित्सालय में सुरक्षा गार्ड हेतु निविदा आमंत्रित करने, जिला अस्पताल में बरसों अनुपयोगी लोहे का पलंग इत्यादि सामानों की नीलामी, सायकल वाहन स्टैंड की निविदा, रसोई घर को आउटसोर्सिंग के माध्यम से संचालित करने पर चर्चा की गई। अस्पताल में सिविल सर्जन कक्ष के सामने, गहन चिकित्सा केन्द्र के सामने एवं ड्रेसिंग कक्ष के सामने चैनल गेट लगाए जाने, महिला वार्ड, शिशु वार्ड के गैलरी, एवं एस.एन.सी.यू. इकाई के मदर कक्ष के छत को मरम्मत करने, जिला चिकित्सालय हेतु दो एम्बुलेंस एवं दो 108 एम्बुलेंस उपलब्ध कराये जाने, निजी वार्ड के शौचालयों में वेस्टर्न कम्बोर्ड लगाये जाने, ऑक्सीजन प्लांट का सर्विसिंग कार्य कराये जाने, नवीन 22 विस्तरीय आई.सी.यू. के सामने शेड निर्माण कार्य कराये जाने की सहमति दी गई। इसके अलावा जिला चिकित्सालय में स्त्रीरोग विशेषज्ञ, सर्जरी विशेषज्ञ, रेडियोलॉजिस्ट एवं निश्चेतना चिकित्सक की भर्ती के लिए विज्ञापन प्रकाशित करने के निर्देश मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों के दिए गए। इसके अलावा जीवन दीप समिति के आय को अधिक बढ़ाने के बारे में सुझाव दिए गए तथा समिति के आय-व्यय विवरण पर चर्चा की गई। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.एस. सेंगर, जिला कार्यक्रम प्रबंधक श्री अशरफ अंसारी, लेप्रोसी कार्यक्रम के जिला नोडल अधिकारी, कार्यक्रमों के नोडल अधिकारी, बीएमओ, ब्लॉक कार्यक्रम अधिकारी, खण्ड विस्तार प्रशिक्षण अधिकारी, सेक्टर सुपरवाइजर, सेक्टर प्रभारी आदि उपस्थित थे।

गंभीर सवाल- एसईसीएल दे रहा करोड़ो तो फिर स्कूल समस्याग्रस्त क्यों?

# मनमानी पर उतारू प्राचार्य को हटाने खोला मोर्चा पालकों ने

**कोरबा।** साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड गेवरा क्षेत्र में संचालित हो रहे डीएवी पब्लिक स्कूल की प्राचार्य को हटाने के लिए जनप्रतिनिधियों और अभिभावकों ने मोर्चा खोल दिया है। स्कूल के पास ही उन्होंने धरना देकर प्रदर्शन किया। आरोप है कि प्राचार्य हर किसी से दुर्व्यवहार करने के साथ मनमानी पर उतारू है। विद्यालय तब समस्या से घिरा हुआ है जब कंपनी के द्वारा सुविधा के लिए करोड़ों की राशि दी जा रही है।

ऊर्जा नगर गेवरा क्षेत्र से पार्षद अनूप यादव और अभिभावकों के द्वारा प्रदर्शन शुरू किया गया है। एडमिशन के मामले में किसी प्रकार की बात नहीं करने और अपने अलग तेवर दिखाने को लेकर प्राचार्य के लोगों के निशाने पर हैं। कहां जा रहा है कि मनमानी की दुकान चलाने के लिए प्राचार्य ने खुद ही एक समिति बना ली। उसमें अपने चहैते अभिभावकों को शामिल कर लिया ताकि दूसरे लोग ना तो जानकारी प्राप्त कर सकें और ना विरोध कर सकें। काफी समय से इस प्रकार की गतिविधियां इस विद्यालय में चल रही थी जो अब अपनी सीमाएं पार कर चुके हैं। प्रदर्शन में बैठे अभिभावकों का आरोप है कि पिछले 10 दिन से प्राचार्य ने विद्यालय से दूरी बना रखी और जब विद्यालय पहुंची तो एडमिशन के मुद्दे पर बात करना भी जरूरी नहीं समझा। इस बारे में परसों और कुछ लोगों ने उनसे संपर्क करने की कोशिश की तो उनका जवाब था- गेट आउट। जिम्मेदार पद पर होने के बावजूद प्राचार्य के द्वारा इस तरह का बरताव करना लोगों को नाग्वार गुजरा। जानकारी के अनुसार लोगों ने इस बारे में पुलिस के पास भी शिकायत कर दी है। कई प्रकार के आरोप लगाने के साथ अभिभावकों का धरना प्रदर्शन विद्यालय के नजदीकी चल रहा है । साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड प्रबंधन के उच्च अधिकारियों से मांग की गई है कि किसी भी तरह गेवरा से इस प्राचार्य को हटाने के लिए कार्रवाई की जाए वरना विद्यालय को चलने नहीं दिया जाएगा। मीडिया से बातचीत करते हुए प्रदर्शन कर रहे हैं लोगों ने बताया कि प्राचार्य को हटाने तक यह प्रदर्शन जारी रहेगा। उन्होंने ऐलान किया कि आज केवल नारेबाजी की गई है अगर उचित कार्रवाई नहीं होती है तो कल विद्यालय की प्रवेश द्वार पर ताला बंद कर दिया जाएगा।




## कमरे टपक रहे विद्यार्थी परेशान

अभिभावकों की नाराजगी इस बात को लेकर भी है कि साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के द्वारा भवन दिए जाने और संचालन और संधारण के लिए भारी भरकम रकम देने की बावजूद डीएवी स्कूल गेवरा में कक्षाओं का बुरा हाल है। लगभग सभी कमरे टपक रहे हैं। इसके बीच कक्षाओं का संचालन हो रहा है। कमरों में लगे हुए पंखे हवा नहीं दे रहे हैं जिससे और परेशानी है। सवाल किया जा रहा है कि एसईसीएल की ओर से दी जाने वाली राशि आखिर कहां जा रही है। पार्षद का यह भी कहना है कि इस प्राचार्य का पिछला कार्यकाल कई प्रकार के विवादों से घिरा रहा है इसलिए भी इस पर मेहरबानी करने की जरूरत नहीं होना चाहिए।

# ट्रांसफार्मर खराब, हुंकरा के लोग पांच दिन से लोग अंधेरे

**कोरबा।** बरसात के मौसम में एक तो लोग वैसे ही परेशान हैं और ऊपर से बिजली संसाधन भी मौके पर धोखा दे रहे हैं। छत्तीसगढ़ बिजली वितरण कंपनी के कटघोरा संभाग के अंतर्गत आने वाले हुकरा गांव में आज पांचवे दिन भी बिजली गुल है। जुलाई की शुरुआत से गांव में यही समस्या है और लोग अंधेरे में है। दो-तीन और स्थान पर ट्रांसफार्मर के सही नहीं होने के कारण मुसीबत बनी हुई है।

कटघोरा कोरबा मार्ग पर स्थित हुंकरा गांव को पंचायत का दर्जा मिला हुआ है जहां पर 1000 से अधिक की आबादी निवासरत है। क्षेत्र में अच्छी संख्या में वितरण कंपनी के द्वारा विद्युत उपभोक्ताओं को कनेक्शन दिए गए हैं। गर्मी के मौसम में यहां से कंपनी ने अच्छा कलेक्शन किया जबकि बारिश आने के साथ गांव अंधेरे की खोह में चला गया है। पता चला है कि जून के अंतिम दिनों में यहां पर लगा हुआ ट्रांसफार्मर एकाएक डीएक्टिव हो गया। ट्रांसफार्मर में उपयोग में लाया जाने वाला आयल और दूसरे उपकरणों के काम नहीं करने से यहां पर आपूर्ति बाधित हो गई। जानकारी मिली है कि तब से अब तक गांव में अंधेरा कायम है। लोगों का दावा है कि कम से कम 10 दिन हो चुके हैं जबकि उनके यहां लाइट नहीं है। जबकि बिजली वितरण कंपनी के कटघोरा स्थित सहायक अभियंता रणजीत सिंह नहीं बताया कि उनके पास 1 जुलाई को इस तरह की खबर आई थी कि ट्रांसफार्मर के काम नहीं करने से आपूर्ति बाधित है। ठेकेदार को मौके पर आवश्यक काम करने के लिए कह दिया गया था।

चूंकि हुंकरा में नवीन डीपी तैयार कराई जानी है और उसके बाद ही ट्रांसफार्मर को इंस्टॉल किया जाना संभव होगा इसके लिए काम किया जा रहा है। संभावना है कि आज शाम तक यह कार्य पूरा कर लिया जाएगा और इसके साथ गांव में बिजली की आपूर्ति सामान्य हो सकेगी।


ज्ञान भारती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय
(हिन्दी माध्यम नर्सरी से 12वीं सभी संकाय छत्तीसगढ़ बोर्ड))
लिंक रोड, जांजगीर
21 जून से 20 जुलाई तक नवीन प्रवेश पर 1000/- की रियायत
21 जुलाई से 31 जुलाई तक नवीन प्रवेश पर 500/- की रियायत
नोट : 21 जुलाई तक शुल्क जमा करने पर 10% की अतिरिक्त छूट
सुविधाएं
- पूर्ण अनुशासित, नैतिक,चरित्रवान, संघर्षशील व्यक्तित्व निर्माण हेतु तत्पर।
- आरामदायक वैन एवं बस द्वारा नियमित एवं जवाबदार वाहन व्यवस्था।
- कम्प्यूटर कक्ष, विज्ञान प्रयोगशाला, संगीत, कला एवं नृत्य का विशेष प्रशिक्षण
- विद्यालय परिसर एवं कक्षाओं की सी.सी.टी.वी. कैमरे के द्वारा विशेष निगरानी।
- हिन्दी माध्यम से विद्यार्थियों के लिए स्पोकन इंग्लिश की कक्षाएं।
- आवश्यकतानुसार विद्यालय में अतिरिक्त कक्षाएं व कोचिंग का प्रबंध।
- कम शुल्क में सर्वोत्तम शिक्षा एवं संस्कार
- प्राचार्य के संरक्षण में भोजन युक्त छात्रावास की सुविधा।
- छात्र एवं छात्राओं के लिए अलग-अलग परिसर में छात्रावास सुविधा।





संपर्क :-
ज्ञान भारती विद्यालय परिसर
लिंक रोड, जांजगीर,मो. : 98265-52609, 98279-96782, 62632-53260



लायंस इंग्लिश हायर सेकेण्ड्री स्कूल चांपा
जिला- जांजगीर-चांपा (छ.ग.)
(जांजगीर-चांपा जिले का प्रथम अंग्रेजी माध्यम स्कूल)
लायंस क्लब चांपा द्वारा संचालित लायंस इंग्लिश हायर सेकेण्ड्री स्कूल जांजगीर-चांपा जिले का प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान है। न्यूनतम शुल्क में उच्चतम शिक्षा के साथ-साथ बच्चों में बहुंमुखी प्रतिभा का विकास इसका मूल उद्देश्य है। लायंस क्लब शिक्षण समिति के चेयरमेन लायन गिरधारी लाल अग्रवाल, अध्यक्ष लायन रामप्रपन्न देवांगन, वाईस चेयरमेन लायन डॉ. के.पी. राठौर, सचिव लायन डॉ. वाय.के.शर्मा एवं सदस्य लायन डॉ. व्ही.के.अग्रवाल, लायन संतोष कुमार सोनी, लायन बजरंग अग्रवाल, लायन जी.पी.दुबे, लायन सी.ए.सुरेश अग्रवाल, लायन नंदकुमार देवांगन के कुशल नेतृत्व में स्कूल सतत् रूप से विकसशील है। प्राचार्य श्रीमती अजिता वी.के. के अलावा संस्था में कार्यरत लगभग 80 शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं 30 अन्य स्टॉफ के माध्यम से बच्चों को उत्कृष्ठ शिक्षा प्रदान करने हेतु कटिबद्ध है।
विशेषताएं
- सभी बच्चों के लिए स्मार्ट क्लास की सुविधा।
- बच्चों के लिए भव्य गार्डन की सुविधा।
- कक्षा नर्सरी, के.जी. वन एवं के.जी.टू के बच्चों के लिए सुसज्जित क्लास रूम।
- प्राथमिक से हायर सेकेण्ड्री तक कम्प्यूटर शिक्षा की अतिरिक्त सुविधा।
- भव्य आडिटोरियम के साथ कम्प्यूटर लेब, फिजिक्स लेब, केमेस्ट्री लेब, बायो लेब, मैथ्स लेब।
- खेलकूद में स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा जिला, राज्य तथा राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व।
- स्कूल में सी.सी.टी.वी. कैमरा के माध्यम से सतत निगरानी।
नर्सरी से बारहवीं तक की कक्षाओं में प्रवेश हेतु संपर्क करें
मो. : 781979804, 9425533099
Website : www.lionsschoolchampa.com,
E-mail:lionsschoolchampa@gmail.com






CBSE Aff. No. 3330117
हरियम गद्‌दानी मेमोरियल
जय भारत इंग्लिश मिडियम स्कूल जांजगीर
जिला : जांजगीर-चांपा (छ.ग.)
जिले के एकलौते स्कूल जय भारत अंग्रेजी माध्यम विद्यालय से JEE ADVANCED में हुआ सलेक्शन
JEE MAINS में भी बच्चों का रहा दबदबा।






2024-2025 ADMISSION OPEN
प्रवेश प्रारंभ 2024-25






Akaltara Road, Janjgir (C.G.) Mob. : 9425230344,8878234556, E: Mail: hgmjbems@gmail.com



सीमित स्थान... प्रवेश प्रारंभ सीमित स्थान...
केशरी कॉलेज ऑफ फार्मेसी
खोखरा, जांजगीर (छ.ग.)
College Code : 52003
त्रिवेणी कॉलेज ऑफ फार्मेसी
तिलई, जांजगीर (छ.ग.)
College Code : 53002, 53003
डी-फार्मा
बी-फार्मा





छात्रवृत्ति एवं छात्रावास सुविधा उपलब्ध
- प्रवेश हेतु योग्यता : कक्षा-12वीं उत्तीर्ण (विज्ञान/गणित विषय के साथ)
- फार्मेसी/चिकित्सा के क्षेत्र में शासकीय अथवा अशासकीय नौकरी प्राप्त करने का सुनहरा अवसर
- 2 वर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रम में प्रवेश लेकर स्वयं का मेडिकल स्टोर खोलें
- अपनी मूल अंकसूचियों के साथ हमारे सिटी ऑफिस-ज्ञानोदय स्कूल अकलतरा रोड, जांजगीर में उपस्थित होकर प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण कर लिजिए।
बी.एड.प्रवेश
जिला- जांजगीर-चाम्पा (छ.ग.) के प्रमुख शिक्षा महाविद्यालय
NCTE, SCERT से मान्यता एवं SNPV विश्व विद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त
ज्ञानोदय कॉलेज ऑफ एजुकेशन
जांजगीर (छ.ग.) कॉलेज कोड - 115308
केशरी शिक्षण समिति
खोखरा, जांजगीर (छ.ग.) कॉलेज कोड- 115310
संचालक - डॉ. सुरेश यादव Mo. 9425230437, 6265507765, 9329310437





CBSE AFFILIANTION NO. -3330483
"REAL EDUCATION LEADS TO STRONG FOUNDATION"
ONE TIME ADMISSION FEE
ADMISSION OPEN
LOTUS PUBLIC SCHOOL
Akaltara Road, JANJGIR (C.G.)
SESSION 2024-25
FOR CLASSES NURSERY TO 12TH
(MATHS, BIO, COMMERCE)
CONTACT US
94076-94194
70007-87486
94790-33336
GIVE YOUR CHILD BEST LEARING EXPERIENCE
"EDUCATION IS THE MOST POWERFUL WEAPON WITCH YOU CAN USE TO CHANGE THE WORLD"
- REGULAR SPOKEN ENGLISH CLASSES
- LIFE EXPERINECE BASED LEARNING
- SMART CLASS ROMM
- EMPHASIS ON VALUE EDUCATION
Visiting Hour 09am to 4 pm
Address- In Front of Govt. Gattani Girls H.S.School Gali Akaltara Road, Janjgir
- Kids Play Zone
- Affordable Fee
- Eco Friendly Own Infrastructure
- Own Transportation Facility
- Explore Learning With Workshops
- CCTV Surveillance Campus
- Focus on basic skills (Reading/Writing/Speaking/Listening)
Email-lpsjanjgir@gmail.com, Website-http://lpsjanjgir.in



स्थापना वर्ष 2009
YASH ITI
Lachhanpur champa
Now in your city
N.C.V.T. and D.G.E.T. (दिल्ली) एवं छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त कोर्स
ENGINEERING COURSE
- Electrician : (10th Passed) - 2Year Diploma Course
- Fitter : - 2Year Course
- DISEL Mechanic : - 1Year Diploma Course
- Physiotherapy Technician (DPT) : 1Year Diploma Course
- Welder : (8th Passed) - 1Year Diploma Course
NON-ENGINEERING COURSE
- COPA : (10th Passed) 1Year Diploma Course
- Health senatory Inspector : (10th Passed) 1Year Diploma Course
- Shape your carrior opting the course
- It's not a dream
अन्य सुविधाएं
- गर्ल्स हॉस्टल,
- Wifi Campus
- शासन के नियमानुसार छात्रवृत्ति
अब आपका भविष्य आपके हाथ में और आपके जिले में
संपर्क यश आई.टी.आई.
सांई मंदिर के पास लछनपुर (चांपा) जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.)
मो. : 97533-79677, 88719-11141


स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com